संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, सोमवार, 12 फरवरी 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



मैसूर में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह एक कार्यक्रम में शिरकत करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 18 अंकः 42 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## ऐतिहासिक अन्यायों को सुधारने के लिए विविधता और प्रतिनिधित्व जरूरीः चंद्रचूड़

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई** चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि विविधता और प्रतिनिधित्व न केवल ऐतिहासिक अन्याय को सुधारने के लिए, बल्कि अदालतों की निर्णय लेने की क्षमता को समृद्ध करने के लिए भी महत्वपूर्ण है। अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के समक्ष उभरते प्रतिनिधित्व ने इसके ऐतिहासिक रूप से मोनोकल्चरल और यूरोसेंट्रिक दृष्टिकोण को विशेष रूप से चुनौती दी है। उन्होंने कहा कि इसी तरह अदालतों के भीतर लैंगिक विविधता को एकीकृत करने से दृष्टिकोण का दायरा काफी हद तक व्यापक हो जाएगा, जिससे अधिक व्यापक और न्यायसंगत फैसले हो सकेंगे।

**न्यायाधीश हिलेरी चार्ल्सवर्थ का किया स्वागत**

वह 28 जनवरी 1950 को सुप्रीम कोर्ट की पहली बैठक को चिह्नित करने के लिए आयोजित दूसरी वार्षिक व्याख्यान श्रृंखला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद अंतरराष्ट्रीय न्यायालय की न्यायाधीश हिलेरी चा?र्ल्सवर्थ का स्वागत किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शीर्ष अदालत ने अपने प्रावधानों को लैंगिक समावेशी बनाने में प्रगति की है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने एलजीबीटीक्यूआइए प्लस समुदाय पर न्यायपालिका के लिए एक संवेदीकरण माड्यूल जारी किया, जिसका उद्देश्य न्यायपालिका के सदस्यों को लिंग और यौन विविधता की अवधारणाओं, उचित शब्दावली के उपयोग के बारे में संवेदनशील बनाना है।

**12 महिलाओं को वरिष्ठ वकील की उपाधि से किया सम्मानित**

साथ ही समलैंगिक समुदाय के सदस्यों के साथ बातचीत करते समय अदालतों द्वारा अपनाए जाने वाले प्रोटोकाल पर सिफारिशें करता है। उन्होंने कहा कि इसी तरह, शीर्ष अदालत ने पिछले साल लैंगिक रूढ़िवादिता से निपटने के लिए एक हैंडबुक जारी की थी। यह सुनिश्चित करने के प्रयास में कि न्यायाधीश समावेशी भाषा का उपयोग करें और निर्णय लेने में जानबूझकर रूढ़िवादिता के उपयोग से बचें। 2024 से पहले सुप्रीम कोर्ट के पूरे इतिहास में केवल 12 महिलाओं को वरिष्ठ वकील की उपाधि से सम्मानित किया गया था। हालांकि, हाल ही में एक महत्वपूर्ण बदलाव हुआ है, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने देश भर के विभिन्न क्षेत्रों से आने वाली 11 महिलाओं को इस पद के लिए नामित किया है। वह सुप्रीम कोर्ट परिसर में द इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस ए लीगल फोरम इन ए पालिटिकल एनवायरनमेंट विषय पर दूसरा वार्षिक व्याख्यान दे रही थीं। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय संदर्भ में न्यायिक स्वतंत्रता का उद्देश्य किसी भी गैर-कानूनी विचार को खत्म करना है, जो न्यायाधीश के तर्क को प्रभावित कर सकता है।


### आदर्श विचार



"शिक्षा और ज्ञान उसी को मिलता है जिसमें जिज्ञासा होती है।"

भागवद्

### मन की बात



"खुद को कमजोर समझना सबसे बड़ा पाप हैं।"

स्वामी विवेकानंद

### तीसरी आंख




## 370 सीटें ला रही भाजपाः पीएम

### आदिवासी समाज के उत्थान और सम्मान के लिए समर्पित रही सरकारः पीएम नरेंद्र मोदी

**दावा**

हमारी सरकार आदिवासी समाज के उत्थान, गौरव और सम्मान के लिए समर्पित रही है

**टीम एक्शन इंडिया/इंदौर**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी ने रविवार को झाबुआ में आयोजित जनजातीय महासभा में 7550 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया एवं टंट्या मामा भील विश्व विद्यालय के स्थापना की घोषणा की। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पीएम मोदी का अभिनंदन कर प्रदेश की जनता की तरफ से विकास की सौगातों के लिए आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि आज जनजातीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आना केवल हम सब के लिए नहीं बल्कि पूरे देश के लिए सौभाग्य है। प्रधानमंत्री को अपने बीच पाकर जनजातीय वर्ग गौरवांवित है। आज डबल इंजन की सरकार में मध्यप्रदेश में तीव्र गति से विकास हो रहा है। मुझे यह बताते हुए खुशी है कि प्रधानमंत्री आज 7500 करोड रुपए से ज्यादा की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास कर प्रदेश को अनेकों सौगातें दे रहे हैं ।

**ये मोदी की गारंटीः** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों के दौरान हमारी सरकार आदिवासी समाज के उत्थान, गौरव और सम्मान के लिए समर्पित रही है। हमारे लिए जनजातीय समाज वोट बैंक नहीं, देश का गौरव है। आपका सम्मान भी, और आपका विकास भी, ये मोदी की गारंटी है।



### 'पीएम की दूरदर्शी विजन से हो रहा कौशल विकास के कार्य'

**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के नेतृत्व प्रदेश व देश में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। पूरी दुनिया में प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता बढ़ रही है। उनके दूरदर्शी विजन से स्टार्टअप्स के तहत कौशल विकास के कार्य हो रहे हैं। युवा उद्यमी आगे बढ़ रहे हैं। बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिल रहा है। देश विश्व गुरु की ओर आगे बढ़ रहा है। यह बात भाजपा के गांव चलो अभियान के तहत सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने देवास लोकसभा क्षेत्र की विधानसभा सोनकच्छ के बूथ क्रमांक-163 में दो दिन के प्रवास के लिए पहुंचे।

### विभिन्न परियोजनाओं से होने वाले लाभ

- रतलाम, मेघनगर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास से यात्रियों को सुगम एवं आधुनिक सुविधाएं प्राप्त होंगी
- पेयजल व सिंचाई परियोजनाओं से नागरिकों को शुद्ध पेयजल मिलेगा एवं कृषि उत्पादन में भी वृद्धि होगी
- सीएम राइज विद्यालय से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण एवं विश्वस्तरीय शिक्षा मिलेगी
- लीगेसी डम्प साइट प्रोजेक्ट, अपशिष्ट का प्रबंधन एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण होगा
- 13 विद्युत उपकेंद्रों के माध्यम से बिजली की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित होगी
- विभिन्न सड़कों के विकास एवं विस्तार से सुगम यातायात एवं आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा
- अतिरिक्त रेलवे लाइनों से आवागमन की बेहतर सुविधा एवं व्यापार को प्रोत्साहन मिलेगा

## रस्साकसीः बिहार में फ्लोर टेस्ट आज

### बिहार में फ्लोर टेस्ट को लेकर रस्साकसी का दौर जारी

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**

**बिहार की राजनीति** में फ्लोर टेस्ट को लेकर रस्साकसी का दौर जारी है। सभी पार्टियां अपने विधायकों को हार्स ट्रेडिंग से बचाने की जुगत में लगी हुई हैं। राजद ने अपने विधायकों को जहां तेजस्वी यादव के सरकारी आवास पर रखा है, वहीं भाजपा के सभी विधायक अबतक बोधगया में रुके हुए थे। 12 फरवरी यानी कल बिहार विधान सभा में फ्लोर टेस्ट होने वाला है। अब जबकि फ्लोर टेस्ट के लिए 24 घंटे से भी कम का समय बचा हुआ है, भाजपा के सभी विधायक गया के महाबोधि रिसॉर्ट से पटना के लिए रवाना हो गए हैं। भाजपा के विधायक राज्य के उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा के नेतृत्व में गया से रवाना हुए हैं।



**हॉर्स ट्रेडिंग के डर से भेज दिया था बोधगयाः** भाजपा को भी अपने विधायकों की हॉर्स ट्रेडिंग का डर सता रहा था।

पार्टी ने अपने सभी विधायकों और विधान पार्षदों को गया के महाबोधी होटल में किला बंद किया गया था।

### मानसून में अच्छी बारिश की उम्मीद'

**नई दिल्लीः मौसम** विज्ञानियों ने रविवार को भविष्यवाणी की है कि 2023 में गर्माहट देने के बाद इस साल जून तक अल-नीनों की स्थिति कमजोर हो जाएगी। जिससे इस मौसम में भरपूर मानसूनी बारिश की उम्मीद बढ़ गई है।

पिछले हफ्ते दो जलवायु एजेंसियों ने कहा था कि प्रशांत महासागर के गर्म होने से अल नीनो कमजोर होना शुरू हो गया है।

## 'पीएम ने देश की सांस्कृतिक विरासत को सम्मान दिलाया'

**टीम एक्शन इंडिया/मैसूर**

**केंद्रीय गृह मंत्री** अमित शाह ने रविवार को कर्नाटक में सुत्तूरु कर्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भारत की सांस्कृतिक विरासत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सम्मान दिलाया है। इसी के साथ उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर और अन्य तीर्थस्थलों का भी उदाहरण दिया।

**अमित शाह ने की पीएम मोदी की सराहनाः** गृह मंत्री अमित शाह ने देश को सुरक्षित और समृद्ध बनाने के साथ-साथ योग, आयुर्वेद और भारतीय भाषाओं के संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना की। उन्होंने कहा, 'पीएम मोदी ने देश की सांस्कृतिक विरासत को विश्व मंच पर सम्मान दिलाया है। उन्होंने हमारे सांस्कृतिक केंद्रों जैसे कि अयोध्या में राम मंदिर, काशी में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, उज्जैन में महाकाल लोक कॉरिडोर और केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम के पुनरुत्थान के लिए काम किया है।'



अमित शाह ने अयोध्या में सुत्तुरु मठ की एक शाखा खोलने का निर्णय लेने के लिए श्री शिवरात्रि देशीकेंद्र महास्वामी की सराहना की। 12वीं सदी के समाज सुधारक बसवेश्वर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शाह ने समाज के कल्याण के लिए सुत्तुरु मठ और उनके संतों के योगदान को भी सराहा। उन्होंने कहा, 'मैं महास्वामी जी को बताना चाहता हूं कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता समाज के कल्याण के लिए सुत्तुरु मठ के योगदान का हमेशा सम्मान करेगा और इसे लोगों के बीच ले जाने के प्रयासों का भी समर्थन करेगा।'

## लोकतांत्रिक मूल्यों में करते हैं विश्वासः सीएम मनोहर लाल खट्टर

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा के** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि वर्तमान सरकार जातिगत राजनीति से उपर उठकर गरीबों, युवाओं, महिलाओं और किसानों की भलाई के लिए कार्य कर रही है। उन्होने कहा कि इनके कल्याण से ही देश एक विकसित राष्ट्र बनेगा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल सेक्टर 15, पंचकूला स्थित जैन भवन में प्रबुद्ध नागरिकों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर हरियाणा के विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता भी



उपस्थित थे। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने कल्याणी माता मंदिर सेक्टर 15, पंचकूला में माथा टेक आशीर्वाद लिया और मंदिर के मुख्य द्वार की साफ सफाई कर धार्मिक स्थलों को स्वच्छ रखने का संदेश दिया। मनोहर लाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश की ही नहीं बल्कि विश्व की सबसे बडी लोकतांत्रिक पार्टी है। देश में अनेक राजनीतिक पार्टियां है परंतु यदि लोकतांत्रिक तरीके से चलने वाली कोई पार्टी है तो वह भारतीय जनता पार्टी हैं। उन्होंने कहा कि हम लोकतांत्रिक मूल्यों में अटूट विश्वास रखने वाले हैं, प्रदेश सरकार हर नागरिक के जनहित में कार्य कर रही है।

मनोहर लाल ने कहा कि वर्तमान हरियाणा सरकार प्रयोगधर्मी सरकार है और लोगों की भलाई और उनके जीवन को सुगम बनाने के लिए अनेक नए प्रयोग किए गए है।

### 'राम मंदिर के निर्माण से देश में उत्साह'

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण से पूरे देश में उत्साह का माहौल है। महात्मा गांधी ने कहा था कि देश में रामराज होना चाहिए। आज देश का बच्चा-बच्चा कह रहा है कि भारत में रामराज की नींव रखी जा चुकी है।

**एक साथ पांच विभूतियों को भारत रत्न दिया जाना एक सराहनीय कदमः** इससे पूर्व पत्रकारों द्वारा देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने के संबंध में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में मनोहर लाल ने कहा कि लाल कृष्ण आडवाणी भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता है।

## 'जनजातीय जीवनशैली जलवायु परिवर्तन का समाधान'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**राष्ट्रपति द्रौपदी** मुर्मु ने कहा कि जनजातीय समुदाय की जीवनशैली वैश्विक समस्या जलवायु परिवर्तन का समाधान प्रदान करती है। उन्होंने उनके पारंपरिक ज्ञान के संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास करने की अपील की है।

**सामंजस्य के साथ रहना सीखने की आवश्यकता पर दियो जोरः** राष्ट्रपति ने जनजातीय समुदायों से प्रकृति के साथ सामंजस्य के साथ रहना सीखने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने यह बात ऐसे समय में कही है जब



आधुनिकीकरण की दौड़ ने पृथ्वी और उसके प्राकृतिक संसाधनों को काफी नुकसान पहुंचाया गया है।

**राष्ट्रपति ने किया आदि महोत्सव का उद्घाटनः** राष्ट्रपति ने यहां मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में आदि महोत्सव का उद्घाटन करने के बाद कहा कि जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने के लिए जनजातीय समुदाय की जीवनशैली को अपनाना और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। आज जब पूरा विश्व ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने का प्रयास कर रहा है। ऐसे में जनजातीय समुदाय की जीवनशैली और भी अनुकरणीय हो जाती है।

**प्रौद्योगिकी निभा सकती है महत्वपूर्ण भूमिकाः** राष्ट्रपति ने पारंपरिक ज्ञान के धीरे-धीरे विलुप्त होने पर चिंता व्यक्त की और इसके संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास किए जाने की जरूरत पर जोर दिया।

## 'श्वेत पत्र ने खोली कांग्रेस की पोल, उनके लिए परिवार महत्वपूर्ण'

**टीम एक्शन इंडिया/धर्मशाला**

**संसद के बजट** सत्र में केंद्र सरकार ने अपनी आर्थिक नीतियों, राजस्व और राजकोष की स्थिति स्पष्ट करने के लिए 'श्वेत पत्र' पेश किया। 69 पेज के इस श्वेत पत्र में केंद्र सरकार, राज्य सरकारों, अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं और महत्त्वपूर्ण रेटिंग एजेंसियों के आंकड़ों के सहारे यह साबित करने की कोशिश की गई है कि यूपीए के शासनकाल में देश की अर्थव्यवस्था बहुत खराब स्थिति में थी, 15 बड़े घोटालों से देश की अर्थव्यवस्था बेहद खराब स्थिति में पहुंच गई थी, जबकि मोदी सरकार के पिछले दस साल के शासनकाल में इसमें बहुत सुधार हुआ है।



## रामलला की आंखें सोने-चांदी के हथौड़े-छेनी से तराशी गईं

**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**

**अयोध्या के** राम मंदिर में स्थापित की गई रामलला की मूर्ति बनाने वाले कर्नाटक के मूर्तिकार अरुण योगीराज ने उस हथौड़े और छेनी की तस्वीर सार्वजनिक की, जिससे उन्होंने रामलला की आंखें तराशी थीं। योगीराज ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इसकी जानकारी शेयर की। योगीराज ने लिखा- 'इस चांदी के हथौड़े और सोने की छेनी से मैंने रामलला की दिव्य आंखें बनाईं। सोचा इसे सबके साथ साझा करूं।' अयोध्या में 22 जनवरी को अरुण की बनाई रामलला की



प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी। इससे 3 दिन पहले 20 जनवरी को रामलला की पहली तस्वीर सामने आई थी। हालांकि, तब कपड़े से उनकी आंखें ढंकी थीं। प्राण प्रतिष्ठा के दौरान रामलला की आंखें पहली बार दिखी थीं। इसे बाद लोगों ने अरुण योगीराज की खूब तारीफ की। अरुण योगीराज की पत्नी विजेता ने बताया था कि जब योगीराज को रामलला की प्रतिमा बनाने का काम मिला तो उन्होंने बच्चों की 2000 से ज्यादा फोटो देखीं।

**सार्वजनिक**

रामलला की मूर्ति बनाने वाले मूर्तिकार ने हथौड़े और छेनी की तस्वीर सार्वजनिक की

**हथकरघा** किसान को सामर्थ्यवान व स्वावलम्बी बनाने के लिए कृषि को उद्योग के रूप में प्रोत्साहित कर रही प्रदेश सरकारः ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू

## आगामी बजट में किसान की आय बढ़ाने के लिए आएंगी नई योनजाएंः मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिमला के होटल पीटरहॉफ में प्रदेश के दुग्ध उत्पादकों के साथ संवाद किया। उन्होंने कहा कि सरकार कृषि को उद्योग के रूप में प्रोत्साहित कर रही है ताकि किसानों को सामर्थ्यवान एवं स्वावलम्बी बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि हमारा प्रदेश ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर निर्भर है, जिसमें कृषि व दुग्ध उत्पादन की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रदेश सरकार आगामी बजट में किसानों की आय बढ़ाने के लिए नई योजनाएं ला रही है



ताकि पशुपालन और कृषि के बारे में समाज की सोच में सकारात्मक बदलाव आ सके। आगामी दो वर्षों में राज्य सरकार के इन प्रयासों के सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक खेती में किसानों का भविष्य है, जिसमें पशुपालन की भूमिका अहम है क्योंकि कृषि व दूध उत्पादन का सीधा आपसी संबंध है। उन्होंने कहा कि किसानों के हाथ में पैसा पहुंचे इसके लिए नीतियों व नियमों में मूलभूत परिवर्तन किए जा रहे हैं। वर्तमान राज्य सरकार जन सहयोग से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ रही है और कृषि में क्रांतिकारी परिवर्तन के दृष्टिगत पशुपालन को विशेष रूप से बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दूध खरीद के मूल्य में छह रुपए की बढ़ौतरी राज्य सरकार की ओर से पशुपालकों को निश्चित आय का आश्वासन है और इससे वे दुग्ध उत्पादन के लिए प्रोत्साहित होंगे। उन्होंने कहा कि सरकार दूध उत्पादकों को कर में रियायत देने पर भी विचार करेगी। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि हिमाचल में दूध की गुणवत्ता बेहतर है तथा इसमें और सुधार करते हुए बेहतर विपणन व्यवस्था से जोडकर किसानों की आय में आशातीत बढ़ोतरी की जा सकती है। इसी दृष्टिकोण के साथ सरकार अब कृषि को रोजगार के रुप में अपनाने के लिए प्रोत्साहन प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि आज तक इस बारे में गम्भीरता से विचार नहीं किया। उन्होंने कहाए ष्मैं आपको स्वावलंबी बनाना चाहता हूं, ताकि किसान घर में बैठकर अपनी आय के साधन बढ़ा सके। किसानों को शोषण से बचाने और उन्हें उनकी मेहनत का उचित मूल्य दिलाने के लिए राज्य सरकार प्रभावी कदम उठा रही है।

**सकारात्मक**

किसानों के हाथ में पैसा पहुंचे इसके लिए नीतियों व नियमों में मूलभूत परिवर्तन किए जा रहे: सीएम

## हल्द्वानीः बवाल का मास्टरमाइंड मलिक दिल्ली से गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/हल्द्वानी**

**उत्तराखंड में** हल्द्वानी के बनभूलपुरा में मलिक के बगीचे में अतिक्रमण हटाने के दौरान हुए बवाल के मास्टरमाइंड बताए जा रहे अब्दुल मलिक को गिरफ्तार कर लिया गया है। सूत्रों के अनुसार, दिल्ली और उत्तराखंड पुलिस की संयुक्त टीम ने मलिक को दिल्ली में गिरफ्तार किया है। हालांकि अभी पुलिस अधिकारी इस मामले में कुछ भी कहने से बच रहे हैं। वहीं, पुलिस अभी तक धरपकड़ करते हुए 60 से ज्यादा लोगों को हिरासत में ले चुकी है। सर्च ऑपरेशन चलाकर दो निर्वतमान पार्षद समेत पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, बताया जा रहा है कि अब्दुल मलिक को भी पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है।

**हल्द्वानी में बंद इंटरनेट सेवा बहालः** हल्द्वानी में हिंसा की घटना के बाद से बंद इंटरनेट सुविधा रविवार को बहाल कर दी गई है। उत्तराखंड पुलिस ने अपने एक्स पेज पर पोस्ट करते हुए लिखा 'यदि कोई भी व्यक्ति सांप्रदायिक सौहार्द एवं कानून व्यवस्था को प्रभावित करने संबंधी भड़काऊ पोस्ट, फोटो, वीडियो या कमेंट सोशल मीडिया में प्रसारित करेगा उसके विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।'

# रबूपुरा कस्बे के एक मकान में गैस सिलेंडर से लगी आग




**टीम एक्शन इंडिया/ग्रेटर नोएडा।** रबूपुरा कस्बे के मोहल्ला शहीद नगर में शनिवार शाम एक घर में गैस सिलेंडर में रिसाव की वजह से आग लग गई। पूरा घर आग की लपटों से घिर गया। आग में घिरे पूरे परिवार को ग्रामीणों ने बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला। हादसे में दो बच्चे एक महिला व एक पुरुष आग से बुरी तरह झुलस गए। उन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामला शनिवार देर रात का है। रविवार को तहसील प्रशासन की टीम नुकसान का आकलन करने के लिए घटनास्थल पर पहुंची। शनिवार की

**झुलसे**

**8** **पूरा घर आग की लपटों से घिर गया। आग में घिरे पूरे परिवार को ग्रामीणों ने बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला**

शाम करीब 9 बजे मूलचंद शर्मा के घर में जैसे ही खाना बनाने के लिए जैसे ही रसोई गैस चूल्हा चालू किया गया, इसी दौरान रेगुलेटर में गैस रिसाव होने के चलते सिलेंडर में आग लग गई। और पास खड़ी बाइक ने आग पकड़ ली। बाइक की टंकी फटने से सारा पेट्रोल घर में फैल गया और आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।

**अंदर ही फंस गए परिवार के सदस्य:** घर में लगी आग को देखकर सैकड़ो की संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। पानी डालने से आग और विकराल होती जा रही थी। इसी दौरान चौहान पब्लिक स्कूल से आग बुझाने के सिलेंडर लाकर आग पर काबू पाया। परिवार के सदस्य अंदर ही फंस गए। ऊपरी मंजिल में फंसे धीरज शर्मा उनकी पत्नी आशा पुत्री रिया व पुत्र विराट आग की लपटो में घिरकर झुलस गए। जिन्हें ग्रामीणों ने अपनी जान पर खेल कर बाहर निकाला। सभी को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आग की चपेट में आकर घर में रखे बेड, सोफा, फ्रिज, वाशिंग मशीन सहित करीब 5 लाख रुपए का सामान जलकर राख हो गया।

गानीमत रही की रसोई गैस सिलेंडर नहीं फटा अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। कोतवाली प्रभारी राघवेंद्र सिंह ने बताया कि रसोई गैस सिलेंडर से घर में आग लगने की सूचना मिली थी आग पर काबू पाकर घर के सदस्यों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## खाना बनाते समय सिलेंडर फटने से चार लोग झुलसे, दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती

**टीम एक्शन इंडिया/नोएडा**
सेक्टर 121 स्थित गढ़ी चौखंडी के एक घर में खाना बनाते समय सिलेंडर फटने से चार लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फेज 3 कोतवाली पुलिस केस मुताबिक गोरंग सरकार गढ़ी चौखंडी में परिवार सहित किराए के मकान में रहते है। रविवार सुबह खाना बनाते समय सिलेंडर आग लगने के बाद फट गया। घटना की सूचना मिलने पर तत्काल फायर ब्रिगेड और कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन फायर ब्रिगेड के आने से पूर्व ही स्थानीय लोगों द्वारा आग को बुझाया जा चुका था। घटना में बंगाल के गौरंग सरकार (39), उनकी पत्नी, एक बेटी और पड़ोसी प्रदीप विश्वास झुलस गए। जिन्हें तत्काल जिला अस्पताल भर्ती कराया गया है। जहां से



गौरंग सरकार व उसकी पत्नी को बेहतर इलाज के लिए दिल्ली सफदरजंग में भर्ती कराया गया है। पुलिस बल मौके पर मौजूद रहे।

## भाजपाइयों का मोदीनगर थाने पर हंगामा



**टीम एक्शन इंडिया/गाजियाबाद।** भाजपा नेता व पूर्व चेयरमैन के बेटे मयंक शर्मा पर हुए मुकदमे से नाराज भाजपाइयों ने रविवार को मोदीनगर थाने पर हंगामा किया। कोतवाल का घेराव करते हुए पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। साथ ही कहा कि पुलिस ने दूसरे पक्ष से सांठगांठ कर मुकदमा दर्ज किया है। जबकि, मयंक घटना वाले दिन मौके पर नहीं था। पुलिस ने निष्पक्ष जांच कराने का आश्वासन देकर उन्हें शांत किया। दो दिन पहले ही हरियाणा डिस्ट्रली लिमिटेड की तरफ से मयंक के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। आरोप है कि मयंक ने उनकी जमीन पर कब्जा किया है। वहां लगा बोर्ड व दीवार भी तोड़ दी गई। विरोध पर कर्मचारियों के साथ मारपीट की गई। मामले में पुलिस कमिश्नर के आदेश पर संबंधित धाराओं में मोदीनगर पुलिस ने केस दर्ज किया है।

## 50 हजार रुपये छीने थे, इसलिए कर दी हिस्ट्रीशीटर की हत्या

**टीम एक्शन इंडिया/गाजियाबाद :** गाजियाबाद के निवाड़ी थाना क्षेत्र के पैगा गांव के की हिस्ट्रीशीटर विपिन की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान पैगा गांव के ही अमित विनय और अर्जुन के रूप में हुई है। घटना वाले दिन पहले चारों ने बैठकर शराब पी थी। डीसीपी ग्रामीण विवेक यादव ने बताया कि मुख्य आरोपी विनय से विपिन ने शराब पीने के बाद हुए विवाद में उसकी जेब से 50 हजार जबरन निकाल लिए थे। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई थी। इसी बात से नाराज होकर विनय ने अपने दोस्त अमित, अर्जुन के साथ मिलकर विपिन की पहले हत्या की। इसके बाद शव को सिखेड़ा हजारी के जंगल में एक के खेत में फेंक दिया। आरोपियों ने पेट्रोल छिड़क कर शव को आज भी लगा दी थी। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बाइक, एक कंबल मृतक के जूते आदि सामग्री में बरामद की है।

## 'सतत ऊर्जा की ओर बढ़ते कदम बदलेंगे भविष्य की राह'

### मेयर ने किया पहले ईवी चार्जिंग स्टेशन का उद्घाटन



**टीम एक्शन इंडिया/गाजियाबाद :** गुलमोहर ग्रीन सोसायटी में मेयर सुनीता दयाल ने ईवी चार्जिंग स्टेशन का उद्घाटन किया। उनके साथ ही पार्षद सुधीर कुमार भी मौजूद रहे। पांच हजार आबादी वाली इस सोसायटी में निवासियों को अब से इलेक्ट्रॉनिक गाड़ियों को चार्ज करने की सुविधा मिलेगी। मेयर ने इससे सतत ऊर्जा उपयोग को बढ़ावा मिलने की उम्मीद जताई। मेयर सुनीता दयाल ने कहा कि सतत ऊर्जा की ओर बढ़ते कदम भविष्य की राह बदलेंगे। यह आने वाले दिनों में बेहद उपयोगी कदम साबित होगा। उन्होंने निवासियों से मतदान प्रक्रिया में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। एओ सदस्य शालिनी त्रिपाठी ने बताया कि इस दौरान सोसायटी निवासियों ने अपनी कई समस्याओं जैसे स्वच्छ पेयजल, आवारा कुत्तों का आतंक, कूड़ा निस्तारण आदि के बारे में बताया। जिस पर मेयर ने समस्याओं के उचित निस्तारण का आश्वासन दिया। निवासियों ने सोसायटी के अंदर ही सभी के लिए पोलिंग बूथ बनाने की मांग की। फिलहाल यहां एक पोलिंग बूथ है जिससे आधे निवासियों को सोसायटी के अंदर ही मतदान का मौका मिलेगा, जबकि अन्य लोगों को बाहर दूसरे बूथ पर जाना होगा। इस दौरान एओ अध्यक्ष हर्ष भारद्वाज, उपाध्यक्ष कामना रस्तोगी, एओ शालिनी त्रिपाठी, दिलीप त्रिपाठी, अर्पणा राय, स्वाति गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

## देखरेख के अभाव में जर्जर हुए मकान, संपत्तियों के वारिस भी लापता, करोड़ो रुपये है कीमत

**टीम एक्शन इंडिया/नोएडा:** हाईटेक शहर में चमचमाती सड़कें, ऊंची-ऊंची इमारतें हैं, जो नोएडा को यूपी के प्रवेश द्वार का दर्जा दिलाती हैं। वहीं, दूसरी ओर शहर में करीब 30 हजार करोड़ की ऐसी बदहाल संपत्तियां भी हैं जो देखरेख के अभाव में चांद में दाग का बोध कराती नजर आती हैं। खास बात यह है कि ऐसी संपत्तियों के वारिस भी नहीं मिल रहे। इसकी जानकारी न तो आरडब्ल्यूए के पास है और न ही प्राधिकरण को। सेक्टरों की साफ-सफाई के दौरान जरूरत पड़ने पर इनके मालिकों को खोजा जाता है, लेकिन किसी के पास इनके नाम, पते और मोबाइल नंबर नहीं मिलते। ऐसी संपत्तियां या तो आधी-अधूरी बनी हुई हैं या पूरा प्लॉट खाली है। इनका आवंटन कई वर्ष पहले हो चुका है। प्राधिकरण ने ऐसे करीब 35 हजार प्लॉटों के आवंटन किए। इनमें से करीब 10 से 15 प्रतिशत प्लॉट या तो खाली हैं या फिर आधे-अधूरे निर्माण वाले हैं। इनकी कीमत एक करोड़ से 15 करोड़ रुपये के बीच है।

**निवेशकों ने कराया अधूरा निर्माण**
स्थानीय लोगों के अनुसार, ऐसे प्लाटों पर आधे-अधूरे निर्माण करते हुए दो-चार कमरे बनाकर कंप्लीशन ले लिया गया, फिर इसे छोड़ दिया गया। सूत्रों का कहना है कि ऐसी संपत्तियां उन निवेशकों की हो सकती है जो जमीन की कीमत बढ़ने का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि जिस समय इनका आवंटन हुआ होगा, उस समय इनकी कीमत 50 लाख से लेकर एक करोड़ तक होगी, जो अब पांच करोड़ से 10 करोड़ रुपये तक जा चुकी है। पॉश सेक्टरों के यह प्लॉट बैंक के ब्याज से कई गुना ज्यादा रिटर्न दे रही हैं। इसके अलावा कई सेक्टरों में ऐसी खाली कोठियों व आधे-अधूरे निर्माण वाले प्लॉट किराये के नाम पर कई लोगों को दिए गए। इसमें अफसर, नेता, निवेशक और भूमाफिया शामिल हैं।

**असली मालिक को नहीं मिलती बिकने की जानकारी**
कई बार प्राधिकरण में ऐसी भी चर्चा सुनने को मिलती है कि अमुक प्लॉट को किसी दूसरे ने बेच दिया, जबकि असली मालिक को इसकी जानकारी इसलिए नहीं मिल पाई क्योंकि उसका संपर्क सूत्र किसी के पास नहीं होता है। बाद में जानकारी मिलने पर वह प्राधिकरण में आकर लड़ते हैं। कई बार बनी बनाई कोठी में भी भूमाफिया के कब्जा करने की बात सामने आती रहती है, हालांकि जब तक वहां कोई नहीं रहता तब तक हालात काफी खराब होते हैं।

**इनका कहना है**
आरडब्ल्यूए सेक्टर-52 के अध्यक्ष अशोक शर्मा का कहना है कि सेक्टर में कई ऐसे प्लॉट हैं जहां झाड़ियां उगी हुई हैं। शाम को वहां जाने में भी डर लगता है। इनको देखने कोई नहीं आता है। वहीं, आरडब्ल्यूए सेक्टर-122 के अध्यक्ष डॉ. उमेश शर्मा का कहना है कि यहां करीब 100 प्लॉट हैं, जो प्राधिकरण से 10 से 15 वर्ष पहले लिए गए। इनका कंप्लीशन कराकर गेट पर ताला लगा दिया गया। प्राधिकरण भी इनकी जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है। आरडब्ल्यूए सेक्टर-105 के अध्यक्ष दीपक दिव्य कृष्णात्रेय का कहना है कि अधिकांश कंप्लीशन वाले घर हैं। यहां गंदगी पड़ी हुई है। निवासियों की यह भी शिकायत हैं कंप्लीशन वाले घरों में आपराधिक किस्म के लोग रह रहे हैं।




### 12 साल में घर बनाना होगा जरूरी, लेकिन हुआ

**प्राधिकरण** के अधिकारी के मुताबिक, आवासीय प्लॉट लेने के बाद 12 वर्ष में घर बनाना जरूरी होता है और 50 प्रतिशत निर्माण के बाद कंप्लीशन सर्टिफिकेट लिया जा सकता है। इसी नियम को आधार पर बनाकर कंप्लीशन लिए गए और प्लॉट को ऐसे ही छोड़ दिया गया। इसमें ट्रस्ट के नाम पर प्लॉट का आवंटन हुआ। सदस्यों को प्लॉट दिए गए, जो खाली पड़े हुए हैं। इसी तरह से सेक्टर-51, 52, 122, 44, 41, 105, 108, 31, 36, 42, 43 समेत कई सेक्टरों में जमीनें हैं, जिनकी कीमत 10 करोड़ तक है। सेक्टर-145 में किसान कोटे के आवंटन हुए

## यमुना एक्सप्रेस-वे पर स्पीड लिमिट में हुआ बदलाव




**टीम एक्शन इंडिया/ग्रेटर नोएडा।** यमुना एक्सप्रेस-वे पर 15 फरवरी की रात से वाहन चालक सौ किमी की अधिकतम रफ्तार से गुजर सकेंगे। कोहरे का प्रकोप के कारण एक्सप्रेस-वे पर अधिकतम गति सीमा को दो माह के लिए 75 किमी प्रति घंटा कर दिया गया था। यह अवधि 15 फरवरी को समाप्त हो रही है। मौसम साफ होने के कारण अधिकतम गति सीमा में कटौती को आगे जारी न रखने का फैसला किया गया है।

**कोहरे में हादसे होने की आशंका**
यमुना एक्सप्रेस-वे पर वाहनों की अधिकतम रफ्तार सौ किमी प्रति घंटा निर्धारित है, लेकिन सर्दियों के दौरान एक्सप्रेस-वे पर हादसे की आंशका काफी बढ़ जाती है। कोहरे के कारण दृश्यता कम होने की वजह से वाहनों के टकराने की आशंका रहती है। हादसे की रोकथाम के लिए यमुना प्राधिकरण हर साल 15 दिसंबर से 15 फरवरी तक वाहनों की अधिकतम गति सीमा में कटौती करता है। इस दौरान हल्के वाहनों के लिए अधिकतम गति सीमा 75 किमी प्रति घंटा व भारी वाहनों के लिए साठ किमी प्रति घंटा की जाती है।

## सपनों की खेती और संघर्षों से सीख को किताब में पिरोया कैलाश सत्यार्थी ने

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
प्रगति मैदान में चल रहे विश्व पुस्तक मेले में रविवार को नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित कैलाश सत्यार्थी की प्रभात प्रकाशन से प्रकाशित पुस्तक सपनों की रोशनी का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर प्रख्यात गीतकार एवं कवि आलोक श्रीवास्तव ने भी चर्चा में हिस्सा लिया। सपनों की रोशनी नोबेल विजेता द्वारा 50 साल पहले 17 वर्ष की उम्र में लिखी गई डायरी पर आधारित है जिसे अब उन्होंने किताब की शक्ल में पिरोया है। इस किताब के नौ अध्यायों में सफलता के नौ सूत्र हैं। सत्यार्थी ने इस अवसर पर कहा, यह किताब 17 साल से लेकर 70 साल की उम्र तक सपनों की खेती के अनुभवों और सीखों पर आधारित है। इसका मतलब यह हुआ कि यह हर उम्र के पाठकों के काम आ सकती है। यह उनके लिए तो है ही, जो सपने देख सकते हैं, उन लोगों के लिए भी हैं जिन्हें सपना देखने का मौका तक नहीं मिला। उनके लिए भी, जो सपने पूरे हो जाने पर घमंड में चूर होकर खुद का नुकसान कर लेते है, और जो उनके टूट जाने पर निराशा के अंधेरे में डूब जाते हैं। सभी को पीछे छोड़ तेजी से भाग कर सफलता की सबसे ऊंची चोटी पर पहुँचकर बिलकुल अकेले पड़ गए लोग भी शायद इसमें लिखी बातों का फायदा उठा सकते हैं। और वे भी जो मैदान में उतरने से घबराते हैं। उन्होंने कहा, इस किताब में कोई उपदेश नहीं हैं। इसमें मेरी और मेरे आसपास के लोगों की ऐसी ढेरों कहानियां हैं, जिनमें आशा और निराशा, स्पष्टता और असमंजस, सफलता और असफलता, खुशी और दुख, आसानी और मुश्किलें, चिंताएं और मस्ती जैसे सारे अनुभव शामिल हैं।

**एक्शन इंडिया**

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
ए-15, जी टी करनाल रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, दिल्ली- 33
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।

## क्लासीफाइड

### टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

### खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

### बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

### बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

### बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

### बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

### बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

### खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# किसान आंदोलन की सुगबुगाहट: पुलिस अलर्ट

## सिंघु बॉर्डर पर कंटीले तार, सीमेंट के बैरिकेड्स और 3000 जवान, आठ से अधिक क्रेन व जेसीबी मशीन भी बॉर्डर पर मौजूद

**चौकसी**

8 कल होने वाले किसान आंदोलन की सुगबुगाहट के बीच दिल्ली पुलिस ने सिंघु बॉर्डर पर चौकसी बढ़ा दी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आगामी 13 फरवरी** को होने वाले किसान आंदोलन की सुगबुगाहट के बीच दिल्ली पुलिस ने सिंघु बॉर्डर पर चौकसी बढ़ा दी है। रविवार की सुबह से ही सिंघु पर भारी मात्रा में कंटीले तार, मिट्टी से भरी बोरियां, सीमेंट व लोहे के बैरिकेड्स व अन्य सामान लाए जा रहे हैं। आठ से अधिक क्रेन व जेसीबी मशीन भी बॉर्डर पर मौजूद हैं। बड़े-बड़े कंटेनर भी लाए जा रहे हैं। जरूरत पड़ने पर इन कंटेनर को बॉर्डर पर खड़े करने की भी तैयारी चल रही है।

**सुरक्षा को लेकर तैयारी पूरी:** जिले के एक पुलिस अधिकारी के मुताबिक सुरक्षा को लेकर दिल्ली पुलिस ने तकरीबन तैयारी पूरी कर ली है। आलाधिकारियों के निर्देश पर बॉर्डर पर सुरक्षा को लेकर इंतजाम बढ़ाए जा रहे हैं। कई तरह के सामान मंगवाएं जा रहे हैं।





### पुलिस अधिकारियों के अस्थायी कार्यालय और कंट्रोल रूम बनाए

**सोनीपत** में सिंघु और औचंदी बॉर्डर पर ड्रोन उड़ाया गया और वीडियोग्राफी की रिहर्सल की गई। दिल्ली पुलिस ने एक किमी क्षेत्र में सीसीटीवी और लाउड स्पीकर लगाए। टेंट में अस्थायी कार्यालय और कंट्रोल रूम बनाए। वज्र वाहन भी पहुंच गए हैं। सिंघु बॉर्डर पर 250 सीमेंट ब्लाक के बैरिकेड मंगा लिए गए हैं। बार्डर के एक किमी क्षेत्र में सीसीटीवी लगाने के साथ 600 पुलिस जवानों को विशेष ट्रेनिंग दी गई और दो कंपनी पैरामिलिट्री सोनीपत पहुंच गई हैं।

**हरियाणा के सात जिलों में रविवार से इंटरनेट सेवाएं ठप**

किसान संगठनों को पंजाब में रोकने के लिए शंभु बार्डर सहित अंबाला-अमृतसर और चंडीगढ़ हाईवे बंद पूरी तरह से सील कर दिया गया। अंबाला, कुरुक्षेत्र, कैथल, जींद, हिसार, फतेहाबाद, सिरसा में तीन दिन तक रविवार सुबह छह बजे से इंटरनेट सेवा बंद रखने का फैसला लिया गया।

**सीसीटीवी कैमरों से हर गतिविधि पर नजर:** बॉर्डर के आसपास दिल्ली की सीमा में बंद पड़े सीसीटीवी कैमरे भी सही कराए जा रहे हैं। कई अतिरिक्त कैमरे भी दिल्ली पुलिस की ओर से लगाए जा रहे हैं। आधा दर्जन से अधिक ड्रोन से भी सीमा क्षेत्र में निगरानी रखी जाएगी। ड्रोन के साथ ड्रोन चलाने वालों को भी बुलाया जा चुका है। कई लेयर में सीमेंट के बैरिकेड्स लगाने की तैयारी है। बॉर्डर के आसपास दिल्ली पुलिस मचान बनानेम में जुटी है। तीन से अधिक तैयार मचान पर फोर्स भी तैनात हैं। यहां से सीमा पर हो रही गतिविधियों पर नजर बनाए हुए हैं। सिंघु बॉर्डर पर 16 कंपनियां तैनात होंगी। जिसमें दिल्ली पुलिस व अर्द्ध सैनिक बल के 2500 से 3000 जवान तैनात रहेंगे। रविवार तक यहां करीब करीब एक सौ पुलिस व अर्द्धसैनिक बल के जवान पहुंच चुके हैं। दिल्ली पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है, हालात देखने के बाद ही आगे और जवान बॉर्डर पर बुलाए जा सकते हैं। सीमा क्षेत्र में यातायात पुलिस भी लगातार वाहनों की चेकिंग कर रही है। चेकिंग के बाद ही सीमा के अंदर गाड़ियां आ रही है। इसके अलावा अतिरिक्त लाइट की व्यवस्था भी की गई है।

**मुकरबा चौक पर भी लाए गए सीमेंट के बैरिकेड्स**

मुकरबा चौक पर भी दिल्ली पुलिस की ओर से रविवार को कई सीमेंट व लोहे के बैरिकेड्स लाए गए हैं। यहां भी क्रेन व जेसीबी भी तैनात कर दिए गए हैं। जरूरत पड़ने पर पुलिस की ओर से मुकरबा चौक व आसपास सीमेंट के बैरिकेड्स लगाए जाएंगे। देर शाम तक इसे सड़कों पर नहीं लगाए गए हैं।

### सीसीटीवी कैमरों से होगी निगरानी

**एक** पुलिस अधिकारी ने बताया है कि सिंघु बार्डर पर 16 कंपनियां तैनात होंगी, जिसमें दिल्ली पुलिस और अर्धसैनिक बल के करीब 3000 जवान होंगे। कई ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों से भी निगरानी रखी जाएगी। टायर किलर, क्रेन, हाइड्रोलिक मशीनें भी लाई जा रही हैं। मुकरबा चौक से सिंघु बॉर्डर तक हाईवे पर लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है। खराब सीसीटीवी सही किए जा रहे हैं। स्थिति की समीक्षा के बाद पुलिस और अर्धसैनिक बलों की तैनाती एवं अन्य प्रबंधों के बारे में निर्णय लिया जा चुका है। सिंघु बार्डर पर अगले एक से दो दिन में ड्रोन से निगरानी से लेकर वाटर कैनन, टायर किलर की तैनाती की भी उम्मीद है। दिल्ली पुलिस की सभी यूनिट, यानी स्पेशल सेल, अपराध शाखा, स्पेशल ब्रांच के पुलिस अधिकारियों व पुलिसकर्मियों को सुरक्षा में लगाया जाएगा। इनमें आफिस आदि में काम करने वाले पुलिसकर्मी एवं पुलिस अधिकारी भी शामिल हैं। इन यूनिटों में काम करने वाले पुलिसकर्मियों को वर्दी में ड्यूटी आने के लिए कहा गया है।

# इंडिया गठबंधन को झटका देने की तैयारी में आप!

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पंजाब के बाद** अब दिल्ली में भी विपक्षी गठबंधन को झटका लग सकता है। आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि है कि आप राजधानी की सभी लोकसभा सीटों पर चुनाव जीतेगी। इससे लग रहा है कि अरविंद केजरीवाल कांग्रेस के साथ गठबंधन के मूड में नहीं है। पंजाब के खन्ना में एक रैली को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली के लोगों ने आम आदमी पार्टी को सात की सात लोकसभा सीटें देने की ठान ली है। पंजाब की भी 13 की 13 सीटें देकर भगवंत मान के हाथ मजबूत कर दो। फिर केंद्र सरकार और राज्यपाल की हिम्मत नहीं होगी कि वो पंजाब का पैसा और कोई काम रोकें।

**अभी तक तस्वीर साफ नहीं गठबंधन:** आम आदमी पार्टी अगर दिल्ली में अकेले लोकसभा चुनाव लड़ती है तो इंडिया गठबंधन को झटका लग सकता है। क्योंकि यहां कांग्रेस के साथ चुनाव लड़ने की चर्चा चल रही है। हालांकि अभी तक किसी पार्टी की ओर से अलग चुनाव लड़ने का कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। लेकिन दोनों पार्टियां सभी सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही हैं। वहीं, दोनों कांग्रेस और आप सीट शेयरिंग को

**दो फाड़**

8 अरविंद केजरीवाल ने कहा कि है कि आप राजधानी की सभी लोकसभा सीटों पर चुनाव जीतेगी

यह भी कहती आ रही हैं कि गठबंधन को लेकर सकारात्मक चर्चा जारी है।

**पंजाब में अकेले चुनाव लड़ेगी आप:** आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी पंजाब की 13 लोकसभा सीट और चंडीगढ़ की एक संसदीय सीट के लिए उम्मीदवारों की घोषणा करेगी। उन्होंने लोगों से अपने उम्मीदवारों की जीत के लिए आशीर्वाद मांगा। केजरीवाल ने पंजाब सरकार के राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत राशन की 'डोरस्टेप डिलीवरी' के लिए आयोजित एक सभा को संबोधित करते हुए यह घोषणा की।

2024 के लोकसभा चुनावों के लिए आप की तैयारियों के बारे में पूछे जाने पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि इस महीने के अंत तक हम पंजाब से अपने सभी 13 और चंडीगढ़ से एक उम्मीदवारों की घोषणा करेंगे।

# दिल्ली के हज यात्रियों को राहत

## खर्च की पहली किस्त जमा करने की तारीख बढ़ी

**राहत**

8 परिपत्र संख्या 9 के माध्यम से हज खर्च की पहली किस्त 81,800 जमा करने की तिथि बढ़ा दी गई है

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली स्टेट हज कमेटी के कार्यकारी अधिकारी अशफाक अहमद आरफी के अनुसार, हज कमेटी ऑफ इंडिया के परिपत्र संख्या 9 के माध्यम से हज खर्च की पहली किस्त 81,800 जमा करने की तिथि बढ़ा दी गई है।

**15 फरवरी है राशि जमा करने की अंतिम तारीख:** इसके साथ ही अब पहली किस्त 15 फरवरी 2024 तक जमा की जा सकती है, जबकि



पासपोर्ट के साथ सभी आवश्यक दस्तावेज जैसे राशि जमा करने की रसीद, सफेद पृष्ठभूमि वाली दो फोटो, स्वयं हस्ताक्षरित और एक फोटो चिपका हुआ हज आवेदन पत्र आदि 19 फरवरी तक दिल्ली राज्य हज समिति कार्यालय में जमा करना आवश्यक है। इस संबंध में दिल्ली हज कमेटी की चेयरपर्सन कौसर जहां ने कहा कि 2024 की पवित्र यात्रा पर जाने वाले यात्रियों के लिए हज मंजिल में खोले गए विशेष चिकित्सा शिविर में हज यात्रियों के स्वास्थ्य से संबंधित सभी प्रकार के चिकित्सा परीक्षण यानी सीबीसी, केएफटी, ब्लड शुगर, चेस्ट एक्स-रे किया जा रहा है।

# परिवार संग अयोध्या जाएंगे अरविंद केजरीवाल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आम आदमी** पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान सोमवार (12 फरवरी) को अयोध्या मे रामलला के दर्शन करने जाएंगे। दोनों मुख्यमंत्री परिवार सहित अयोध्या जाएंगे। सीएम केजरीवाल और मान अपने माता-पिता और पत्नी के साथ रामलला के दर्शन करेंगे। आप सूत्रों न कहा कि अरविंद केजरीवाल को 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आमंत्रित किया गया था, लेकिन उन्होंने कहा था कि वह बाद में अपने माता-पिता, पत्नी और बच्चों के साथ मंदिर जाना चाहते हैं।



**राम के दर पर**

8 केजरीवाल को 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आमंत्रित किया गया था

# सांसों पर संकट: दिल्ली में फिर 'जहरीली' हुई हवा


## अगले दो दिन दिल्ली में हवा की गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में ही रहेगी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में प्रदूषण का स्तर बढ़ गया है। इस वजह से कुछ दिन की राहत के बाद हवा एयर इंडेक्स एक बार फिर 300 के पार पहुंच गया है। इससे हवा की गुणवत्ता बेहद खराब हो गई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार अगले दो दिन दिल्ली में हवा की गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में ही बनी रहेगी। दूसरी ओर रविवार सुबह हल्का कोहरा रहा। साथ ही सुबह में ठंड भी बरकरार है, लेकिन दिन में मौसम गर्माहट भरा रहेगा। आइजीआइ एयरपोर्ट पर सुबह दस बजे भी दृश्यता 500 मीटर रही।

**न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज:** वहीं सुबह में न्यूनतम तापमान सात डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। सीपीसीबी के अनुसार सुबह में दिल्ली का एयर इंडेक्स 325 रहा, जो बेहद खराब श्रेणी में है।

इस वजह से दिल्ली की आबोहवा की गुणवत्ता खराब से बेहद खराब श्रेणी में पहुंच गई है।

एक दिन पहले दिल्ली का एयर इंडेक्स खराब श्रेणी में 295 था। इसके मुकाबले एयर इंडेक्स में 30 अंकों की बढ़ोतरी हुई है। इसका कारण पिछले दिनों के मुकाबले हवा की गति कम होना है।



# झगड़े के दौरान किशोर पर चाकू से हमला; आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राष्ट्रीय राजधानी में** चाकूबाजी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामले में पटेल नगर में किशोर पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया गया। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, दिल्ली के पटेल नगर इलाके में कुछ लड़कों के साथ हुए झगड़े के दौरान एक 17 वर्षीय लड़के पर चाकू से हमला किया गया। पीड़ित को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार कुछ नाबालिगों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया, इस दौरान 17 साल के एक लड़के पर चाकू से हमला किया गया। इस मामले में पुलिस ने सतर्कता दिखाते हुए कुछ आरोपियों को पकड़ लिया है और मामले की जांच जारी है।

**दयालपुर में भी चाकूबाजी:** उल्लेखनीय है कि दिल्ली के दयालपुर से भी एक चाकूबाजी की घटना सामने आई है। जहां 58 वर्षीय व्यक्ति की उसके चचेरे भाई ने लेनदेन के विवाद को लेकर चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार, यह घटना शनिवार दोपहर को हुई थी। मृतक की पहचान जहूरुद्दीन के रूप में हुई है। शाहिद नाम के आरोपी ने 10,000 रुपये के पैसों के विवाद में जहूरुद्दीन को चाकू मार दिया।

**पांच युवकों से चोरी की स्कूटी व चार चाकू बरामद:** पश्चिमी जिले की अलग-अलग थाना पुलिस ने पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी की स्कूटी व चार चाकू बरामद किए हैं।

आरोपितों की पहचान बिंदापुर के सुमित, रघुबीर नगर के शिवा, ख्याला के दीपक, सुनील व रमेश नगर के अरुण के रूप में हुई है।वह 34 आपराधिक मामलों में शामिल रहे हैं। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

# जांच में खुलासा: सैलून में नीरज था मुख्य टारगेट, छिपकर बचाई जान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नजफगढ़ के इंद्रा पार्क स्थित सैलून** में शुक्रवार दोपहर बाल कटवा रहे नंगली सकरावती के सोनू तहलान और आशीष को गोली मारने वाले आरोपितों की पहचान हो गई है। संजीव दहिया उर्फ संजू और हर्ष उर्फ चिंटू ने उनको गोली मारी थी। हालांकि उनका मुख्य टारगेट नीरज था जो आरोपितों को देखकर छिप गया था। पुलिस उसे हिरासत में लेकर उससे पूछताछ कर रही है। वहीं पुलिस की कई टीम आरोपितों को पकड़ने में लगी हैं। दूसरी ओर सोनू व आशीष का पोस्टमार्टम के बाद शनिवार शाम को स्वजन को शव सौंप दिया गया, जिनका गांव की श्मशान भूमि पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। सूत्रों के अनुसार, आशीष का दोस्त नीरज हत्या के मामले में फरार चल रहा था। इस दौरान संजीव दहिया ने उसकी फरारी कटवाने में मदद की थी। बाद में नीरज को पुलिस ने पकड़ लिया था। नीरज को शक था कि संजीव ने ही पुलिस को उनकी मुखबिरी की है। इसी वजह से



पुलिस ने उसे पकड़ा। इस बात को लेकर नीरज व आशीष संजीव से काफी नाराज थे। वह संजीव को काफी समय से धमकी दे रहे थे। धमकियों के साथ-साथ इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट भी डाले जा रहे थे। डर इतना बढ़ गया था कि संजीव को यहां तक लगने लगा था कि अगर नीरज को नहीं मारा तो वह उसे मार देगा। इसी को लेकर वह सैलून में गए और गोली मारकर दोनों को मौत के घाट उतार दिया। बताया जा रहा है कि सोनू नीरज का पक्ष लेता था, इसलिए उसे भी गोली मार दी गई। हालांकि पुलिस ने इसकी पुष्टी नहीं की है। पुलिस अधिकारी का कहना है कि गोली चलाने वाले दोनों आरोपितों की पहचान कर ली गई है। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि दोनों पक्षों में काफी समय से दुश्मनी थी। हाल ही में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट को लेकर कुछ विवाद हुआ था। उसी को लेकर गोली मारी गई है। फिलहाल द्वारका जिले की कई टीम आरोपितों को पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही है।

**हाल ही में जेल से बाहर आया था एक आरोपित:** सूत्रों की माने तो संजीव दहिया पुलिस कर्मी का बेटा है और दिल्ली की एक कोर्ट में वकालत करता है। वहीं चिंटू गैंगस्टर योगेश टुंडा का भाई बताया जा रहा है। जो हाल ही में जमानत पर जेल से बाहर आया है।

# अलीपुर में जूते के गोदाम में लगी भीषण आग

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
अलीपुर स्थित जूते के गोदाम में रविवार को भीषण आग लग गई। इस हादसे में लाखों का सामान जलकर खाक हो गया। गनीमत रही कि आग लगने के बाद समय रहते सात कामगारों ने गोदाम से बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। सूचना पर मौके पर पहुंची दमकल की 12 से ज्यादा गाड़ियां आग पर काबू पाने में जुटी हुई हैं। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है।

**खाना बनाते वक्त सिलेंडर में लगी आग:** उधर, नरेला के स्वतंत्र नगर में बीती रात खाना बनाते वक्त घरेलू सिलेंडर में आग लग गई। घर में मौजूद लोगों को किसी तरह बाहर निकाल लिया गया। घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। बताया जा रहा है कि रसोई में खाना बनाते समय सिलेंडर में आग लग गई। देखते ही देखते आग रसोई से कमरों में फैल गई। किसी ने इसकी सूचना पुलिस व दमकल विभाग को दी। दिल्ली पुलिस व दमकल विभाग के कर्मचारियों ने करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इससे पहले आज शनिवार रात द्वारका के मोहन गार्डन इलाके में एक घर में भीषण आग लग गई।

# दिल्ली एम्स में घंटे भर में होगी बीके वायरस की जांच

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अंग प्रत्यारोपण** सर्जरी के बाद मरीज के शरीर द्वारा किसी बाहरी अंग को अस्वीकार कर देने या संक्रमण के कारण प्रत्यारोपित अंग भी खराब होने की आशंका कुछ समय तक बनी रहती है। किडनी प्रत्यारोपण फेल होने का एक कारण बीके वायरस का संक्रमण है। एम्स ने इस वायरस की जल्दी जांच के लिए एक किफायती नई तकनीक नैनोलैंप (नैनोएलएएमपी/लूप मेडिएटेड आइसोथर्मल एंप्लिफिकेशन) विकसित की है। जिससे घंटे भर में बीके वायरस की जांच हो सकेगी। इससे यह तकनीक प्रत्यारोपित किडनी को खराब होने व मरीजों की जान बचाने में अहम साबित होगी।

**ट्रायल में 91 से 96 प्रतिशत तक प्रभावी यह तकनीक:** एम्स के एनाटमी, पैथोलाजी व नेफ्रोलाजी विभाग के डॉक्टरों ने मिलकर यह तकनीक विकसित की है। इस तकनीक में जांच के लिए खास तरह के प्राइमर और सोने के नैनो कण इस्तेमाल किए गए हैं। ट्रायल में यह तकनीक जांच में 91 से 96 प्रतिशत तक प्रभावी पाई गई है। साथ ही आरटीपीसीआर जांच की तुलना में यह जांच बहुत सस्ती और इसका इस्तेमाल भी आसान है।

**मरीजों को राहत**

8 खराब होने से बचेगी प्रत्यारोपित किडनी, यह वायरस किडनी में होता है। रोग प्रतिरोधक क्षमता

एम्स ने इसे पेटेंड भी कराया है। एम्स का यह शोध हाल ही में अंतरराष्ट्रीय मेडिकल जर्नल (जर्नल आफ वायरोलाजिकल मेथड्स) में प्रकाशित हुआ है। किडनी खराब हो जाने पर मौजूदा समय में प्रत्यारोपण ही स्थायी इलाज है। देश में हर वर्ष करीब दो लाख लोगों को किडनी प्रत्यारोपण की जरूरत होती है, लेकिन सुविधाओं के अभाव में हर वर्ष करीब 12 हजार मरीजों का ही प्रत्यारोपण हो पाता। प्रत्यारोपण के बाद भी कई मरीजों की किडनी दोबारा खराब हो जाती है। शोध में शामिल एम्स के एनाटमी विभाग के प्रोफेसर डॉ. सुभाष चंद्र यादव ने बताया कि किडनी प्रत्यारोपण फेल होने की समस्या से पीड़ित दस प्रतिशत मरीजों में किडनी दोबारा खराब होने का कारण बीके वायरस का संक्रमण है।

# दिल्ली से क्यों खत्म नहीं हो रहे 'कूड़े के पहाड़', सारी मेहनत ढेर होती नजर आती है..

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के प्रवेश** द्वारों पर कूड़े के पहाड़ भद्दे लगते हैं। शहर के प्रति देश की राजधानी के प्रति एक नकारात्मक अवधारणा को जन्म देते हैं। स्वच्छता जिस शहर की पहचान होनी चाहिए वहां कूड़े का पहाड़ द्वारों पर दिखते हैं। कूड़े का पहाड़ जिम्मेदार निकाय और राजनेताओं की अव्यवस्था का ही दुष्परिणाम है। इसे हटाने, कम करने की कवायदें खूब चलीं लेकिन हाल वही रहा, दो फीट कम किया और जितना घटाया उतना ही वहां लाकर डाल दिया गया।

**क्यों नहीं हो रहा कूड़े का निस्तारण?:** सारी मेहनत ढेर होती नजर आती है। इन्हें खत्म करने का कोई ठोस स्थायी उपाय दिसंबर 2024 तक के लक्ष्य के बावजूद भी नजर नहीं आता। दिल्ली की लैंडफिल साइटों पर बने कूड़े के पहाड़ों को खत्म करने में इच्छाशक्ति में क्यों कमी है?

दिल्ली नगर निगम एक्ट में सभी की शक्तियों का उल्लेख अनुच्छेद 44 किया हुआ है। इसमें महापौर, स्थायी समिति, निगमायुक्त का उल्लेख है। सभी क्या कार्य कर सकते हैं कैसे कर सकते हैं इसका विवरण निगम एक्ट के साथ ही संचालन के नियमों में है। जब 2023 में दिल्ली नगर निगम का गठन हुआ तो महापौर व उप महापौर के चुनाव के कुछ समय बाद ही वार्ड कमेटियों का चुनाव होना चाहिए था। दिल्ली नगर निगम ने स्थायी समिति के लिए सदन से निर्वाचित होने वाले सदस्यों का निर्वाचन पूरा कर लिया है। अब





अगर, वार्ड कमेटियों का चुनाव हो जाए तो प्रत्येक वार्ड कमेटी से एक-एक सदस्य का निर्वाचन हो जाएगा। सदन से छह और वार्ड कमेटियों से 12 सदस्य चुने गए लोग अपने में से किसी एक सदस्य को डिप्टी चेयरमैन तो किसी एक सदस्य को चेयरमैन निर्वाचित कर सकते हैं। इसकी प्रक्रिया भी सरल है। जब महापौर और उप महापौर के साथ ही सदन से स्थायी समिति के लिए चुने जाने वाले छह सदस्यों का निर्वाचन हो गया है तो उसके बाद नियम है कि निगमायुक्त वार्ड कमेटियों के चुनाव के लिए तारीख तय करें और महापौर इन वार्ड कमेटियों में से किसी एक सदस्य को पीठासीन अधिकारी नियुक्त करें।

**दुष्परिणाम**

8 कूड़े का पहाड़ जिम्मेदार निकाय और राजनेताओं की अव्यवस्था का ही दुष्परिणाम है

**नहीं हुए वार्ड कमेटियों के चुनाव:** इसके बाद यह चुनाव संपन्न हो सकते हैं। पर, इस पर कार्य नहीं किया गया तो वार्ड कमेटियों के चुनाव नहीं हुए। देश की किसी भी अदालत ने दिल्ली की वार्ड कमेटियों से लेकर स्थायी समिति के गठन पर रोक नहीं लगाई है। सुप्रीम कोर्ट में मनोनीत पार्षदों की नियुक्ति का मामला चल रहा है जिसमें अदालत ने इस मामले का निर्णय सुरक्षित रख रखा है। वहां भी कोर्ट ने स्थायी समिति के गठन पर रोक नहीं लगाई है। बावजूद इसके लिए दिल्ली में स्थायी समिति का गठन नहीं हो सका। अब रही बात कि स्थायी समिति का गठन नहीं होगा तो इससे क्या क्या कार्य प्रभावित होंगे। इससे बहुत से कार्य सीधे तौर पर प्रभावित होते हैं। या आसान भाषा में कहें कि ऐसा कोई भी कार्य जिसकी राशि पांच करोड़ या उससे अधिक हैं उसकी निविदा प्रक्रिया करने के लिए भी स्थायी समिति की जरूरत तो होगी ही साथ ही निविदा प्रक्रिया पूरी होने के बाद इस कार्य के लिए निविदा में भाग लेने वाली आई एजेंसी को कार्य सौंपने की मंजूरी भी स्थायी समिति से चाहिए होगी।

# तंजानिया पैवेलियन में पर्यटकों को लुभा रहे उत्पाद

## देश के कलाकार भी संस्कृति से करवा रहे रूबरू, महिलाओं के आभूषण वस्त्र व सी-वीड पाउडर किए गए प्रदर्शित

**भागीदारी**

**8 संयुक्त गणराज्य तंजानिया इस वर्ष शिल्प मेला में पार्टनर देश के रूप में भागीदारी कर रहा है**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
**37 वें** सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला के पार्टनर देश संयुक्त गणराज्य तंजानिया द्वारा मेला परिसर में मुख्य चौपाल के पीछे तंजानिया पवैलियन में देश के शिल्पकारों व बुनकरों के उत्पाद पर्यटकों को रिझा रहे हैं। संयुक्त गणराज्य तंजानिया इस वर्ष शिल्प मेला में पार्टनर देश के रूप में भागीदारी कर रहा है। इस देश के कलाकार भी मुख्य व छोटी चौपाल पर अपने देश की समृद्ध संस्कृति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों पर अमिट छाप छोड रहे हैं। तंजानिया के स्टॉल पर राष्ट्रीय ध्वज के अलावा महिलाओं के आभूषण, वस्त्र तथा समुद्र से बनाए गए सी-वीड पाउडर विशेष रूप से प्रदर्शित की गई है। तंजानिया की स्टॉल पर महिलाओं के आभषण में माला, पर्स, चूडियां, टोकरी इत्यादि उपलब्ध हैं। तंजानिया की टीम में 30 से अधिक प्रतिनिधि हैं, जिनमें कलाकार, संगीतज्ञ व स्टॉल के प्रभारी शामिल हैं। इस स्टॉल में अफ्रीका के सबसे ऊंचे पर्वत किलामंजरो की तस्वीर भी प्रदर्शित की गई है, जिसकी समुद्री तल से ऊंचाई 5895 मीटर है। यह पर्वत अफ्रीका का सबसे ऊंचा पर्वत है। इसके अलावा वन्य प्राणी अभ्यारण्य की तस्वीर भी प्रदर्शित की गई है, जिसमें शेर, हाथी, भैंस, बाघ तथा गेंडा जैसे पशु पाए जाते हैं।

देश में तैयार किया जाता है शाकाहारी सी-वीड पाऊडरः तंजानिया में तैयार किया जा रहा सी-वीड पाऊडर पूरी तरह शाकाहारी है, जिसका प्रयोग एशिया के विभिन्न देशों जापान, चीन व थाइलैंड इत्यादि में किया जाता है। इस पाउडर में उच्च एंटी-ऑक्सिडेंट तत्व तथा प्राकृतिक समुद्री खनिज मिश्रण पाए जाते हैं। यह विटामिन बी तथा विटामिन सी, मैगनिशियम इत्यादि का बड़ा स्त्रोत है। यह पाऊडर शरीर में शुगर के स्तर को स्थिर करने में मददगार है तथा शरीर के सभी अंगों तक बेहतर ढंग से रक्त संचरण करने में भी मददगार है।

# शिल्पकार अवॉडी महावीर सिंह सैनी पीतल पर नक्काशी कला को दे रहे हैं बढावा

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
37वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला में देश-विदेश के शिल्पकार अपनी सर्वश्रेष्ठ कृतियों की ओर पर्यटकों को आकर्षित कर रहे हैं। मुरादाबाद के राष्ट्रीय शिल्पकार पुरस्कार से सम्मानित महावीर सिंह सैनी पीतल पर नक्काशी की कला को प्रसिद्धि दिलाने में निरंतर प्रयासरत हैं। उन्हें वर्ष 2017 के लिए राष्ट्रीय शिल्पकार अवॉर्ड प्रदान किया गया है। वर्तमान में पीतल धातु महंगी होने की वजह से आज-कल उन्होंने कांसे पर नक्काशी करना शुरू किया है। महावीर सिंह सैनी मेला परिसर में स्टॉल संख्या-1240 पर पीतल पर नक्काशी की कृतियों को प्रदर्शित कर रहे हैं। उन्होंने हाई स्कूल में पढाई के दौरान ही 1988 में पडोस में पीतल पर नक्काशी की कला को अपनाने की प्रेरणा ली। माता-पिता ने भी उन्हें इस कला को अपनाकर आत्मनिर्भर होने के लिए प्रोत्साहित किया। आज वे 15 सदस्यों के साथ पूजा हैंडीक्राफ्ट्स समूह के माध्यम से पीतल पर नक्काशी की कला को आगे बढा रहे हैं। इस स्टॉल पर 100 रुपए से 45 हजार रुपए तक की पीतल पर नक्काशी की कृतियां उपलब्ध हैं।उन्होंने 55 हजार रुपए की पीतल पर नक्काशी की जिराफ सैट की कृति को मेले के दौरान पर्यटकों को बिक्री किया है। शिल्पकार महावीर सिंह सैनी का कहना है कि पीतल पर नक्काशी का कार्य इतना आसान नहीं है। धातु को गलाने, मॉल्डिंग और बफिंग की प्रक्रिया के दौरान हानिकारक धुंआ व डस्ट उडती है, जिससे कैंसर बीमारी फैलने का खतरा बना रहता है। इसके दृष्टिगत वर्तमान में धातु गलाने व बफिंग के कार्य में मशीन का प्रयोग भी शुरू हुआ है।

# 'विश्वसनीयता खो चुका एचएसएससी, भंग करे सरकार'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/ दीपिका शर्मा**
**अखिल** भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं उत्तराखंड की प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि ग्रुप सी की ताजा भर्तियों को लेकर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (एचएसएससी) पर प्रतिकूल टिप्पणी की है। हाईकोर्ट ने साफ कहा कि एचएसएससी पर न तो आवेदकों को विश्वास है और न ही कोर्ट को। ऐसे में विश्वसनीयता खो चुके एचएसएससी को भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार द्वारा तुरंत भंग कर देना चाहिए। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि ग्रुप सी की भर्तियां शुरू से ही विवादों में उलझी हुई हैं। बार-बार इन भर्तियों में गड़बड़ी व प्रक्रिया में बदलाव को भांपते हुए पढ़े-लिखे बेरोजगार न्याय की आस में हाईकोर्ट का सहारा ले रहे हैं। लेकिन, भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार मनमानी पर उतारू हो चुकी है। इसलिए ही कोर्ट से स्टे हटवाने के चंद घंटे के अंदर भर्ती परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इससे सिद्ध होता है कि पहले से ही लिस्टें तैयार कर ली गई थी। भाई-भतीजावाद व पर्ची-खर्ची के सहारे आरएसएस व भाजपाइयों के चहेतों को नौकरी देने का षड्यंत्र रच लिया गया था। इस मनमानी के खिलाफ कोई आवाज न उठे, इसलिए ही बिना चरित्र सत्यापन के ज्वाइनिंग कराई जा रही हैं। मेडिकल भी नियमों को ताक पर रखते हुए जिला अस्पतालों में कराने की बजाए पंचकूला के ही सरकारी अस्पताल में कराए जा रहे हैं।



**न्यूज फ्लैश**

## कन्या भ्रूण हत्या की सूचना देने पर मिलेगा 1 लाख का नकद इनाम

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/अंकुश जैन**
**हरियाणा** सरकार द्वारा कन्या भ्रूण हत्या रोकने व करवाने वालों की सही सूचना देने वालों को स्वास्थ्य विभाग की ओर से एक लाख रुपये तक का इनाम दिया जाएगा। ऐसी सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम विभाग द्वारा गुप्त रखा जाएगा। इस प्रकार सरकार व प्रशासन की ओर से कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम के लिए उचित और कारगर कदम उठाए जा रहे हैं। सरकारी प्रवक्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट 1994 के तहत पंजीकृत सेंटर संचालक व डॉक्टर द्वारा पहली बार गर्भधारण पूर्व लिंग चयन और प्रसव पूर्व लिंग निर्धारण संबंधी जुर्म करने पर 3 साल की कैद और 10 हजार रुपए जुमार्ना किया जाता है। इसके उपरांत दोबारा जुर्म करने पर 5 साल कैद और 50 हजार रुपए जुमार्ने का प्रावधान किया गया है। इस अधिनियम के तहत पति/परिवार के सदस्य या लिंग चयन के लिए उकसाने वाले व्यक्ति के लिए पहले अपराध पर 50 हजार रुपए तक के जुर्माने के साथ 3 साल तक की कैद तथा इसके उपरांत अपराध करने पर एक लाख रुपये तक जुर्माने के साथ 5 साल तक की कैद का प्रावधान एक्ट में किया गया है। प्रवक्ता ने बताया कि सरकार के सकारात्मक एवं जागरूकता प्रयासों के चलते हरियाणा के लोगों में लिंगभेद की सोच को लेकर अभूतपूर्व बदलाव आया है। अब प्रदेश में बेटे- बेटियों के बीच अंतर बहुत कम समझने लगे और इसके उत्साहजनक परिणाम देखने को मिल रहे है। वर्तमान में राज्य की लड़कियों ने हर क्षेत्र में सफलता के द्वार खोले और न केवल अभिभावकों का नाम रोशन किया है अपितु प्रदेश में देश का नाम ऊंचा किया है। वर्तमान दौर में अधिकांश अभिभावक अपनी बेटियों का नाम लेकर स्वयं को गौरवान्वित महसूस करने लगे है। इसके बावजूद समाज में लिंगानुपात के प्रति जागरूकता अभियान चलाए जाने की आवश्यकता है। प्रवक्ता ने बताया कि जिलों में घटते लिंगानुपात को बढ़ाने, लिंगानुपात के मामले में पहले पायदान पर लाने का आह्वान करते हुए सभी नागरिकों को एकजुट होकर प्रयास करने होंगे। बेटियां प्रकृति का अनमोल तोहफा हैं और इन्हें भी दुनिया में आने का पूरा हक है। केवल बालिका दिवस व महिला दिवस मनाने से कन्या भ्रूण हत्या समाप्त नहीं होगी। इसके लिए हम सबको मिलकर सामूहिक प्रयास करने होंगे। जिस दिन हम अपनी बेटियों को बेटों के बराबर समझने लगेंगे, उस दिन कन्या भ्रूण हत्या पर पूर्ण रूप से अंकुश लग जाएगा। कन्या भ्रूण हत्या एक कानूनी अपराध होने के साथ-साथ सामाजिक अपराध भी है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा लोगों में लायी है खुशहाली

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/काजल रानी**
**हरियाणा** में चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा लोगों में खुशहाली लेकर आयी है। घर द्वार पर ही लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं व अन्य योजनाओं का लाभ मिलने से लोग खुश हैं। यात्रा के दौरान 41 लाख 64 हजार 673 लोगों ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के @2047 विकसित भारत विजन को साकार करने का संकल्प लेकर यह दशार्या कि हरियाणा के लोग भी विश्व में भारत को एक विकसित राष्ट्र के रूप में देखना चाहते हैं। यात्रा के दौरान सांसद, मंत्री, विधायक और अधिकारी लोगों की समस्याओं को सुनते हैं और उनका समाधान भी कराते हैं। यात्रा के दौरान केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को अवगत कराया जाता है। लोग योजनाओं की जानकारी लेने के साथ-साथ उनका फायदा भी ले रहे हैं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का विजन है कि वर्ष 2047 तक भारत को विश्व का विकसित राष्ट्र बनाना है। जिसको पूरा करने के लिए देश में 16 नवंबर 2023 से विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू की गई थी। यह यात्रा हरियाणा में 6,718 ग्राम पंचायतों व शहरों के वार्डों को कवर कर चुकी है।

स्वास्थ्य शिविरों में लोगों की सेहत की हो रही हैं जांचः विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान स्वास्थ्य जांच शिविर लगाकर लोगों के सेहत की जांच की जा रही है। शिविरों में निरोगी हरियाणा के अंतर्गत 46 लाख से अधिक लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई और लोगों को दवाइयां भी उपलब्ध कराई गई।

किसानों को दिए जा रहे हैं खेती करने के नए- नए टिप्सः विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान कृषि विशेषज्ञों द्वारा वर्कशाप भी लगाई जा रही है, जिसमें किसानों को खेती करने के नए-नए टिप्स दिए गए। किसानों को फसल विविधीकरण अपनाने का आह्वान किया गया। तिलहन व दलहन की खेती अपनाने की भी सलाह दी गई। इसके अलावा विशेषज्ञों ने किसानों को केंद्र व राज्य सरकार की खेती को लेकर चलाई गई कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

# निरीक्षक रामलाल को मिला अदम्य साहस पुरस्कार

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की राज्य की शिवालिक व अरावली पर्वत श्रृंखला में साहसिक खेलों व पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए उठाये जा रहे कदमों के मद्देनजर राष्ट्रीय एडवेंचर क्लब द्वारा 2 फरवरी से 10 फरवरी, 2024 तक 30वें राष्ट्रीय एडवेंचर फेस्टिवल का आयोजन देवभूमि हिमाचल की पहाड़ियों व हरियाणा के मोरनी हिल्स में किया गया। एक सरकारी प्रवक्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में 16 से 45 वर्ष की आयु वर्ग के 275 लड़के व लड़कियों ने भाग लिया। इस फेस्टिवल में बांग्लादेश से भी 7 प्रतिभागियों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि ट्रैकिंग, पर्वतारोहण, नौकायन, स्नो स्केटिंग, स्नो स्कीइंग, पैरा सेलिंग, ऐरो स्पोर्ट्स तथा कमांडो ओब्स्टेकल जैसी साहसिक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सोलांग वैली मनाली (हिमाचल प्रदेश) में भेजने से पहले सभी प्रतिभागियों के लिए मोरनी हिल्स की 1467 मीटर सबसे ऊंची चोटी माउंटेन क्विल से करोह पीक तक चढ़ाई करना अनिवार्य था।

# वोकल फॉर लोकल योजना चढ रही सफलता की सीढ़ियां

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
सूरजकुंड में चल रहे 37 वें अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले में केन्द्र व प्रदेश सरकार की वोकल फॉर लोकल को बढावा देने की मुहीम सिरे चढती नजर आ रही है। मेला ग्राऊंड में इस बार मिट्टी के बर्तनों की स्टालों की संख्या में अच्छी खासी बढोतरी देखने को मिल रही है। मेले में आने वाले अधिकतर लोग मिट्टी के बर्तन जरूर खरीदकर ले जा रहे हैं। सूरजकुंड में दो फरवरी से शुरू हुए 37वें अंतरराष्ट्रीय हस्त शिल्प मेले में इस बार दर्शकों को मिट्टदी से तैयार बर्तन बहुत आकर्षित कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कामगारों के रोजगार को बढावा देने के लिए वोकल फॉर लॉकल योजना शुरू की थी, जिसके बाद हाथ का काम करने वाले कारीगरों के रोजगार में बढोतरी हुई हैं। सरकार की यह मुहिम इस बार के सूरजकुंड मेले में सफलता की सीढीयां चढती नजर आ रही है। फरीदाबाद व आस-पास के राज्यों से अनेक करीगर इस बार सूरजकुंड मेले में मिट्टी से तैयार बर्तनों की स्टाल लगाए हुए हैं।



शिल्प मेला में मिट्टी से तैयार यह बर्तन दर्शकों को भी लुभा रहे हैं। फरीदाबाद से आए गंगाराम और पुष्पा देवी सहित मेला ग्राऊंड में अनेकों कारीगरों ने हाथों से तैयार मिट्टी के बर्तनों की स्टाल लगाई हुई हैं।

**स्टॉल**

**8 मेला ग्राऊंड में अनेकों कारीगरों ने हाथों से तैयार मिट्टी के बर्तनों की स्टाल लगाई हुई हैं**

इन स्टालों पर 20 रुपए से लेकर 1250 रुपए की कीमत के मिट्टी के बर्तन खरीदे जा सकते हैं। मिट्टी से तैयार इन बर्तनों में कप, गिलास, बोतल, कूकर, कढाई, तवा, केतली, लोटा, गुलक, जग, ट्रे सहित बच्चों के खिलौने भी शामिल हैं।

# फरीदाबादः दस हजार रुपए से शुरू किए गए व्यापार के जरिए बढाई आमदनी

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
**37वें** सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेले में चंडीगढ़ से आई दिव्यांगजन सरस्वती ने बड़ी चौपल के साथ वाले ब्लॉक में एनएफडीसी ब्लॉक में स्टॉल नंबर-234 लगाई है। जहां पर वे साड़ी, सूट व सूती मैटेरियल पर्यटकों को बेच रही हैं। वहीं चार-पांच लोगों को सरस्वती ने रोजगार भी दे रखा है। चंडीगढ़ की 48 वर्षीय सरस्वती का कहना है कि उन्होंने नेशनल दिव्यांगजन फाइनेंस एंड डेवलपमेंट के जरिए वर्ष 2005 में 10 हजार रुपए के लोन से व्यापार शुरू किया था। सरस्वती ने अपने लोन को निर्धारित समय पर बिना ब्याज के ही चुका दिया। इसके पश्चात एनएफडीसी द्वारा उनकी लिमिट 25 हजार रुपए तक की बैंक में करवाई गई। उन्होंने बैंक के निर्धारित समय पर ही अपने ऋण की राशि को चुकता कर दिया। इस प्रकार अब बैंक द्वारा उनकी लिमिट लाखों में हो चुकी है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच लखपति दीदी बनाने के सपने को सरस्वती बखूबी साकार कर रही हैं। चंडीगढ़ की सरस्वती अपने सूती कपड़े के व्यापार के जरिए सालाना 5 से 6 लाख रुपए तक कमा रही है। सरस्वती ने बताया कि वह बचपन से ही उनके पिता के साथ सूरजकुंड मेले में आती थी। पिता के बाद उन्होंने नेशनल दिव्यांगजन फाइनेंस डेवलपमेंट के जरिए ऋण लेकर अपना शिल्प से कपड़े का रोजगार शुरू किया, जिसके जरिए वह एनएफडीसी द्वारा लगाए गए देश के विभिन्न क्षेत्रों के मेलों में जाकर अपना व्यापार कर रही हैं।

**आत्मनिर्भर**

**8 वह एनएफडीसी द्वारा लगाए गए देश के विभिन्न क्षेत्रों के मेलों में जाकर अपना व्यापार कर रही हैं**

# नागरिक जन सहायक हैल्प मी एप का लाभ उठाएं

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
- हरियाणा सरकार द्वारा दी जाने वाली सेवाएं और सूचनाएं अब एक ही ऐप के माध्यम से मोबाइल पर ही प्राप्त की जा सकती है। इसके लिए प्रदेश सरकार द्वारा जन सहायक हेल्प मी एप शुरू किया गया है। इस ऐप के माध्यम से आम नागरिकों को सभी सरकारी सेवाएं और सूचनाएं मोबाइल फोन पर ही उपलब्ध होंगी। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि मोबाइल एप से यह सेवाएं आप घर पर मौजूद रहते हुए ही ऐप के माध्यम से देखकर ले सकते हैं और योजनाओं का भरपूर फायदा भी उठा सकते हैं।

# चुनावी फायदे के लिए भारत रत्न दे रही है सरकारः अभय



**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**
**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने चुनाव को ध्यान में रखते हुए मौजूदा हालात में भारत रत्न देने की घोषणा की है, लेकिन जाति के आधार पर भारत रत्न देने की राजनीति की गई है। और भी कई ऐसी महान शख्सियत है जिनकी उपलब्धियां को अनदेखा किया गया है। यह कहना था इनेलो के ऐलनाबाद से विधायक अभय चौटाला का जो रविवार को यमुनानगर में पार्टी के पूर्व विधायक दिलबाग सिंह के निवास स्थान पर पहुंचे थे। उन्होंने पत्रकार वार्ता के दौरान पत्रकारों को बताया कि देश में किसानों के सबसे बड़े हितेषी सर छोटू राम ने किसानों के लिए बहुत बड़ा काम किया। वे अंग्रेजों के समय अकेले ही किसानों की आवाज उठाई थी। वहीं पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल जिन्होंने खालिस्तान मूवमेंट का विरोध किया था। इसी तरह से देवी लाल ने भी किसानों के लिए एक लंबी लड़ाई लड़ी। उन्होंने कहा कि भारत रत्न देकर मौजूदा सरकार यह जताना चाहती है कि वह किसानों की सबसे बड़ी हितैषी है। वहीं उन्होंने आगे कहा कि स्वामीनाथन को भारत रत्न देने से पहले उनकी रिपोर्ट लागू करती तो यह उससे भी बड़ा उनके लिए सम्मान होता। उन्होंने कहा कि बाबू जगजीवन राम और काशीराम जैसे शख्सियत जिन्होंने दलित समाज के उत्थान के लिए काम किया, उनकी अनदेखी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार ने पांच जिलों को बंद कर जनता के लिए पैनिक पैदा कर दिया है।

**साधा निशाना**

**8 भारत रत्न देने की घोषणा की है, लेकिन जाति के आधार पर भारत रत्न देने की राजनीति की गई**

# हम सत्ता में सुख के लिए नहीं, सेवा के लिए आए हैं: देवेन्द्र बबली

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
**प्रदेश** के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेन्द्र बबली ने कहा कि प्रदेश की भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार से जनता से किए अपने वायदों को पूरा करने का काम किया है। यह सरकार जनता की आशाओं पर खरी उतरी है। चाहे पंचायत राज में महिलाओं को 50 प्रतिशत भागीदारी की बात हो या युवाओं को रोजगार देने की, प्रदेश सरकार ने हर क्षेत्र में काम करके दिखाया है। वे रविवार को लोकसभा चुनावों को लेकर पार्टी कार्यालय के उद्घाटन समारोह को बतौर मुख्यअतिथि संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर पूर्व विधायक रमेश खटक, पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अशोक शेरवाल विशेष तौर पर कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यकताओं को लोकसभा चुनावों की तैयारियों में जुटने का आह्वान करते हुए पंचायत मंत्री देवेन्द्र बबली ने कहा कि जिन वायदों के साथ जजपा चुनावों में उतरी थी, उन सभी वायदों को पूरा किया जा रहा है। पंचायत विभाग में हमने बड़ा बदलाव किया है। फतेहाबाद, टोहाना सहित प्रदेश के हर कोने में बिना भेदभाव विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। हमने साबित करके दिखाया है कि हम सत्ता में सुख के लिए नहीं, सेवा के लिए आए हैं। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे पार्टी की नीतियों को जनता के बीच लेकर जाए और पार्टी उम्मीदवार को यहां से जीताकर लोकसभा में भेजने का काम करें। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए देवेन्द्र बबली ने कहा कि जेजेपी ने भाजपा के साथ सरकार बनाकर प्रदेश को आगे बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने जेजेपी की टिकट पर चुनाव लड़ा था। वे जेजेपी के साथ है और पार्टी के लिए काम कर रहे हैं। पंचायत मंत्री ने कहा कि टोहाना को आगे बढ़ाने का काम किया है।

# किसानों की मांगों जायजः डॉ. सुशील

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**आम** आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता रविवार को ओचंदी बॉर्डर पर आयोजित किसान महापंचायत में पहुंचे। उन्होंने कहा किसानों के खेतों में बिजली के खंबे लगाने और बिजली के तार ले जाने की पॉलिसी अंग्रेजों के समय से चल रही है। वहीं किसानों को इसके बदले में कुछ नहीं मिलता। इसके बाद बोला जाता है कि दोनों तक 60 फुट जगह में कुछ नहीं बनेगा। इससे उनकी 120 फुट जमीन बेकार चली जाती है। इसमें आधे किले से ज्यादा जमीन बेकार चली जाती है। उन्होंने कहा कि किसानों को इसका बाजार भाव का उचित मुआवजा मिलना चाहिए। इसको



लेकर केंद्र सरकार को पॉलिसी बनानी चाहिए। अगर, दिल्ली सरकार के अधिकार क्षेत्र की बात हुई तो दिल्ली में यही पॉलिसी बनाई जाएगी और किसानों के हकों को लेकर फैसला लेगी। जरूरत पड़ी तो चंडीगढ़ से भी इस मुद्दे को लेकर किसानों की आवाज उठाई जायेगी। उन्होंने कहा कि मैं खुद किसान परिवार से संबंध रखता हूं। अब किसानों की जमीन पर दादालाही दादागिरी को खत्म करने का समय आ गया है। किसानों के साथ सदियों से चली आ रही दादागिरी अब नहीं चलने देंगे।
न्होंने कहा कि पंजाब बॉर्डर से किसानों ने हरियाणा में दाखिल होना शुरू कर दिया है। मोदी सरकार के जुमलों ने हमेशा किसानों के साथ धोखा करने का काम किया है। उनके वादे को याद दिलाने के लिए किसान दिल्ली आना चाहते हैं, लेकिन सरकार ने किसानों को रोकने के लिए बैरिकेडिंग और कंटीले तार लगा दिए हैं। दिल्ली में अरविंद केजरीवाल ने पहले भी किसानों का स्वागत किया था और अब भी स्वागत करेंगे। न पहले जेल बनने दी और न अब दिल्ली में जेल बनने देंगे।

# लोकसभा चुनावः जीत को एतिहासिक बनाने के लिए भाजपा के नेताओं ने किया मंथन

## मुख्यमंत्री, प्रदेश प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष, चुनाव सह प्रभारी, संगठन मंत्री में संगठनात्मक विषयों पर भी चर्चा

टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़
लोकसभा चुनाव में जीत को एतिहासिक बनाने के लिए हरियाणा भाजपा के नेताओं में हर दिन गहन मंथन हो रहा है। प्रदेश की 10 की दस सीटों पर जीत तय मानकर चलने वाले नेताओं द्वारा एक-एक सीट पर बारिकी से विचार किया जा रहा है। प्रदेश प्रभारी एवं चुनाव प्रभारी बिप्लब कुमार देब के निवास पर प्रदेश के आला नेताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक में घंटों इस बात पर चर्चा हुई कि किस तरह हर सीट को वोटों के एतिहासिक अंतर से जीता जाए। प्रदेश प्रभारी एवं चुनाव प्रभारी बिप्लब देब के निवास पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी, चुनाव सह प्रभारी सुरेन्द्र नागर और संगठन मंत्री फणींद्र नाथ शर्मा पहुंचे और संगठनात्मक विषयों व चुनाव को बड़े मार्जिन से जीतने पर चर्चा की। सभी नेताओं के चेहरे पर आगामी जीत को लेकर पूर्ण विश्वास दिखाई दिया। हालांकि इसके बावजूद इस बात पर इन नेताओं ने घंटों मंथन किया कि दसों सीटें एतिहासिक वोट लेकर जीतने के लिए क्या-क्या कदम उठाए जाने चाहिए और किस प्रकार की रणनीति अपनानी चाहिए। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हरियाणा दौरे पर विस्तार से चर्चा के अलावा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तैयार की गई।



प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी की अध्यक्षता में हुई यह बैठक इस मायने में भी महत्वपूर्ण रही कि इसमें चुनाव प्रभारी और सह प्रभारी दोनों ही मौजूद रहे।
हरियाणा में लोकसभा चुनाव सह प्रभारी सुरेन्द्र नागर की सभी नेताओं के साथ यह पहली बैठक रही। जानकारी के मुताबिक बैठक में प्रदेश भर में चलाए जा रहे गांव चलो अभियान को लेकर भी बात हुई।
बताया जा रहा है कि दूसरी पार्टियों के कुछ बड़े नेता भी लगातार भाजपा में आने के लिए भाजपा नेताओं से संपर्क कर रहे हैं। ऐसे में भाजपा में नई ज्वाइनिंग पर भी इस बैठक में चर्चा हुई।
पार्टी के नेताओं को यह विश्वास है कि मोदी सरकार और मनोहर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से हरियाणा का माहौल बदला है। हर वर्ग को योजनाओं का लाभ मिल रहा है और वंचित रह गए परिवारों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए हरेक कार्यकर्ता भी मेहनत कर रहा है, इसलिए सभी सीटें जीतने के प्रति सभी आश्वस्त हैं, लेकिन इसके बावजूद हरियाणा जिताने में रात दिन एक करने वाले ये नेता इस जीत को ऐसा बनाना चाहते हैं जिससे कि केन्द्रीय नेतृत्व पर हरियाणा की एक विशेष छाप छूट सके।

## न्यूज फ्लैश

### एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट ने डेयरी फार्मिंग में महिलाओं की उपलब्धियों का जश्न मनाया

**रेवाड़ी** : एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड ने छठा पशु विकास दिवस (पीवीडी) आयोजित किया। यह देश में सबसे बड़ा एक दिवसीय मवेशी देखभाल शिविर के रूप में जाना जाता है। इस दौरान एक लाख से अधिक मवेशियों को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए 15 राज्यों में 450 से अधिक स्थानों पर एक साथ शिविर आयोजित किए गए। भारत में, 8 करोड़ से अधिक परिवार सीधे तौर पर डेयरी क्षेत्र से जुड़े हुए हैं और इनमें से 70 प्रतिशत महिलाएं हैं। इन महिलाओं के काम के सम्मान के लिए, छठा पशु विकास दिवस डेयरी फार्मिंग में महिलाएं के रूप में मनाया गया। यह पहल ईएसजी ढांचे के सामाजिक पहलू को दर्शाती है, जो सामाजिक उत्थान को आगे बढ़ाने में लैंगिक विविधता और समावेशन के महत्व पर जोर देती है। कंपनी की सामाजिक पहल के बारे में बोलते हुए एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट के चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर और मैनेजिंग डायरेक्टर शांतनु मित्रा ने कहा कि हमारे ग्रामीण ग्राहक आधार में 90 प्रतिशत से अधिक महिलाएं हैं। हमारे बहुत से ग्राहक पशु खरीदने के लिए ऋण लेते हैं, जो उनके लिए आय का एक बड़ा स्रोत है। हमारे सामुदायिक विकास कार्यक्रम परिवर्तन को संभव बनाने के लिए प्रेरक के रूप में कार्य करते हैं और ग्रामीण आजीविका के उत्थान, जीवन की समग्र गुणवत्ता को बढ़ाने और आय स्रोतों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। पशुधन कल्याण के अलावा, हम कौशल विकास और वित्तीय साक्षरता को भी सक्रिय रूप से बढ़ावा देते हैं, जिन समुदायों की हम सेवा करते हैं उनके समग्र कल्याण में योगदान करते हैं। एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट में, हम नवीन और टिकाऊ सामाजिक-आर्थिक पहलों के माध्यम से वंचित समुदायों में समावेशी विकास को बढ़ावा देकर अपने ग्राहकों के साथ मजबूत रिश्ता स्थापित करने के लिए समर्पित हैं। पशु विकास दिवस डेयरी फार्मिंग क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने और टिकाऊ प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए कंपनी के अटूट समर्पण का उदाहरण है। इस वर्ष, कंपनी ने देश भर में आयोजित सबसे बड़े एक दिवसीय पशु देखभाल शिविरों के लिए वर्ल्ड रिकॉर्ड्स यूनियन सर्टिफिकेट भी हासिल किया।

### रविवार को सरस मेले में जुटे खूब विजिटर्स

**चंडीगढ़**: सेक्टर 34 स्थित एग्जीबिशन ग्राउंड में हिमाचल प्रदेश सरकार के ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्रालय की ईकाई रुरल लाईवलीहुड मिशन द्वारा आयोजित किये जा रहे सरस मेले में रविवार को मेला देखने आये लोगों की व्यापक भीड़ देखने को मिली। मेले में देवभूमि हिमाचल प्रदेश के समस्त जिलों के सेल्फ हेल्प ग्रुप्स के माध्यम से अपने हस्त निर्मित उत्पादों को प्रदर्शित कर बिक्री कर रही हैं। मेले में हिमाचल प्रदेश के अलावा पंजाब, हरियाणा, जम्मू और कश्मीर, उत्तराखंड़, महाराष्ट, असम सहित अन्य प्रदेशों से लघु उद्यमी भाग लेकर अपने उत्पाद प्रदर्शित कर रहे हैं। रविवार की छुट्टी के चलते न केवल चंडीगढ़ में रह रहे हिमाचल प्रदेश के निवासियों और समाजिक संगठनों ने अपनी भागीदारी दिखाई बल्कि स्थानीय लोग भी पर्वतीय प्रदेश की समृद्ध विरासत से परिचित हुये। मेले में हस्त निर्मित उत्पादों के साथ साथ जैविक रुप से खेती और प्रोसेस हो रही दालों, मसालों, डाईफ्रूट्स, आटा, फल, जूस, चटनी, आचार आदि उत्पादों की खूब सेल हुई। हैंडलूम, गर्म उनी कपड़ों, मंदिरों के माडल्स और वाद्य यंत्रों सहित अन्य चीजों में भी रुचि दिखाई। मेले का मुख्य आर्कषण हिमाचली पारम्परिक व्यंजनों का फूड फेस्टिवल था जिसमें विजिटर्स ने खूब स्वाद लिया। कांगड़ी, मंडियाली, बिलासपुरी और चंबियाली धाम के साथ साथ सिड्डू, बबरु, मोमोज आदि काफी लोकप्रिय हुये। देर शाम मेला देखने आये लोग अपने आप को पहाड़ी नाटी में झूमने से रोक ही पाये सांस्कृतिक संध्या का खूब आनंद लिया। मेला 12 फरवरी को सम्पन्न होगा।



# घोघड़ीपुर गांव में शहर की तर्ज पर शुरू हुआ घर-घर कूड़ा एकत्रितकरण

## सुभाष चंद्र ने ग्राम पंचायत की ट्रैक्टर ट्राली का किया उद्घाटन, जल्द लाया जाएगा नया टैंपू

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस**

**गांवों** में भी अब शहर की तर्ज पर घर-घर कूड़ा उठान की शुरूआत हो चुकी है। नगर निगमों व नगरपालिकाओं की तर्ज पर अब हरियाणा की कुछ ग्राम पंचायतें स्वच्छता के मामले में कई कदम आगे बढ़ चुकी है। इसी कड़ी में करनाल जिले के घोघड़ीपुर गांव में भी रविवार को शहरों की तर्ज पर कूड़ा कचरा एकत्रितकरण की शुरूआत हुई। स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने आज इसकी शुरूआत करते हुए ग्राम पंचायत की ट्रैक्टर ट्राली को रिबन काट कर रवाना किया। इस अवसर पर सुभाष चंद्र का गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया।



सुभाष चंद्र ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि गोगड़ीपुर एक ऐतिहासिक गांव है। इस गांव ने पहले भी अनेक कीर्तिमान स्थापित किए हैं और अब घर-घर कूड़ा उठान कर स्वच्छता की एक नई पहल की है। मैं हरियाणा सरकार की ओर से उन्हें इसके लिए हार्दिक बधाई देता हूं। ग्राम पंचायत की ओर से अब घर-घर से कूड़ा इक्ठा करने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

ट्रैक्टर-ट्राली आने के बाद गांव में सफाई व्यवस्था पहले की तुलना में और ज्यादा सुद्दढ़ होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश का प्रत्येक गांव सुंदर और स्वच्छ हो, इसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे। हरियाणा सरकार भी अपनी ओर से सभी गांवों में घर-घर कूड़ा उठान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने इस मौके पर ग्रामीण और पंचायत प्रतिनिधियों के साथ मिलकर गांव में स्वच्छता अभियान चलाया। गांव के बाहर स्थित तालाब का पुनरुद्धार करने के लिए उन्होंने मौके पर ही अधिकारियों से बात की और इस पर जल्द कार्य शुरू करने को कहा। उन्होंने सरपंच की मांग पर गांव के वाल्मीकि मोहल्ले में एक नया जल घर बनवाने का आश्वासन भी दिया।

# 19 वर्षीय युवती संदिग्ध परिस्थितियों में हुई लापता

## लिबर्टी में करती थी काम, जेवरात व कैश भी ले गई साथ

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस**। कस्बा घरौंडा थाना के एक गांव से एक युवती संदिग्ध हालात में युवती लापता हो गई। युवती लिबर्टी घरौंडा में काम करती थी। वह घर से लाखों रुपए के सोने-चांदी के गहने व 10 हजार रुपए की नकदी भी लेकर गई है। परिजनों ने उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा तो शिकायत पुलिस को की गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

लापता युवती की उम्र 19 साल है। उसकी मां ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि उसके पास एक लडका व दो लडकी हैं। उसकी सबसे छोटी लडकी घरौंडा की लिबर्टी में काम करती थी। 9 फरवरी को सुबह 8.40 बजे वह हर रोज की तरह काम के लिए घर से निकली थी। वह शाम को साढ़े 6 बजे घर आ जाया करती थी, लेकिन वह देर रात तक भी नहीं लौटी। उन्होंने अपनी बेटी की तलाश की, लेकिन वह कहीं नहीं मिली। शिकायतकर्ता ने बताया कि जब घर की अलमारी की चेकिंग की गई तो उसके अंदर रखी 10 हजार रुपए की नकदी व 7-8 तोले सोने व चांदी के गहने गायब मिले। रिश्तेदारियों में भी युवती की तलाश की गई थी। लेकिन कोई भी सुराग नहीं लग पाया। इसके बाद पुलिस को शिकायत की।

# भोलेनाथ के भजनों पर झूमे श्रद्धालु, भगवान शिव का दिया संदेश



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस**

**शिव प्रभातफेरी** की ओर से महाशिवरात्रि पर्व को लेकर रविवार सुबह नगर में प्रभात फेरी निकाली गईं। आज प्रभातफेरी ने सेक्टर-13 सहित कई स्थानों का भ्रमण किया। प्रभात फेरी आज सेक्टर 13 में अरूणा शर्मा के निवास से आरंभ हुई और सेक्टर-14 में गीता विनय छाबडा के निवास पर विश्राम लिया। भगवान शिव भोले नाथ जी के विग्रह को सुंदर पालकी में सुशोभित किया गया। भक्तों ने जय शिव शंकर के जयकारों के साथ फूलों की वर्षा के साथ प्रभातफेरी का भव्य स्वागत किया। शिव भोलेनाथ के दर्शनों के लिए श्रद्धालु अपने घरों के मुख्यद्वार पर थाल में ज्योत जलाकर सुबह प्रभातफेरी के आने का इंतजार करते हुए दिखाई दिए। नगर की विभिन्न गली मोहल्ले का भ्रमण कर लोगों को परमपिता परमात्मा की महिमा के बारे में बताया गया। श्रद्धालु भगवान शिव की जयजयकार कर आगे बढ़ रहे थे। लोगों को भगवान शिव का संदेश दे रहे थे। मंच के प्रधान सतपाल मनोचा ने महाशिवरात्रि पर होने वाले धार्मिक कार्यक्रम में बढ़-चढकर भाग लेकर धर्म लाभ उठाने का आह्वान किया।

# अपराधियों को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**अज्ञात लुटेरों** द्वारा बहालगढ़ में किरयाणा के होलसेल व्यापारी राजेश कुमार को गोली मार कर सवा लाख रुपए लूटने की घटना से गुस्साए दुकानदारों ने अपनी दुकान बंद कर रोष प्रकट किया और प्रदर्शन किया। दुकानदारों में इस बात को लेकर भी रोष था, कि आए दिन चोरी की घटनाएं बढ़ रही है दुकानदारों के बीच पहुंचे मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं भाजपा नेता राजीव जैन, सहायक पुलिस आयुक्त संदीप कुमार तथा बहालगढ़ थाना इंचार्ज राजीव कुमार ने दुकानदारों से बातचीत की और जल्द से जल्द अपराधियों को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया। राजीव जैन ने कहा कि पुलिस की गश्त भी बढ़ाई जाएगी और आवारागर्द बदमाशों के साथ सख्ती से पेश आया जाएगा। उन्होंने कहा कि अपराधियों के पकड़ने में ढील हुई तो वह स्वयं व्यापारियों के साथ धरना देंगे, तब जाकर दुकानदार दुकान खोलने पर सहमत हुए। राजीव जैन निजी अस्पताल में भर्ती घायल राजेश कुमार का हाल-चाल जानने पहुंचे और कहां की बिल्कुल भी चिंता करने की आवश्यकता नहीं है, प्रशासन व सरकार पूरी तरह से साथ है राजीव जैन ने कहा कि भाजपा सरकार में अपराधियों को न तो पुलिस प्रशासन और न ही राजनीतिक संरक्षण मिलता है और हर वारदात की गुत्थी सुलझाकर अपराधियों को पकड़ा जाता है। उन्होंने बताया कि गोहाना में मातुराम हलवाई की दुकान पर हुई फायरिंग की घटना में शामिल युवक देर में सही लेकिन सभी को गिरफ्तार कर वारदात को अंजाम देने में शामिल हथियार भी पकड़े गए।

उन्होंने बताया कि अपराधियों के खिलाफ कानून की सख्त से सख्त धाराओं में पर्चा दर्ज किया जाता है।



# कंपनी के ब्रांच मैनेजर पर हुआ जानलेवा हमला, स्टाफ के साथ गए थे लोन की किस्त लेने

## महिला ने सिलाई मशीन का काम बढ़ाने के लिए लोन लिया था और ब्रांच मैनेजर को लोन की किस्त लेने के लिए घर बुलाया था

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस**

**जिले** के कैमला गांव में लोन की किस्त लेने के गए एक कंपनी के ब्रांच मैनेजर व कलेक्शन स्टाफ पर जानलेवा हमला किया गया। महिला ने सिलाई मशीन का काम बढ़ाने के लिए लोन लिया था और ब्रांच मैनेजर को लोन की किस्त लेने के लिए घर बुलाया था। इसी दौरान ब्रांच मैनेजर के साथ गाली गलौच की और हमला बोल दिया। मैनेजर के साथ कलेक्शन स्टाफ पर हथौड़े से वार किया, लेकिन उस वक्त कर्मचारी ने सिर पर हेलमेट लगाया हुआ था, जिससे वह बच गया। गंभीर रूप से घायल ब्रांच मैनेजर व कर्मचारी ने घरौंडा के सरकारी अस्पताल में अपना इलाज करवाया।



पुलिस ने दंपती के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

करनाल के बसंत विहार में ग्रो मनी कैपिटल कंपनी से कैमला गांव निवासी अलका पत्नी नवीन ने 50 हजार रुपए का लोन लिया था। उसकी हर महीने ऑनलाइन किस्त कट जाती थी, लेकिन तीसरी किस्त नहीं कटी। ब्रांच मैनेजर दीपक ने बताया कि उसने अलका को कॉल किया, लेकिन फोन उसके पति नवीन ने उठाया। उसने बताया कि अलका छत से नीचे गिर गई थी और उसे चोट लग गई थी, जिस वजह से वे किस्त नहीं भर पाए। हमें थोड़ा टाइम चाहिए। इसके बाद कुछ दिन का टाइम दिया गया। मैनेजर दीपक ने बताया कि उसने 8 फरवरी को दोबारा अलका को कॉल किया। इन्होंने 9 फरवरी को किस्त देने की बात कही, लेकिन 9 तारीख का कॉल किया तो 10 तारीख का टाइम दे दिया। 10 को कॉल किया तो अलका ने उन्हें अपने घर आकर किस्त ले जाने के लिए कहा। इसके बाद दीपक अपने स्टाफ मैंबर नन्हेड़ा निवासी रजत के साथ कैमला गांव में अलका के घर पहुंचे। आस पड़ोस में अलका के स्वास्थ्य के बारे में पता किया तो पता चला कि अलका छत से गिरी ही नहीं थी। उन्होंने झूठ बोला था। ब्रांच मैनेजर ने बताया कि उन्होंने नवीन को कहा कि आप लोग झूठ बोलकर विश्वास तोड़ रहे हैं। इसके बाद अलका और नवीन ने उनके साथ गाली गलौच शुरू कर दी। बात यही तक नहीं रुकी, इन्होंने किस्त देने से मना कर दिया और लड़ाई शुरू कर दी। इसके बाद उन्होंने मारपीट शुरू कर दी। इससे उसका कान फट गया और कान के पीछे टांके भी आए हैं। इसके अलावा शरीर में कई जगहों पर गंभीर चोटें आई हैं। आरोपियों ने उसके साथी रजत के सिर पर हथौड़े से हमला कर दिया, लेकिन उस समय उसने हेलमेट लगाया हुआ था और वह बच गया। लेकिन हेलमेट बुरी तरह से टूट गया। आरोपियों ने उसका मोबाइल भी तोड़ दिया।

**गंभीर चोट**

> 8 कलेक्शन स्टाफ पर हथौड़े से वार किया, लेकिन उस वक्त कर्मचारी ने सिर पर हेलमेट लगाया हुआ था, जिससे वह बच गया

# मुख्यमंत्री के साथ कैबिनेट मंत्री भी करेंगे श्याम बाबा के दर्शन

**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**गांव** चुलकाना में हर वर्ष की भांति श्री श्याम बाबा मंदिर में लगने वाले फाल्गुन महोत्सव को लेकर रविवार सांसद संजय भाटिया मंदिर पहुंचे और उन्होंने मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों और ग्रामीणों से इसको लेकर विचारविमर्श किया। सांसद ने कहा कि इस बार का फाल्गुन महोत्सव पिछले वर्षों की अपेक्षा और ज्यादा भव्य होगा। इसको लेकर प्रशासन दिनरात जुटा हुआ है। उन्होंने बताया कि गांव के पांच रास्तों पर पार्किंग व्यवस्था बनाई जाएगी जहां प्रशासन के साथ गांव वासी ट्रैफिक व्यवस्था को संभालेंगे। इसके साथ ही गांव के सात रास्तों पर भव्य स्वागत द्वार बनाए जाएंगे और सभी रास्तों सहित पूरे गांव में लाइटों की मनभावन व्यवस्था की जाएगी। पार्किंग में शौचालय सुविधा मुहैया कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री के साथ कैबिनेट मंत्री भी चुलकाना धाम में श्री श्याम बाबा के दर्शन करने पहुंचेंगे। सदियों से चुलकाना धाम में श्री श्याम बाबा का फाल्गुन मेला लगता आ रहा है लेकिन अबकी बार श्री श्याम बाबा और श्री लकीसर बाबा के आशीर्वाद से बाबा श्यामजी का फाल्गुन मेला ऐतिहासिक होगा। श्री श्याम रसोई चुलकाना धाम के साथ अनेक संस्थाएं यहां पिछले काफी सालों से भंडारों का आयोजन करती आ रही है और इसमें पानीपत की अनेक संस्थाएं भी भंडारे लगाएंगी। साथ ही मेले कई तरह के स्टॉल भी लगाए जाएंगे। इस अवसर पर कृष्ण छौक्कर किवाना, सरपंच सतीश छौक्कर, कमेटी प्रधान रोशनलाल, सत्यपाल सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

# एचसीएच परीक्षा को लेकर डीसी ने परीक्षा केंद्रों का किया दौरा

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**उपायुक्त** डॉ. शालीन ने हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित होने वाली एचसीएस एवं अलाईड सर्विसीज की प्रारम्भिक परीक्षा के तहत आज पीकेआर जैन गर्ल्ज सीनियर सैकेंडरी स्कूल, राजकीय बहुतकनीकी संस्थान अम्बाला शहर, लॉर्ड महावीर सीनियर सकैण्डरी स्कूल व डीएवी सीनियर सकैण्डरी स्कूल अम्बाला छावनी के साथ-साथ अन्य परीक्षा केन्द्रों का जायजा लेते हुए वहां की व्यवस्थाएं जांची। इस दौरान उन्होंने सम्बन्धित सैंटरों के केन्द्र अधीक्षकों से परीक्षा के दौरान कितने विद्यार्थी पहुंचे है तथा परीक्षा के दौरान कोई समस्या तो नहीं है उसकी भी जानकारी ली। उपायुक्त डॉ. शालीन ने हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित होने वाली एचसीएस एवं अलाईड सर्विसीज की प्रारम्भिक परीक्षा के तहत सम्बन्धित स्कूलों का दौरा करते हुए वहां पर परीक्षा के द्दष्टिगत किए गये प्रबंधों का जायजा लिया। उन्होंने सैंटर अधीक्षकों से परीक्षा देने आए विद्यार्थियों की कितने प्रतिशत उपस्थिति दर्ज हुई है, जैमर व सीसीटीवी कैमरों सही रूप से क्रियान्वित है उस बारे भी जानकारी ली। उन्होंने इस दौरान परीक्षा रूम में जाकर वहां की व्यवस्थाएं भी देखी। उपायुक्त डॉ0 शालीन ने बताया कि आज दो चरणों में अम्बाला शहर व अम्बाला छावनी में 39 परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा का सफलतापूर्वक आयोजन करवाया गया हैं। इस परीक्षा के द्दष्टिगत 11184 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से प्रथम चरण में 4432 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, इसी प्रकार दूसरे चरण में 4341 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी।

# प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना असहाय लोगों के लिए साबित हो रही वरदानः अनीश यादव

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस**। **डीसी** अनीश यादव ने बताया कि सरकार द्वारा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना यानि आयुष्मान योजना नागरिकों के लिए वरदान साबित हो रही है। प्रदेश सरकार द्वारा प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का विस्तार करते हुए चिरायु योजना हरियाणा के नाम से शुरू किया है।

उन्होंने बताया कि चिरायु योजना आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत ही आती है। तीन लाख रूपए वार्षिक आय तक वाले नागरिक 1500 रूपए का प्रीमियम सालाना भरकर आयुष्मान भारत चिरायु योजना का लाभ ले सकते है। इस योजना के तहत असहाय परिवारों की बीमारियों का मुफ्त इलाज करवाया जाता है। इस योजना के तहत प्रति परिवार को प्रति वर्ष 5 लाख रुपए तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया जाता है। चिरायु योजना की सहायता से गरीब परिवार के लोग पांच लाख रुपए तक का निःशुल्क इलाज करवा सकते हैं। चिरायु योजना के तहत कम से कम 1500 बीमारियों का इलाज मुफ्त किया जाता है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 1.80 लाख रुपए तक आय वाले बीपीएल परिवारों को ही लाभ मिलता था। अब राज्य सरकार ने इस योजना का ज्यादा से ज्यादा से लाभ सुनिश्चित करने के लिए तीन लाख रुपए तक वार्षिक आय वाले परिवारों को भी इस योजना के तहत स्वास्थ्य लाभ देने के निर्णय लिया है। ऐसे परिवार केवल 1500 रुपए के वार्षिक भुगतान पर पूरे परिवार को स्वास्थ्य लाभ प्रदान कर सकते है। डीसी ने बताया कि चिरायु योजना के अंतर्गत विवाह अथवा जन्म के माध्यम से किसी नए सदस्य का आगमन होता है तो वह भी इस योजना का लाभ ले सकता है।

# राखी गर्ग एंटी करप्शन फाउंडेशन इंडिया की राष्ट्रीय मुख्य निदेशक नियुक्त

## करनाल की विख्यात समाजसेविका राखी गर्ग को राष्ट्रीय मुख्य निदेशकए महिला प्रकोष्ठ नियुक्त किया

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस**

**एंटी** करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने राष्ट्रीय टीम का विस्तार करते हुए करनाल की विख्यात समाजसेविका राखी गर्ग को राष्ट्रीय मुख्य निदेशकए महिला प्रकोष्ठ नियुक्त किया। नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने राखी गर्ग को नियुक्ति पत्र सौंपकर पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए कार्य करने की शपथ दिलाई।

राखी गर्ग ने कहा कि वह अपने पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य करेंगी और ज्यादा से ज्यादा लोगों को संगठन के उद्देश्यों के साथ जोड़ेंगी। नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया सम्पूर्ण भारतवर्ष के सभी राज्यों में भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य कर रहा है। संगठन का प्रमुख उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों को भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए जागरूक करना है।



**शपथ**

> 8 राखी गर्ग को नियुक्ति पत्र सौंपकर पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए कार्य करने की शपथ दिलाई

उन्होंने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के मुख्य कार्यों में भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए शिक्षण संस्थानों व अन्य स्थानों पर सेमिनारों का आयोजन करना, हस्ताक्षर अभियान व शपथ ग्रहण अभियान चलाना, एंटी करप्शन से संबंधित प्रतियोगिताओं का आयोजन करना, अवाम में कानून का पालन करने का प्रचार-प्रसार करना, पुलिस व प्रशासन विभाग के कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों को सम्मानित कर सच्चाई व ईमानदारी का प्रचार प्रसार करना आदि हैं। फाउंडेशन द्वारा समाजसेवा के प्रकल्पों के अंतर्गत जरुरतमंद विद्यार्थियों एवं लोगों की सहायता, गरीब कन्याओं की शादी में मदद करवाना आदि शामिल हैं।

इस अवसर पर मुख्य रूप से समाजसेवी राजेश गर्ग व उज्जवल गर्ग उपस्थित रहे।

# एचसीएस की प्रारंभिक परीक्षा जिला में सभी 47 केंद्रों पर हुई शांतिपूर्ण

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल /राजकुमार प्रिंस**

हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित हरियाणा सिविल सर्विस (एचसीएस) की प्रारंभिक परीक्षा रविवार को जिला में सभी 47 केन्द्रों पर शांतिपूर्ण एवं नकलरहित सम्पन्न हुई। उपायुक्त अनीश यादव ने विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का दौरा किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन भी उनके साथ रहे। दो शिफ्टों में आयोजित हुई एचसीएस की परीक्षा के सुबह के सत्र में 48.70 प्रतिशत अभ्यर्थी परीक्षा में बैठे। उपायुक्त ने डीएवी कॉलेज, डीएवी स्कूल तथा दिल्ली पब्लिक स्कूल सहित अन्य परीक्षा केन्द्रों का दौरा किया। कहीं कोई अनियमितता नहीं मिली। डीसी ने मौके पर सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षा प्रबंधों और जैमर आदि की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सुबह के सत्र में 14,664 अभ्यर्थियों के लिए व्यवस्था की गई थी, लेकिन इनमें से 7142 अभ्यर्थियों ने ही परीक्षा दी जबकि 7522 अभ्यर्थी गैर हाजिर रहे।

इसी प्रकार सायं के सत्र में भी 14,664 अभ्यर्थियों के लिए व्यवस्था की गई थी, लेकिन इनमें से 7017 अभ्यर्थियों ने ही परीक्षा दी जबकि 7647 अभ्यर्थी गैर हाजिर रहे। सायं के सत्र में 47.85 प्रतिशत अभ्यर्थी परीक्षा में बैठे। उपायुक्त ने बताया कि इस परीक्षा के लिए 47 सेंटर करनाल में बनाए

**नकलरहित**

> 8 उपायुक्त ने विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का दौरा किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन भी उनके साथ रहे

## संपादकीय

# पाकिस्तान में लोकतंत्र है या सेनातंत्र ?

**पाकिस्तान के** बनने के पश्चात प्रारंभ से पैदा हुई उसकी राजनीतिक दुश्वारियां अभी तक पीछा नहीं छोड़ रही हैं। सत्ता के संघर्ष के इस खेल में पाकिस्तान ने पाया कुछ नहीं, इसके विपरीत खोया बहुत है। आम चुनाव में पाकिस्तान के राजनीतिक आसमान में फिर से अस्थिरता के बादल उमड़ते-घुमड़ते दिखाई दिए। पाकिस्तान की सेना और आतंकियों के संकेत पर जबरदस्ती पदच्युत किए गए पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के लिए इस चुनाव में राह को कठिन बनाने की भरपूर राजनीति की गई। इसके बाद भी पाकिस्तान में एक बड़ी ताकत के रूप में अपना स्थान कायम रखा। इसे इमरान खान की लोकप्रियता ही कहा जाएगा कि उनके विरोधी दल ताल ठोककर मैदान में सामने खड़े थे, इसके बाद भी इमरान की पार्टी पाकिस्तान-तहरीक-ए-इंसाफ सबसे बड़े दल के रूप में उभर कर आई। वहीं नवाज शरीफ की पार्टी मुस्लिम लीग नवाज दूसरे और बिलावल भुट्टो की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी तीसरे स्थान को ही प्राप्त कर सके। इसके यह भी निहितार्थ हैं कि इन दोनों से इमरान खान ज्यादा लोकप्रिय हैं। जैसा कि पाकिस्तान का चरित्र रहा है कि वहां प्रधानमंत्री पद पर आसीन होने वाला व्यक्ति तब तक कुछ नहीं कर सकता, जब तक सेना और आतंकी आकाओं का आदेश नहीं मिल जाए। इसे इस रूप में कहा जाए तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी कि पाकिस्तान की सत्ता का निर्धारण सेना के हाथ में ही रहता है। पाकिस्तान में कहने को ही लोकतंत्र है, सच मायनों में वहां सेना का तंत्र ही कार्य करता है। सेना के अधिकारी जब चाहें जैसा चाहें, निर्णय कर सकते हैं। वहां सेना के मुख्य अधिकारी सत्ता को गिराने का काम करते आए हैं। उल्लेखनीय है कि परवेज मुशर्रफ सेना के अधिकारी ही थे, जिन्होंने पाकिस्तान में तख्तापलट करते हुए शासन की बागडोर संभाली थी। इसी प्रकार अन्य भी कई उदाहरण हैं।

यह पाकिस्तान की नियति बन चुकी है कि वहां अभी तक कोई भी राजनीतिक दल सत्ता का संचालन पूरे कार्यकाल तक नहीं कर सका है। क्योंकि वहां सरकार के कामों में सेना का हस्तक्षेप बहुत ज्यादा है। ऐसा इसलिए भी हो रहा है क्योंकि पाकिस्तान में सेना ने ज्यादातर शासन किया है। एक प्रकार से पाकिस्तान बनने के बाद से ही सेना की राजनीतिक सक्रियता रही है। जिसके कारण पाकिस्तान में लोकतंत्र होते हुए भी सैनिक शासन जैसा ही रहा है। इस बार के चुनाव में लोकतंत्र के हिसाब से इमरान खान काफी मजबूत दिखाई दे रहे थे, जो चुनाव के परिणामों ने भी स्पष्ट किया, लेकिन इमरान खान की पार्टी बहुमत के आंकड़े से बहुत दूर रही। इमरान खान की पार्टी के नेताओं ने दावा किया था कि उनकी पार्टी 150 से ज्यादा सीटों पर विजय प्राप्त कर रही है। यह आंकड़े मतों की गिनती होते समय प्रारंभिक रूप से दिखने लगे थे, लेकिन उसके बाद स्थिति अचानक से बदल गई। उसके जो उम्मीदवार आगे चल रहे थे, वे पीछे होते चले गए। इस चुनाव में एक बार फिर राजनीतिक विद्वेष की खाई और ज्यादा चौड़ी होती दिखाई दी। नवाज शरीफ के पार्टी ने अपने रास्ते साफ करने के लिए इमरान को जेल भेजने का कुचक्र रचा। इमरान को चार मामलों में सजा भी मिली है, जिसके कारण चुनाव के दौरान इमरान जेल में ही रहे। इसे चुनाव प्रचार से दूर करने की कवायद के रूप में देखा जा गया। इतना ही नहीं इमरान की पार्टी के नेताओं के सामने भी कई प्रकार के संकट खड़े किए गए। फिर भी इमरान को नहीं रोक सके।

# 'भारत रत्न' सम्मान के साथ-साथ सियासी दाँव ?

**प्रभुनाथ शुक्ल**

> उत्तर प्रदेश से ताल्लुक रखने वाले किसान नेता और पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने की घोषणा के पीछे भी राजनीतिक दिखती है। दिल्ली की सत्ता के लिहाज से उत्तर प्रदेश विशेष अहमियत रखता है। विशेष रूप से पश्चिमी उत्तर प्रदेश जाट बाहुल्य है। जाटलैंड में चौधरी चरण सिंह के पोते जयंत चौधरी का खासा दबदबा है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान के कुछ हिस्सों में जाट समुदाय का अपना प्रभाव। चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देकर जाट समुदाय को खुश करने की कोशिश भी हो सकती है। हम यह नहीं कहते हैं कि चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न नहीं मिलना चाहिए। निश्चित रूप से उन्होंने किसानों के लिए बड़ा कार्य किया और किसान नेता के रूप में पहचान बनायीं। जयंत चौधरी ने भारत रत्न दिए जाने की घोषणा का भी स्वागत किया है

**भारत रत्न** देश का सर्वोच्च सम्मान है। विशिष्ट क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान और राष्ट्रसेवा के लिए कार्य करने के लिए जाता है। यह साहित्य, कला, विज्ञान और सार्वजनिक क्षेत्र के लिए दिया जाता है। साल 2024 के लिए पांच लोगों को भारत रत्न देने की घोषणा की गई है। जिसमें बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर, उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी, पूर्व प्रधानमंत्री नरसिंहा राव, पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन शामिल हैं। भारत रत्न की शुरूआत देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद तरफ की से गई। देश का पहला भारत रत्न शिक्षा के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन को दिया गया। अब तक 53 महान व्यक्तियों को इस सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है। जिसमें हाल में घोषित विभूतियां भी हैं। सभी राजनीति दलों ने भारत रत्न दिए जाने का स्वागत किया है। लेकिन लोकसभा चुनाव को देखते हुए यह राजनीति का विषय भी बन गया है। भारत रत्न को लेकर सवाल और राजनीति भी होती रहीं है। देश का सर्वोच्च सम्मान भी राजनीति से अछूता नहीं है। सत्ता में रहे राजनितिक दल अपने सियासत साधने के लिए ऐसा करते रहे हैं। कांग्रेस और भाजपा दोनों उसी राह पर हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने अगड़े-पिछड़े और किसानों को साधने के लिए भारत रत्न का मास्टर स्ट्रोक डाला है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से जिन लोगों को भारत रत्न देने की घोषणा की गई है सभी लोगों ने अपने-अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय काम किया है। लेकिन लोकसभा चुनाव के करीब होने के कारण ऐसे पुरस्कारों की घोषणा पर सवाल उठना लाजिमी है। इन पुरस्कारों के जरिए उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम को साधने की राजनीति है।निश्चित रूप से भारत रत्न देश सेवा में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तित्व को मिलना चाहिए। लेकिन भारत रत्न को लेकर राजनीति भी नहीं होनी चाहिए। कांग्रेस की सरकार में भी यहीं राजनीति हुईं थीं। क्योंकि कभी-कभी राजनीति को साधने के लिए भी ऐसे पुरस्कार दिए जाते हैं। लोकसभा चुनाव को लेकर जल्द ही आचार संहिता की घोषणा होने वाली है। सवाल उठाना भी लाजमी है कि जब लोकसभा के आम चुनाव नजदीक हैं फिर भारत रत्न देने की क्या आवश्यकता थी। लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद भारत रत्न दिया जाता तो क्या बुरा हो जाता। हालांकि जिन हस्तियों को भारत रत्न देने की घोषणा की गई है वे निश्चित रूप से देश के लिए सम्माननीय हैं और अपने-अपने क्षेत्र में




विशिष्ट कार्य किया है। मोदी सरकार ने अगर उन्हें भारत रत्न देने की घोषणा की है तो हम भी उस निर्णय की तारीफ करते हैं। लेकिन जब चुनाव नजदीक हों और सर्वोच्च सम्मान को राजनीति के दायरे में खींचा जाए उस हालत में इतने बड़े विशिष्ट सम्मान की गरिमा का भी ख्याल रखना चाहिए। पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव को देश की आर्थिक स्थिति संभालने और उदारीकरण के लिए यह सम्मान दिया जाएगा। निश्चित रूप से उन्होंने देश की आर्थिक स्थिति को संभालने में अहम भूमिका निभाई। राव दक्षिण भारत के एक ब्राह्मण परिवार से आते हैं। नरसिम्हा राव को भारत रत्न देने के पीछे एक सोची समझी रणनीति हो सकती है। क्योंकि दक्षिण भारत में भाजपा की स्थिति इतनी मजबूत नहीं है। नरसिम्हा राव को भारत रत्न देकर भाजपा एक मजबूत संदेश देना चाहती है। जहां आंध्रप्रदेश, तेलंगाना के साथ वह दक्षिण के ब्राह्मणों को साधना चाहती है। भाजपा कांग्रेस को कटघरे में भी खड़ा करना चाहती है। वह कांग्रेस से सवाल पूछना चाहेगी कि अब तक नरसिम्हा राव के योगदान के लिए भारत रत्न क्यों नहीं दिया गया। अब यह एक ऐसा मसाला है जिस पर कांग्रेस खुल कर बोल भी नहीं सकती है। इस लिए इस निर्णय का सकारात्मक संदेश जाएगा। कृषि वैज्ञानिक स्वामीनाथन भी दक्षिण से रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव को भारत रत्न का सम्मान दिया है तो पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को भी यह सम्मान क्यों नहीं दिया जा सकता है। मनमोहन सिंह हाल ही में राज्यसभा से अपना कार्यकाल पूरा किया है। पीएम मोदी ने उनकी प्रशंसा भी किया। जबकी पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, नरसिम्हा राव से बेहतर आर्थिक सुधारों पर काम किया है। मनमोहन सिंह के 10 वर्षों के कार्यकाल में भारत ने वैश्विक स्तर पर अपनी अर्थव्यवस्था को बेहतर किया। शिक्षा का अधिकार, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा गारंटी, भूमि अधिग्रहण और मनरेगा के तहत 100 दिन रोजगार की गारंटी जैसी योजनाएं मील का पत्थर साबित हुई। राजनीति के गलियारे में राव को भाजपा का करीबी माना जाता रहा। यह दीगर बात है की वह अंतिम सांस तक कांग्रेस में रहे। लेकिन 1992 में जब बाबरी ढाँचा गिराया गया उस समय राव देश के प्रधानमंत्री रहे लेकिन विवादित ढाँचे की सुरक्षा करने में नाकाम रहे। उस समय उत्तर प्रदेश में कल्याण की सरकार रहीं उन्होंने सुप्रीमकोर्ट में ढाचे की सुरक्षा के लिए शपथ पत्र दिया था लेकिन उन्होंने भी कुछ नहीं किया। राव इसी गलती की वजह से गांधी परिवार की निगाह में अविश्वसनीय हो गए और इस घटना के बाद हमेशा हासिए पर रहे। कांग्रेस को इसका भारी नुकसान उठाना पड़ा और मुसलमानों से वह दूर होती गयी।

उत्तर प्रदेश से ताल्लुक रखने वाले किसान नेता और पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने की घोषणा के पीछे भी राजनीतिक दिखती है। दिल्ली की सत्ता के लिहाज से उत्तर प्रदेश विशेष अहमियत रखता है। विशेष रूप से पश्चिमी उत्तर प्रदेश जाट बाहुल्य है। जाटलैंड में चौधरी चरण सिंह के पोते जयंत चौधरी का खासा दबदबा है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान के कुछ हिस्सों में जाट समुदाय का अपना प्रभाव। चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देकर जाट समुदाय को खुश करने की कोशिश भी हो सकती है। हम यह नहीं कहते हैं कि चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न नहीं मिलना चाहिए। निश्चित रूप से उन्होंने किसानों के लिए बड़ा कार्य किया और किसान नेता के रूप में पहचान बनायीं। जयंत चौधरी ने भारत रत्न दिए जाने की घोषणा का भी स्वागत किया है। अखिलेश यादव ने भी स्वागत किया है। क्योंकि यह एक ऐसा मसला है जिस पर कोई खुलकर नहीं बोल सकता।

चौधरी को भारत रत्न देकर भाजपा ने जाटलैंड और किसानों में अपनी राजनीति फिट कर लिया है। अब जयंत चौधरी उत्तर प्रदेश में आखिलेश यादव और इण्डिया गठबंधन का साथ छोड़ एनडीए का हिस्सा होंगे। बिहार में भी ऐसा कुछ देखा गया। जैसे ही पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर को भारत देने की घोषणा हुई। दलित और पिछड़े की आड़ में बिहार की राजनीति बदल गई। नीतीश कुमार आरजेडी का साथ छोड़ भाजपा के साथ मिलकर नई सरकार बना लिया।फिर जयंत चौधरी भी इसी कदम पर तो आगे नहीं बढ़ रहे ? पूर्व प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न देने में विलंब किया गया। आज भाजपा जिस स्थान पर है वह लालकृष्ण आडवाणी और दूसरे भाजपा नेताओं की वजह से है। राममंदिर आंदोलन को तेज गति देने के लिए लालकृष्ण आडवाणी ने ही रथ यात्रा निकाली थी। लेकिन प्रधानमंत्री वह नहीं बन पाए। अयोध्या श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा में आमंत्रण को लेकर भी तमाम सियासी उठा पटक हुई। निश्चित रूप से आडवानी इस सम्मान के हकदार हैं। कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न देना गौरव की बात है। स्वामीनाथन ने कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। हरित क्रांति के लिए उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। हालांकि किसान नेता राकेश टिकैत ने भी स्वामीनाथन को भारत रत्न देने पर खुशी जाहिर की है लेकिन स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट न लागू करने पर केंद्र सरकार पर सवाल भी उठाया है।

उन्होंने अपने बयान में कहा है कि स्वामीनाथन को भारत रत्न देने के साथ-साथ अगर आयोग की रिपोर्ट को शत प्रतिशत लागू कर दिया जाता तो किसानों के हित के लिए बड़ी बात होती। वैसे भारत के इन प्रधानमंत्रियों को भी भारत रत्न से सम्मानित किया जा चुका है। जिसमें पंडित जवाहरलाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और मोरारजी देसाई के साथ गुलजारीलाल नंदा भी शामिल हैं। ऐसी स्थिति में भारत रत्न सम्मान को लेकर सवाल उठते रहे हैं और इस पर राजनीति होती रही है।

## कविता

### सर्दी की धूप

तुम सर्दी की धूप सी,
कभी कभी घर आती हो ।
कभी अंधेरा कभी उजाला,
फिर दूर कहीं चली जाती हो ।

सुबह सबेरे राह में देखूं,
सोचूं आज तो आओगी ।
मेरी ठिठुरन बढ़ जाती है,
जब बादल में छुप जाओगी ।

मेरे नैन अबोले होकर,
तेरी ही राह तकते हैं
तुझ से हटता देख कुहासा
दिन मेरे यूं कटते हैं ।

मैं रातों में पहरा देकर,
तुझको रात बुलाता हूं
बर्फ बने चाहे ठंडी राते,
इनसे कब घबराता हूं ।

तेरे आने से जीवन है ।
ये तो सारे जानते हैं,
सूरज से जब गर्मी मिलती,
इसको सारे मानते हैं ।

संजीव

# दक्षिण भारत में बढ़ रही है कमल खिलने की आशा

**अशोक भाटिया**

**आज देश में भा**जपा का परचम लहरा रहा है। उत्तर प्रदेश से लेकर मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र तक भाजपा की सरकार है। पूर्वोत्तर में भी कमल खिल चुका है। उत्तर भारत के जिन राज्यों में अभी वह सत्ता में नहीं है, वहां प्रमुख विपक्षी दल है। पश्चिम बंगाल में भी ऐसा ही है लेकिन अभी भी भाजपा का विजय रथ दक्षिण में जाकर बार-बार रुक जा रहा है। यही वजह है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा इस बार दक्षिण विजय के लिए सारे समीकरण साध रही है। दक्षिण भारत के 6 राज्यों कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में इस समय भाजपा की अपने बूते कोई सरकार नहीं है। पुडुचेरी में भी भाजपा गठबंधन के साथ सत्ता में है। गौरतलब है कि दक्षिण भारत के इन राज्यों में 130 लोकसभा सीटें हैं जिसमें से अभी केवल 29 सीटें भाजपा के पास हैं। इसमें 25 अकेले कर्नाटक से ही हैं। जबकि 2019 में चार सीट तेलंगाना में जीती थी। इससे समझा जा सकता है कि बाकी के राज्यों में भाजपा की स्थिति कैसी है। दक्षिण को प्रमुखता से लेने की एक वजह और भी है। उत्तर भारत के प्रमुख राज्यों में पिछले दो लोकसभा चुनावों में भाजपा को बंपर सीटें मिली हैं। ऐसे में भाजपा इस बात का ध्यान रख रही है कि अगर यहां पर सीटें कम हों तो इसकी भरपाई दक्षिण से की जा सके। भाजपा के दक्षिण प्लान का टेस्ट कर्नाटक विधानसभा चुनाव में भी लगभग फेल हो गया । भाजपा के लिए दक्षिण के अपने इकलौते दुर्ग को बचाए रखने की चुनौती थी तो साथ ही यहां के नतीजों का असर दूसरे राज्यों पर भी पड़ना था जहां इस साल चुनाव होने हैं। तेलंगाना विधानसभा चुनाव में भाजपा इस बार बड़ी उम्मीद लगाए हुए थी पर उसे विधानसभा की 8 सीटों से ही संतोष करना पड़ा ।उल्लेखनीय यह है कि उसका वोट प्रतिशत पहले से डबल हो गया । यह प्रदर्शन 2024 लोकसभा चुनावों के लिए तेलंगाना में उसकी संभावनाओं को और बल दे सकता है। दक्षिण में जमीन मजबूत करने में जुटी भाजपा के लिए मुश्किल है कि आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और केरल जैसे राज्यों में भाजपा का आधार बहुत कमजोर है। तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश व केरल में भाजपा के पास एक भी लोकसभा सीट नहीं है। वहीं, आंध्र प्रदेश और केरल में तो पार्टी का एक विधायक भी नहीं है। 2019 के लोकसभा चुनाव में आंध्र प्रदेश में भाजपा को महज 1 फीसदी वोट मिले थे। आंध्र प्रदेश की तरह ही भाजपा के सामने तमिलनाडु में भी चुनौती बड़ी है। भाजपा की छवि हिंदूवादी पार्टी की है और तमिलनाडु द्रविड़ आंदोलन की जमीन रही है। इसके साथ ही भाजपा के लिए हिंदी पार्टी का टैग ज्यादा मुश्किल पैदा करता है। भाजपा की आहट को देखते हुए हाल के दिनों में डीएमके ने हिंदी के मुद्दे को एक बार फिर से हवा देना शुरू कर दिया है।तमिलनाडु में हिंदी पार्टी और द्रविड़ आंदोलन के मुकाबले मंदिरों के आस-पास राजनीति को लाने की कोशिश कर रही है। मंदिरों पर किसका कब्जा हो इसे लेकर भाजपा सवाल उठा रही है।

## विचार

# चार सौ पार के दावे का सच

**प्रेम शर्मा**

**इंण्डिया गठबंधन में लगातार टूटफूट, नीतिश कुमार** का पाला बदलना, वर्ग विशेष की मयार्दा पुरूषोत्तम को लेकर पॉच सौ सालों की प्रतिक्षा, सीसीए और 80 करोड़ को भोजन और भारत रत्न वह सच है जिसके चलते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के उत्तर में संसद में आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा द्वारा अपने दम पर 370 और एनडीए द्वारा 4 सौ के पार सीटें जीतने का जो दावा किया गया था, उसका आधार मोदी सरकार द्वारा भारत रत्न सम्मानों की झड़ी दूसरे दलों को अपनी छतरी में लाने के अभियान की तरह है। अब मायावती ने दलितों के नेता कांशीराम और शिवसेना ने बाला साहब ठाकरे को भारत रत्न देने की मांग कर रही है। इनके नामो की घोषणा हो भी सकती है बशर्ते ये सब एनडीए के शामियाने में अपना राजनीतिक स्टॉल लगा लें। वैसे प्रधानमंत्री ने जो दावा कर रहे हैं, वह जमीन पर कितना उतरेगा, यह तो चुनाव नतीजे ही बताएंगे, लेकिन उसे साकार करने की दिशा में स्वयं प्रधानमंत्री और उनकी पार्टी भाजपा जिस तरह जमीन आसमान एक किए दे रही है, उससे लगता है कि यह सच हो भी सकता है। वैसे तो भाजपा की चार सौ पार की यह रणनीति कई स्तरों पर नजर आती है और साम-दाम-दंड-भेद से प्रेरित है।दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल और झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेंमत सोरने पर कसता शिंकजा तथा कई विपक्षी पाइप लाइन में रखे जाने का मामला भी चार सौ के पार की रणनीति का हिस्सा है। वैसे नैतिक आधार पर इसकी आलोचना हो सकती है, लेकिन व्यावहारिक स्तर पर वह सफल होती दिखती है। यूं भी राजनीति सत्ता और कुर्सी का खेल है। प्रधानमंत्री और केन्द्रीय इसके विशेषज्ञ बन चुके है। इसीलिए दो कदम आगे बढ़ने के लिए एक कदम पीछे हटने में भी उन्हें गुरेज नहीं है। विपक्ष पांच भारत रत्नों में बूझने की कोशिश मोदी के आलोचक कर रहे हैं। वैसे तो भारत रत्न जैसा सर्वोच्च पुरस्कार जाति, धर्म, समुदाय और क्षेत्रीय दुराग्रहों से परे है और देश की असाधारण सेवा के लिए दिया जाता है। लेकिन इस बार दिए गए पांचो भारत रत्नों में जाति और भौगोलिक क्षेत्र के महीन समीकरण साधने का भाव भी निहित है। ऐसा पहली बार हुआ की केन्द्र सरकार ने पॉच लोगों को भारत रत्न देने की दिया। इस साल देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह पूर्व पीएम नरसिम्हा राव और हरित क्रांति के जनक डॉक्टर एमएस स्वामीनाथन और इससे पहले लाल कृष्ण आडवाणी और कपूर्री ठाकुर को भी भारत रत्न एक तीर से कई निशाने साबित होगा।

अब सवाल यह है कि क्या भाजपा को लोकसभा चुनाव में इसका लाभ वोटों के रूप में मिलेगा, इसका जवाब पाने के लिए हमे नतीजों का इंतजार करना होगा। इसके दो कारण हैं। पहला तो यह कि भारत रत्न पुरस्कारों में निहित राजनीतिक महत्वाकांक्षा पूर्ववर्ती अनुभवों में बहुत ज्यादा फलित होती नहीं दिखी है। इसका कारण शायद यह भी है कि पहले के कर्णधारों ने भारत रत्नों के जरिए राजनीतिक हित साधने की झीनी कोशिश जरूर की थी, लेकिन वह उतनी शिद्दत से नहीं थी, जैसी कि इस बार दिखती है। दूसरे, जो पुरस्कार दिए गए हैं या और भी दिए जा सकते हैं, वो ठीक चुनाव के मुहाने पर हैं।इसमें शक नहीं कि लोकसभा चुनाव में चार सौ पार का आंकड़ा हासिल करने के लिए भाजपा अपना एनडीए कुनबा बढ़ाने की हर संभव कोशिश कर रही है। पहले जदयू का लौटना, अब रालोद का एनडीए में शामिल होना, पंजाब में अकाली दल को लौटाने की कवायद इसी का हिस्सा है। उधर दक्षिण में पी.वी. नरसिंहराव को भारत रत्न देने का स्वागत पूर्व सत्तारूढ़ रही भारत राष्ट्र समिति के अध्यक्ष केसीआर ने किया है। केसीआर की पार्टी ने तीन साल पहले पी.वी. नरसिंहराव की जन्मशती धूमधाम से मनाई थी और उन्हें तेलंगाना का गौरव और भारतमाता का परम प्रिय पुत्र कहा था। तब कांग्रेस खामोश ही रही थी। महान कृषि वैज्ञानिक एम.एस. स्वामीनाथन को भारत रत्न देना विज्ञान प्रतिभा के सम्मान से ज्यादा तमिलनाडु की जनता को राजनीतिक संदेश देना ज्यादा है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# छात्रों को स्कैमर्स का शिकार होने से बचाने के लिए

**विजय गर्ग**

**चीट शीट, उत्तर** कुंजी और शैक्षणिक बेईमानी के अन्य रूपों का वादा करने वाले प्लेटफॉर्म। ये घोटालेबाज तनावग्रस्त और हताश छात्रों को निशाना बनाते हैं जो बेहतर ग्रेड हासिल करने के लिए शॉर्टकट की तलाश में रहते हैं। वे छात्रों को यह विश्वास दिलाने के लिए अक्सर प्रेरक तकनीकों और प्रशंसापत्रों का उपयोग करते हैं कि उनकी सेवाएँ वास्तविक और विश्वसनीय हैं। एक बार जब छात्र घोटाले में फंस जाते हैं और इन अवैध सेवाओं के लिए भुगतान करते हैं, तो उन्हें या तो पूरी तरह से बेकार सामग्री मिलती है या कुछ भी नहीं मिलता है। घोटालेबाज गायब हो जाते हैं, जिससे छात्रों को धोखा मिलता है और उनके पास कोई सहारा नहीं रह जाता है।

ये फर्जी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इस धोखाधड़ी को सुविधाजनक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। घोटालेबाज ऐसे खाते और पेज बनाते हैं जो वैध प्रतीत होते हैं, अक्सर लोकप्रिय शैक्षिक संसाधनों या अध्ययन समूहों की नकल करते हैं। वे छात्रों के व्यापक दर्शकों तक पहुंचने के लिए सोशल मीडिया एल्गोरिदम और लक्षित विज्ञापन का उपयोग करते हैं जो उनके भ्रामक वादों के प्रति संवेदनशील हो सकते हैं। इसके अतिरिक्त, घोटालेबाज पहचान और जवाबदेही से बचने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर गुमनामी और नियमों की कमी का फायदा उठाते हैं। अधिकारियों के लिए इन घोटालेबाजों को ट्रैक करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है, खासकर यदि वे विभिन्न न्यायालयों से काम करते हैं या अपनी पहचान की सुरक्षा के लिए एन्क्रिप्शन टूल का उपयोग करते हैं। इन घोटालों का शिकार होने से खुद को बचाने के लिए, छात्रों को सतर्क रहना चाहिए और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग करते समय सावधानी बरतनी चाहिए। उन्हें अत्यधिक लुभावने प्रस्तावों, संदिग्ध प्रशंसापत्रों, या उन सेवाओं के लिए भुगतान अनुरोधों से सावधान रहना चाहिए जो सच होने के लिए बहुत अच्छे लगते हैं। स्रोत की विश्वसनीयता की पुष्टि करना, विश्वसनीय व्यक्तियों से सिफारिशें मांगना और प्रतिष्ठित शैक्षिक संसाधनों पर भरोसा करने से छात्रों को इन घोटालों का शिकार होने से बचने में मदद मिल सकती है।

# गरिमा खोता देश का सर्वोच्च सम्मान 'भारत रत्न'

**तनवीर जाफरी**

**देश का** सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' का वितरण जितना इस बार विवादों में है उतना पहले कभी नहीं रहा। निश्चित रूप से पूर्व की सरकारों ने भी कई ऐसी हस्तियों को इस सर्वोच्च अलंकरण से नवाजा जिनकी विचारधारा पूर्व की सरकारों से मेल खाती थी। परन्तु लोकसभा के आम चुनावों से ठीक पहले देश का इस सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार 'भारत रत्न' का वितरण कम से कम 'रेवड़ियों ' की तरह तो कभी नहीं किया गया। 'भारत रत्न' दिये जाने से सम्बंधित निदेशावली में भारत सरकार द्वारा स्वयं यह नियम बनाया गया है कि एक वर्ष में अधिकतम केवल तीन हस्तियों को ही यह सम्मान दिया जा सकता है। 1954 में जवाहर लाल नेहरू के शासनकाल के दौरान जब तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद के कार्यकाल में भारत रत्न देने की शुरूआत की गयी थी उस समय भी प्रथम गवर्नर जनरल चक्रवर्ती राजगोपालाचारी, तत्कालीन राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन व महान वैज्ञानिक चंद्रशेखर वेंकट रमन जैसी तीन विशिष्ट हस्तियों को भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। परन्तु एक ही वर्ष में नियम के विरुद्ध जाकर पांच पांच 'भारत रत्न' घोषित किये जाने का कोई इतिहास नहीं मिलता। बेशक यह सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार भारत रत्न किसे दिया जाना चाहिए इसकी कोई खास योग्यता,परिभाषा या पैमाना निर्धारित नहीं है। परन्तु माना यही जाता है कि अलग अलग क्षेत्रों में देश के लिए सेवा करने में अपना अतुलनीय योगदान देने वाले अति विशिष्ट लोगों को भारत रत्न से सम्मानित किया जाता है। अति विशेष परिस्थितियों में यह पुरस्कार विदेशी नागरिकों को भी दिया जा सकता है। 1977 में जब जनता पार्टी की सरकार केंद्र में बनी थी उस समय तो सरकार ने इस सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न को स्थगित ही कर दिया था। कांग्रेस के शासनकाल में जिन प्रमुख हस्तियों को भारत रत्न से नवाजा जा चुका है उनमें पंडित जवाहर लाल नेहरू,डॉ राजेंद्र प्रसाद,इंदिरा गाँधी,पी डी टंडन,लाल बहादुर शास्त्री, राजीव गाँधी,मदर टेरेसा,खान खान अब्दुल गफ़्फार खान,सरदार वल्लभ भाई पटेल,नेल्सन मंडेला,जे आर डी टाटा,ए पी जे अब्दुल कलाम से लेकर सत्यजीत रे,लता मंगेषकर,पंडित रवि शंकर,भीम सेन जोशी,शहनाई वादक बिस्मिल्लाह खान व सचिन तेंदुलकर जैसे विभिन्न क्षेत्रों के अति विशिष्ट लोगों के नाम उल्लेखनीय हैं।

## न्यूज फ्लैश

# जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट का गढ़ी बेसिक गांव में पहुंचने पर अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष सरपंच रफाकत हसन ने किया जोरदार स्वागत





**पानीपत/कमाल हुसैन**
**भाजपा जिला** अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट आज समालखा विधानसभा के गांव गढ़ी बेसिक पहुंचे। यहां गांव के सरपंच रफाकत हसन ने उनका जहां जोरदार स्वागत किया। वहीं जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने मुस्लिम समुदाय के सैकड़ों लोगों को भाजपा में शामिल कराया। भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने भाजपा में शामिल होने वालों को विश्वास दिलाया कि देश की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी में कार्यकताओं को सबसे अधिक मान-सम्मान दिया जाता है। भाजपा इस बात को मात्र ब्यान तक ही सीमित नहीं रखती बल्कि धरातल पर करती भी है। जिसका उदाहरण है हाल ही में मध्य प्रदेश, झारखंड व राजस्थान में भाजपा द्वारा बनाए गए मुख्यमंत्री हैं। जिनके बारे में कभी किसी ने सोचा तक नहीं था। भाजपा पार्टी में भी तथा जनता में भी पिछली पंक्ति के व्यक्ति व कार्यकर्ता को उसके अधिकार देने का काम करती है। दुष्यंत भट्ट ने कहा कि भाजपा सरकार में मोदी की गारंटी की गाड़ी से उन लोगों को भी सरकारी सुविधाओं का लाभ मिला है। जिनकों कभी किसी सरकारी योजना के बारे में पता भी नहीं होता है। उन्होंने कहा कि हमारा यह सौभाग्य है कि हमें यशस्वी प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी और विकास पुरुष कर्मठ मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में कार्य करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि विचारधारा में अद्भुत शक्ति होती है और विचारधारा ही लोगों की सोच में परिवर्तन लाकर सामाजिक व राजनीतिक परिवर्तन का आधार बनती है। इसी सोच के आधार पर भारतीय जनता पार्टी के दस साल के सुशासन से ही भारत खुशहाल राष्ट्र बन पाया है। अब भारत को शिक्षित विकसित और स्वाभिमानी राष्ट्र बनाने के सभी प्रयास डबल इंजन की सरकार कर रही है। अब पार्टी ने निर्णय लिया है कि राम राज की स्थापना करने के लिए भारत को 2047 से पूर्व हर हाल में एक विकसित राष्ट्र बनाना होगा। भाजपा में शामिल होने वालों में जलालपुर 2, नवादा पार, झाम्बा कॉलोनी , समालखा शहर व अनेक गांवों के मुस्लिम समाज के व्यक्तियों ने काँग्रेस से विधायक समर्थित व्यक्तियों ने रफाकत हसन सरपंच के नेतृत्व और भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट के हाथों से पटका पहनकर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए इनके शामिल होने से भाजपा को मुस्लिम समाज में वोट बैंक बढ़ा सुरेंद्र पंच ,अन्नू पंच ,पूजा पंच ,याकूब भाट्टी, साहनजर भाट्टी ,महमूद ,जोगिंदर पांचाल ,जब्बार अलवी ,कौशर ,गय्युर, कामिल ,मेहरबान पूर्व प्रत्याशी सरपंच ,तोसीम पूर्व प्रत्याशी सरपंच ,आसिफ पंच ,तसव्वर पंच ,काला पंच जगपाल पंच ,ताहिर पंच,इरशाद ,हाजी इकबाल ,आलम , साहिद भाई कालोनी प्रधान ,अलिहसन ,नसिबू , काला ,साजिद मुस्लिम प्रधान समालखा ,इकबाल भाई ,इरफान भाई, अलियास ,हाजी गफ्फार आदि सम्मिलित हुए। इस मौके पर जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ,ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष एडवोकेट गंगाराम स्वामी, बलवान शर्मा, बापौली से एडवोकेट शिवकुमार रावल, कुलदीप जांगड़ा, मनजीत डिकाडला आदि उपस्थित रहे।

# पुरानी पैंशन बहाली को लेकर जींद में ओपीएस सकंल्प रैली में भारी संख्या में कर्मचारी रवाना

## ओपीएस को लेकर उनकी आर-पार की लड़ाई लड़ने का निर्णय : राकेश



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**पेंशन** बहाली को लेकर जींद में होने वाली ओपीएस संकल्प महारैली में पैंशन बहाली संघर्ष समिति सोनीपत संबधित नेशनल मूवमेंट ओल्ड पैंशन के बैनर तले गन्नौर से विभिन्न सरकारी विभागों के कर्मचारी अपनी ताकत दिखाने के लिए गए। पैंशन बहाली संघर्ष समिति के ब्लाक प्रधान राकेश कुमार के नेतृत्व में कर्मचारियों ने कर्मचारी एकता जिंदाबाद के नारे लगाए और ओपीएस को लेकर उनकी आर-पार की लड़ाई लड़ने का निर्णय लिया। राकेश ने कहा कि आज जींद में सरकारी विभागों के कर्मचारी पुरानी पेंशन बहाली को लेकर आर-पार की लड़ाई लड़ेंगे। सभी कर्मचारी एकजुट हैं और ओपीएस की मांग पूरी होने तक संघर्ष जारी रहेगा। जगबीर देशवाल संक्षरक, ने कहा कि कर्मचारियों की पुरानी पेंशन 2006 में हरियाणा में बंद कर दी गई थी। इसके बाद 2018 से कर्मचारी एकत्रित होकर केवल एक मांग पुरानी पेंशन लागू करवाने के लिए सरकार से लड़ रहे हैं। कई बार बड़े-बड़े प्रदर्शन कर चुके हैं, लाठियां सहन कर चुके हैं, आंसू गैस के गोले और पानी की बौछारें सहन कर चुके हैं लेकिन सरकार जिद पर अड़ी हुई है, यदि सरकार अब भी नहीं जगी तो जल्द ही कर्मचारी इस सरकार को बदलने का काम भी करेंगे। उपसचिव रामदास ने कहा कि पुरानी पेंशन कर्मचारियों के बुढ़ापे का मान सम्मान है इसके बिना सरकारी नौकरी का कोई औचित्य नहीं रह जाता। नेशनल पेंशन स्कीम में खत्म कर दिया गया है। देखने में आया है कि नई पेंशन स्कीम में कर्मचारी जो रिटायर हुए हैं, उनकी पेंशन बुढ़ापा पेंशन से कम है और बुढ़ापा पेंशन तो दो-चार सालों में बढ़ती भी रहेगी लेकिन नई पेंशन बिल्कुल नहीं बढ़ेगी। इस मौके पर सतबीर सिंह, महेन्द्र सिंह सचिव, जोगेन्द्र सचिव, सहित सैकड़ों कर्मचारी रवाना हुए।

# सुरक्षा की दृष्टि से लड़कियों के लिए ताइक्वांडो काफी उपयोगी खेलः देवेंद्र



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
**प्रयास** इंटरेक्ट क्लब की ओर से प्रथम इंटरनेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप-2024 का आयोजन प्रयास इंटरनेशनल स्कूल के खेल ग्राउंड में किया गया। जिसका शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी गन्नौर संस्थापक एवं प्रमुख समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद खिलाड़ियों का हाथ मिलवा कर खेल शुरू कराया। इससे पहले स्कूल प्रिंसिपल कृष्ण कुमार मलिक व रजिस्ट्रार मनोज कुमार ने मुख्यातिथि देवेंद्र कादियान का बुके भेंट कर स्वागत किया। इस प्रतियोगिता में सोनीपत के अलावा आसपास के जिलों से विभिन्न वेट कैटेगिरी के करीब 156 खिलाड़ियों ने अपना बेहतरीन खेल प्रदर्शन दिखाया। ओवरऑल ट्रॉफी प्रयास इंटरनेशनल स्कूल, रनरअप ट्रॉफी कैडिट पुमसे टीम, बागपत यूपी व थर्ड पॉजीशिन ट्रॉफी पर सरस्वती स्कूल सावरपुर सोनीपत का कब्जा रहा। मुख्यातिथि देवेंद्र कादियान ने विजेता टीम व खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। कादियान ने कहा कि खेल में करियर की अपार संभावनाएं है बच्चों को बेहतर खेलने का प्रयास करना चाहिए। ताइक्वांडो भी लोकप्रिय हो रहा है। आत्म सुरक्षा की दृष्टि से लड़कियों के लिए ताइक्वांडो काफी उपयोगी है।

## रेलगाड़ी की चपेट में आने से महिला व छोटी बच्ची की मौत

**जींदः नरवाना** रेलवे स्टेशन के निकट दिल्ली-भठिंडा रेलवे लाइन पर रेलगाड़ी की चपेट में आने से एक महिला और 10 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर रेलवे थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को मृतकों के पास से ऐसा कुछ बरामद नहीं हुआ, जिससे उनकी शिनाख्त हो सके। रेलवे पुलिस ने दोनों के शवों को नरवाना के सामान्य अस्पताल में रखवा दिया है। रेलवे पुलिस मृतकों की शिनाख्त में जुटी है। रेलवे पुलिस को सूचना मिली थी कि नरवाना रेलवे स्टेशन के पास एक 40 वर्षीय महिला और 10 साल की बच्ची ट्रेन की चपेट में आ गई है।

# पं. दीन दयाल की पुण्यतिथि पर माल्यार्पण कर विधायक नें नमन किया

## सरकार की योजनाओं का पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री

**निशाना बनाया**

**8 आज देश में प्रत्येक योजना का शत प्रतिशत लाभ गरीब लोगों को सीधे उनके खातों में पहुंचाया जा रहा है**



**टीम एक्शन इंडिया/राई।**
**राई से** विधायक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री मोहनलाल बड़ौली ने रविवार को अपने कार्यालय में पंडित दीन दयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें नमन किया। विधायक ने कहा कि पं0 दीन दयाल उपाध्याय ने अपने जीवन में हमेशा पंक्ति के अंतिम पायदान पर खड़े गरीब व वंचित व्यक्ति की आवाज को बुलंद किया। वे हमेशा कहते थे कि जब तक सरकार की योजनाएं इन गरीब व वंचित लोगों तक नहीं पहुंचेंगी तब तक देश विकास के रास्ते पर आगे नहीं बढ़ सकता। क्योंकि देश के विकास के लिए इन गरीब व्यक्ति का विकास करना जरूरी है। विधायक ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की विचार धारा के अनुरूप प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल अन्तिम छोर में बैठे व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज देश में प्रत्येक योजना का शत प्रतिशत लाभ गरीब लोगों को सीधे उनके खातों में पहुंचाया जा रहा है, जिससे भ्रष्टाचार पर तो रोक लगी है बल्कि इससे बिचौलियों का भी अंत हो गया। इस मौके पर भाजपा नेता अशोक कौशिक, अमित शर्मा आदि मौजूद थे।

## स्वावलंबी और सुरक्षित भविष्य के लिए है राष्ट्रीय पेंशन योजनाः डीसी वीरेंद्र कुमार

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**डीसी डॉ.** वीरेंद्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि कोई भी भारतीय नागरिक राष्ट्रीय पेंशन योजना का लाभ ले सकता है। यह योजना एक स्ववालंबी और सुरक्षित भविष्य के लिए है रामबाण है। डीसी ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय पेंशन योजना वृद्धावस्था के दौरान वित्तीय सुरक्षा और स्थायित्व दिया जाता है, जब लोगों के पास आय का कोई नियमित स्त्रोत नहीं होता है। सेवा निवृत्ति योजना द्वारा सुनिश्चित किया जाता है कि लोगों के पास प्रतिष्ठापूर्ण जीवन जीने और अपनी उम्र के बढ़ते वर्षों में अपना जीवन स्तर किसी समझौते के बिना अच्छा बनाए रखने की सुविधा हो। योजना से लोगों को निवेश करने और अपनी बचत संचित करने का अवसर मिलता है । डीसी ने बताया कि इसमें पात्र की आयु 18 से 70 साल होना चाहिए। पेंशन के लिए मासिक योगदान कम से कम 500 रुपए या वार्षिक योगदान कम से कम 6000 हजार रुपए होना चाहिए।


डीसी ने जानकारी देते हुए बताया कि 60 साल की आयु के बाद पेंशन धारक के खाते में जमा होगी। डीसी ने बताया कि पेंशन की राशि पूरी तरह वार्षिक निवेश पर निर्भर करती है। इसमें जमा राशि में से 60% राशि पेंशन धारक पहले भी निकाल सकते हैं।

# महिला वित्तीय जागरूकता एवं सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**जिला** सोनीपत के ब्लाक राई गाँव जाखौली में एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड ऑफ इंडिया एवं हरियाणा राज्य ग्रामीण आजिविका मिशन सोनीपत, द्वारा महिला वित्तीय जागरूकता एवं सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया ,जिसमें हरियाणा ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं ने भाग लिया।महिलाओं को वित्तीय सशक्तिकरण के बारे विस्तार से जानकारी दी गई।
कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मोहन लाल बडोली विधायक राई मुख्य वक्ता सूर्यकान्त शर्मा एवं कार्यक्रम अध्यक्ष अजय कुमार डी पी एम एच एस आर एल एम सोनीपत डा जयपाल जिन्दल ने दिप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया` सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ दे कर एवं शाल उड़ा कर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में वित्तीय जागरूकता के विषय को विस्तार से समझाया ओर कहा कि आज के समय मे महिलाए दोहरी जिम्मेदारी निभा रही है। घर संभालने के साथ रोजगार भी करती है। अंत मे उन्होंने कहा कि इस प्रकार की जानकारी सभी के लिए लाभदायक है विशेष रूप से ग्रामीण महिलाओं के लिऐ कार्यक्रम के मुख्या वक्ता सूयार्कान्त शर्मा मुख्य सलाहकार, एसोसिएशन ऑफ म्यूअल फंड आफ इण्डिया ने महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे अटल पेन्शन योजना, मुद्रा योजना,सुकन्या समृद्धी योजना प्रधानमंत्री जीवन ज्योति एवं प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा बीमा एवं जन धन योजना के बारे में जानकारी दी और समझाया की कैसे इन योजनाओं के माध्यम से वे लाभ उठा सकती हैं । उन्होंने कहा कि ये योजनाएँ महिलाओं के लिए और भी लाभकारी सिद्ध हो रही है और समझाया कि हम सबको अपनी वित्तीय स्थिति एवं लक्ष्यों को ध्यान में रखकर ही निवेश करना चाहिऐ उन्होनें विभिन्न उदाहरणों के द्वारा महिलाओ को बचत और निवेश के बारे में समझाया और दोनों के बीच का अन्तर भी बताया।

# शहर की आईटीआई ने अजीत इंडस्ट्री के साथ किया एमओयू साइन



**खरखौदा/सोनीपत/**
**सोमपाल सैनी**
**शहर की** आईटीआई ने अजीत इंडस्ट्री के साथ ओएमयू साइन किया है। जिसे लेकर प्राचार्य संदीप अहलावत ने बताया कि प्लांट हेड कुलवर्धन के साथ मिलकर यह ओएमयू हुआ है। उन्होंने बताया कि इस दौरान उन्होंने उनके साथ मिलकर संस्थान का दौरा किया। एएसटी व संस्थान को लेकर चर्चा करते हुए कुछ व्यवसायों को लेकर विस्तार से बातचीत की गई। इसके बाद डीएसटी व ओजेटी की रूचि जताने पर ओएमयू भी हुआ है। अपने दौरे के दौरान कंपयूटर टेबल व ड्यूल डेक्स की काफी सराहना की। कई व्यवसाय के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा बनाए गए वातानुकुलित सिस्टम की काफी सराहना की व उनके अनुदेशक विक्की छिक्कारा को उनके प्रयासों को भी सराहा गया। इस दौरान इंडस्ट्री की ओर से छात्रों को अपने प्रतिष्ठान में रोजगार उपलब्ध करवाने बारे आश्वासन दिया।

## लूट की दो वारदात से गुस्साएं व्यापारियों ने दिल्ली-रोहतक रोड पर लगाया जाम

**झज्जर: बहादुरगढ़** के रेलवे रोड बाजार व काठमंडी में शनिवार रात हुई लूट की दो वारदात से गुस्साए व्यापारियों ने रविवार को दिल्ली-रोहतक पर जाम लगा दिया। पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे डीएसपी ने लोगों को अपराधियों के शीघ्र पकड़े जाने के आश्वासन देने के बाद जाम खुला। लगभग सवा घंटे चले जाम से सड़क पर दोनों ओर लंबा जाम लग गया। दरअसल, बहादुरगढ़ में शनिवार की रात पिस्तौल के दम पर बदमाशों ने दो दुकानों से ढाई लाख से अधिक रुपये लूट लिए थे। पहली वारदात अग्रवाल कालोनी स्थित एक बीड़ी माचिस के थोक व्यापारी हरभगवान के यहां हुई और दूसरी वारदात रेलवे रोड के विश्वकर्मा चौक स्थित जयशंकर किरयाना स्टोर में हुई।

# जाट महासभा ने चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने पर आभार व्यक्त किया



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**अखिल** भारतीय जाट महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ताराचंद मोर ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौं चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने पर बैठक कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया। मोर ने कहा कि यह सम्मान सिर्फ चौं चरण सिंह का ही नही है बल्कि पूरे भारत के किसानों और कामगारों का है। काफी समय से भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग थी। उन्होंने कहा कि चौं चरण सिंह ने अपने शासन काल में हमेशा किसानों, कामगारो और कमजोर वर्ग के लोगों के लिए काम किया। वह दो बार मुख्यमंत्री, केन्द्र में मंत्री और प्रधानमंत्री बने। वह महात्मा गांधी के अनुयायी थे। उन्होंने हमेशा गांव के लोगों के उत्थान के लिए कार्य किया। ग्रामीणों की आर्थिक दशा सुधारने के लिए नई दिशा दी। मोर ने कहा कि चौं चरण सिंह के दिखाए मार्ग का अनुसरण कर उनके पोते जयंत चौधरी भी चल रहे है। चौं चरण सिंह के बेटे अजीत सिंह ने भी हमेशा किसानों के हित में काम किए। महासभा ने स्वामीनाथन को भी भारत रत्न मिलने पर खुशी जताई। इस मौके पर राजेन्द्र राठी, डा. ओमप्रकाश मलिक, जगत सिंह, विनोद गुलिया, सुरेन्द्र तेवतिया, प्रविन्द्र खत्री, अनिल खत्री, नफेसिंह, सत्यबाला, सुधा मलिक आदि मौजूद थे।

# ग्रामीणों को कांग्रेस की नीतियों से करवाया अवगत

## कांग्रेस नेता संजय आंतिल ने की ग्रामीणों से पूर्व सीएम हुड्डा की सरकार लाने की अपील



**अपील**

**8 आज फिर हुड्डा की सरकार लाने की जरूरत है। इसके लिए हम सब को एकजुट होकर मेहनत करने की जरूरत है**

**टीम एक्शन इंडिया/राई।**
**कांग्रेस नेता** एवं पूर्व सरपंच संजय आंतिल ने राई हल्के के दहिसरा में घर- घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस कार्यक्रम में ग्रामीणों को संबोधित किया। कार्यक्रम में काफी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कांग्रेस की नीतियों में अवगत कराया। आंतिल ने कहा कि सिर्फ कांग्रेस सरकार ही ऐसी है जो किसान मजदूरों और हर जरूरतमन्द के साथ खड़ी रहती है। चाहे बात रिहायसी प्लाट की हो, बिजली, पेंशन की हो, राशनकार्ड की हो। भाजपा सरकार पूंजीपतियों की सरकार है। वह धर्म के नाम राजनीति करने में लगी है। आम जनता के हितों से उनका कोई लेना देना नही है। एडवोकेट संजय आंतिल ने कहा कि पूर्व मुख्यंत्री भूपेन्द्र हुड्डा के कार्यकाल में प्रदेश का बहुत विकास हुआ था। आज भी प्रदेश की जनता उसे याद कर रही है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि आज फिर हमें पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र हुड्डा की सरकार लाने की जरूरत है। इसके लिए हम सब को एकजुट होकर मेहनत करने की जरूरत है। ताकि प्रदेश का चहुमुखी विकास संभव हो सके। आंतिल ने कहा कि कांग्रेस सरकार में गरीब वर्ग के कल्याण के लिए अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं बनाई गई थी। युवाओं को प्राथमिकता के आधार पर सरकारी नौकरी दी गई थी लेकिन आज प्रदेश का युवा रोजगार के लिए भटक रहा है। कौशल रोजगार में लगाकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। इस अवसर पर सुखबीर, सूरजभान ,रघुनाथ ,कान्ता ,प्रेमसिहं, सुभाष ,चन्द्रभान, ओमबीर नतीन शर्मा, जयभगवान ,निशान्त, रमेश आदि मौजूद थे।

# मशरूम गतिविधि से बहुत सारे रोजगार पैदा हुएः मोहन लाल बड़ौली



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**महाराणा प्रताप** उद्यान विश्वविद्यालय करनाल के क्षेत्रीय मशरूम अनुसंधान केंद्र मुरथल सोनीपत में माननीय कुलपति प्रो. सुरेश कुमार मल्होत्रा के नेतृत्व में केंद्र निदेशक व एमएचयू कुलसचिव डॉ. अजय सिंह की देखरेख में एससी उपयोजना के तहत मशरूम पर आईसीएआर-एआईसीआरपी के तहत तीन जिलों करनाल, पानीपत और सोनीपत के एससी परिवारों के लिए मशरूम उत्पादन तकनीक पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के समापन पर मुख्य अतिथि के तौर पर राई के विधायक मोहन लाल बडौली ने विशेष तौर पर शिरकत की। एमएचयू कुलसचिव डॉ अजय सिंह ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने प्रशिक्षण शिविर में आए प्रतिभागियों को मशरूम के तैयार बैग वितरित किए और मशरूम उगाने, खाने और कमाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मशरूम गतिविधि से बहुत सारे रोजगार पैदा हुए हैं, भूमिहीन और गरीब लोगों को लाभ हुआ है।

# महंगाई सभी पिछले रिकॉर्ड तोड़ रही है: कामरेड राजेंद्र सिंह



**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**समालखा** कारखाना मजदूर यूनियन समालखा संबधित ए आई यू टी यू सी की ओर से गोल्डन पार्क में एक सम्मेलन का आयोजन किया जिसमें काफी संख्या में श्रमिकों ने हिस्सा लिया, जिसकी अध्यक्षता कॉमरेड शेर सिंह और मंच संचालन सचिव रामेहर ने किया यूनियन के खजांची राजवीर सिंह ने यूनियन लेखा जोखा रखा जिसको सर्वसम्मति से पास किया गया इस यूनियन की शुरूआत करने वालों में से कामरेड महेंद्र सिंह को श्रद्धांजलि दी गई, 2 मिनट का मौन रख कर श्रधांजलि अर्पित की गई। सम्मेलन के मुख्य वक्ता एआईयूटीयूसी के राज्य अध्यक्ष व देश की क्रांतिकारी पार्टी एस यू सी आई कम्युनिस्ट के राज्य सचिव कामरेड राजेंद्र सिंह ने प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा की महंगाई सभी पिछले रिकॉर्ड तोड़ रही है बेरोजगारी बेतहाशा बड़ी हुई है महिलाओं पर आए दिन बलात्कार व हत्या की घटनाएं बढ़ती जा रही है चारों ओर भ्रष्टाचार का बोलबाला है ईडी सीबीआई इनकम टैक्स समेत सभी विभागों को बीजेपी सरकार अपने राजनीतिक हितों के लिए दुरुपयोग कर रही है उन्होंने कहा कि यह सब समस्याएं क्यों हैं इनका कारण क्या है और इसका समाधान का रास्ता क्या होगा। सन 47 में ब्रिटिश साम्राज्य वाद के बाद भारत के पूंजीपति सत्ता पर काबिज हो गया। यह बात शहीद ए आजम भगत सिंह सुभाष चंद्र बोस राम प्रसाद चंद्रशेखर आजाद अशफाकउल्ला खान जैसे क्रांतिकारियों ने उसे समय बोली थी लेकिन देश की गद्दी पर पूंजीपतियों का कब्जा हो गया, सरकारें बदली है लेकिन यह पूंजीवादी व्यवस्था नहीं बदली है इसलिए आज मजदूर किसानों को मेहनतकश लोगों के अन्य हिस्सों को एकजुट होकर सभी समस्याओं की जननी पूंजीवादी व्यवस्था को उखाड़ फेंकना होगा और एक नई समाजवादी व्यवस्था बनानी होगी जिसमें सभी को रोजगार मिलेगा महंगाई नहीं रहेगी मजदूरों से आवाहन करते हुए कहा कि हमें अपनी यूनियन को मजबूत करते हुए आंदोलन को

**बैठक**

**8 आंदोलन को तेज करना होगा और जनता के अन्य गरीब हिस्सों के साथ मिलकर इस लूट के राज को उखाड़ फेंकना होगा**

तेज करना होगा और जनता के अन्य गरीब हिस्सों के साथ मिलकर इस लूट के राज को उखाड़ फेंकना होगा। ए आई यू टीयूसी के राज्य सचिव कामरेड हरि प्रकाश ने उनके आंदोलन के इतिहास पर बात रखते हुए कहा कि आज आपका संघर्ष 40 साल में प्रवेश कर गया है आप जो भी अधिकार लेते हो वह अपने एकता के बल पर ही लेते हो इसलिए सभी साथियों ने यूनियन को मजबूत करने की तरफ ध्यान देना होगा। हरि प्रकाश ने कहा कि आंदोलन पहले भी हुए हैं और आंदोलन आगे भी होंगे लेकिन आंदोलन की दिशा सही होनी चाहिए इसलिए ए आई यूटीयूसी ही एकमात्र देश में मजदूरों का संगठन है जो सरकार की श्रमिक विरोधी नीतियों के खिलाफ ताकतवर आंदोलन गठित कर रही है। ए आई यू टी यू सी के राज्य वरिष्ठ उपप्रधान ईश्वर सिंह राठी ने 4 लेबर कोड को घोर श्रमिक विरोधी बताते हुए ,इनके खिलाफ उठ खड़े होने का आव्हान किया। आगामी 16 फरवरी को पूरे भारत में मजदूर कर्मचारी की हड़ताल का केंद्रीय ट्रेड यूनियन जो फैसला लिया है उसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लेकर हड़ताल को सफल बनाएंगे।

भवन निर्माण कारीगर मजदूर यूनियन के राज्य सचिव कामरेड बलबीर सिंह ने एक क्रांतिकारी गाना सुना कर मजदूर में जोश भर दिया। सम्मेलन में मिड डे मील कार्य करता यूनियन की प्रदेश महासचिव कुसुम पांचाल पीडब्ल्यूडी वर्कर यूनियन पानीपत के सचिव जगदीश शर्मा आंगनबाड़ी की नेता सुमन, ईश्वर सिंह राठी आदि ने भी बात रखी। सम्मेलन के बाद शहर में जुलूस निकाल कर 16 फरवरी को बंद में सहयोग देने की अपील की।

# किसानों के दिल्ली कूच को लेकर पुलिस अलर्ट



**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
पंजाब, हरियाणा के किसान संगठनों के 13 फरवरी को दिल्ली कूच के एलान के बाद प्रदेश सरकार अलर्ट मोड में आ गई है। किसानों को दिल्ली जाने से रोकने के लिए जहां प्रदेश सरकार ने पंजाब से लगते सभी बार्डर सील कर दिए हैं। वहीं विभिन्न जिलों के पुलिस अधिकारी आपस में समन्व्य बनाए रखने, कानून व्यवस्था, ट्रैफिक डाईवर्सन आदि को लेकर मौका निरीक्षण करने के साथ ही अधिकारियों से बैठक ले रहे हैं। सोनीपत पुलिस कमीशनर बी.सतीश बालन, एसपी पानीपत अजीत सिंह शेखावत ने अन्य अधिकारियों डीसीपी ईस्ट गौरव राजपुरोहित, एसीपी गन्नौर गोरखपाल राणा, एसडीएम गन्नौर डा० निर्माण नागर, डीएसपी ट्रैफिक पानीपत सुरेश सैनी मीटिंग करने के साथ ही मौका निरीक्षण भी किया। एसपी अजीत सिंह शेखावत नहीं बताया कि कानून व्यवस्था को लेकर पानीपत में पुलिस की 4 कंपनियां तैनात की जाएंगी। नाके चिन्हित किए जा रहे हैं। अगर जरूरी हुआ तो पट्टीकल्याणा के पास बैरिकेटिंग की जाएगी।

# राम नाम चर्चा कर जरुरतमंद परिवारो को बांटा राशन



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र/शाहाबाद (दलबीर मलिक)**डेरा सच्चा सौदा के ब्लाक शाहाबाद/यारा की साध संगत द्वारा महा उपकार माह और हजूर महाराज जी के शुभ आगमन की खुशी में राम-नामचर्चा कार्यक्रम का आयोजन कर जरुरतमंद परिवारों को राशन वितरित किया गया। इससे पहले शहरी प्रेमी सेवक मंगल सिंह इन्सां (डिम्पल), प्रेमी हर्ष इन्सां, बहन सन्तोष इन्सां व उनके परिवारों ने मिल कर पुली के नजदीक मोहल्ला माजरी में कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ शाहाबाद के शहरी प्रेमी सेवक डिम्पल इन्सां ने गुरु चरणों में बेनती का शब्द लगा कर किया। तत्पश्चात प्रेमी राम कुमार एडवोकेट, गुरनाम चौपड़ा, किरण रावा, सुरेश सैनी, गुरप्रीत, जीत सिंह, मोहित, समर, संजय गुप्ता, गुरमेज, दुर्जन, प्रवीण मोहड़ा, अमित, मुकेश बतरा, तेजपाल, जसमेर, सुखविंदर भसीन, रवि, सोमनाथ, कुलदीप व गौरव ने एक के बाद एक सुंदर भजन प्रस्तुत कर समां बांध दिया।ब्लॉक शाहाबाद के ब्लाक प्रेमी सेवक अवतार इन्सां और ब्लाक यारा से ब्लाक प्रेमी सेवक रामेश्वर इन्सां ने बताया कि साध संगत के सहयोग से आज 3 जरुरतमंद परिवारो को राशन वितरण किया गया है। इस दौरान 15 मैबर जनक राज इन्सां ने बताया कि हजूर महाराज जी के पावन हुक्म अनुसार साध संगत निरंतर मानव भलाई कार्यों में जुटी हैं।

समापन पर बहन बिमला, अनीता, गीतिका, सोनम, सुषमा, दर्शना देवी इन्सां, वीणा शूगर मिल, रजनी बतरा, सुदेश, सुरजीत कौर, सुनीता, पू?म कश्यप ने भजन प्रस्तुत कर सभी को भाव विभोर कर दिया। इस दौरान जसवंत इन्सां, राम कुमार इन्सां, गांव यारा से प्रेमी सेवक दविन्द्र इन्सां, आईटी विंग मैंबर गौतम इन्सां, रविन्द्र इन्सां सहित साध संगत मौजूद रही।

## गोली मारकर घायल करने व लूट मामले में दुकानदारों में रोष

**सोनीपतः अज्ञा**त लुटेरों द्वारा बहालगढ़ में किरयाणा के होलसेल व्यापारी राजेश कुमार को गोली मार कर सवा लाख रुपए लूटने की घटना से गुस्साए दुकानदारों ने अपनी दुकान बंद कर रोष प्रकट करते हुए प्रदर्शन किया। दुकानदारों के बीच पहुंचे मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं भाजपा नेता राजीव जैन, सहायक पुलिस आयुक्त संदीप कुमार तथा बहालगढ़ थाना इंचार्ज राजीव कुमार ने दुकानदारों से बातचीत की और जल्द से जल्द वारदात को अंजाम देने वाले बदमाशों को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया। भाजपा नेता ने कहा कि पुलिस की गश्त भी बढ़ाई जाएगी और आवारागर्द बदमाशों के साथ सख्ती से पेश आया जाएगा।

# चौधरी चरण सिंह को दिया गया भारत रत्न सम्मान, देश के हर किसान का सम्मानः दुष्यंत

## चौधरी साहब को दिए गए भारत रत्न सम्मान से किसान वर्ग में खुशी की लहरः सुभाष कुहाड़

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा, (कुलदीप सिंह )**
**केंद्र** सरकार द्वारा किसान मजदूरों के मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह को देश का सर्वोच्च सम्मान "भारत रत्न" देने की घोषणा से हरियाणा के किसान, मजदूर वर्ग में खुशी की लहर दौड़ गई है। भारत रत्न दिए जाने के उपलक्ष्य में शनिवार को समालखा में ताऊ देवी लाल बीएड कॉलेज परिसर में एक सभा आयोजित कर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम धन्यवाद प्रस्ताव पास किया गया। इस सभा की अध्यक्षता जाट धर्मार्थ सभा पानीपत के प्रधान एवं भाजपा जिला सचिव सुभाष कुहाड़ ने की और भाजपा के जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे। भाजपा जिला प्रभारी उमेश शर्मा और भाजपा जिला सचिव सुभाष कुहाड़ ने भी सभा को संबोधित किया जाट धर्मार्थ सभा के प्रधान सुभाष कुहाड़ ने सभी अतिथियों का



स्वागत किया और भाजपा के गाँव चलो अभियान के जिला संयोजक एवं किसान नेता देव मलिक ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया` सभा के दौरान जय श्री राम, भारत माता की जय, जय जवान-जय किसान

सभा को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि देश के पांचवे प्रधानमंत्री और विश्व विख्यात कृषि अर्थशास्त्री चौधरी चरण सिंह का जन्म 23 दिसंबर, 1902 को उत्तर प्रदेश के हापुड़ के नूरपुर में हुआ था प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों के मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह, आर्थिक सुधारों के सूत्रधार और महान विद्वान पूर्व प्रधानमंत्री स्व. पीवी नरसिम्हा राव और हरित क्रांति के जनक डॉ. एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न देकर एक सराहनीय कार्य किया है। पूर्व उप प्रधानमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी और किसान मजदूरों के समाजवादी नेता व बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर को भी भारत रत्न सम्मान देने

**सम्मान**

**8 हरित क्रांति के जनक डॉ. एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न देकर एक सराहनीय कार्य किया**

की घोषणा पहले ही की जा चुकी है। इन 5 महान हस्तियों को सम्मानित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबका मन जीत लिया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा एक कृषि प्रधान प्रदेश है। कृषि और पशुपालन यहाँ के लोगों का मुख्य व्यवसाय है। इन सभी महापुरुषों ने विपरीत परिस्थियों में भी कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से देश के आम नागरिकों का कल्याण किया है। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौ. चरण सिंह ने किसानों की आर्थिक दशा को सुधारने के लिए जहाँ जमीदारी प्रथा का विरोध किया वहीं कृषि उपज मंडी विपणन बोर्ड का गठन करके किसानों की फसलों का उचित मूल्य दिलवाने के प्रयास भी किए। उन्होंने पहली बार गेहूं का समर्थन मूल्य दिलवाने की व्यवस्था लागू करवाई। चौधरी चरण सिंह अपने आदर्शों और मूल्यों को सर्वोपरि मानते थे। दुष्यंत भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन तीन विद्वान हस्तियों को भारत रत्न देकर ह्यजय किसान - जय जवान - जय विज्ञान झ्र जय विद्वानह्व के नारे को सार्थक किया है। चौधरी चरण सिंह को दिया गया यह सम्मान देश के हर किसान का सम्मान है।इस मौके पर जिला परिषद चेयरपर्सन ज्योति शर्मा, जिला महामंत्री कृष्ण छौक्कर, जिला मीडिया प्रभारी रौशन माहला, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष सुनील शर्मा, ,सुरेन्द्र आर्य, राजेन्द्र छौक्कर, जसबीर छौक्कर, पार्षद रेनू धीमान, कुलदीप व समालखा ब्लाक समिति अध्यक्ष अंकुश नारायणा आदि उपस्थित रहे।

# लाडवा हल्के में जल्द ही शुरू की जाएगी अनेक योजनाएंः संदीप

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र/लाडवा (दलबीर मलिक)**समाजसेवी एवं नेता संदीप गर्ग ने कहा कि उनकी ओर से लाडवा हल्के की जनता के लिए अनेक योजनाएं चल रही है। जैसे कि मात्र 5 रुपए में भरपेट भोजन लाडवा रसोई, बाबैन रसोई, मथाना रसोई इसके साथ-साथ मेडिकल वैन व मेडिकल कैंप आदि लगाए जा रहे हैं।समाजसेवी संदीप गर्ग रविवार को लाडवा अनाजमंडी स्थित अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में लाडवा हल्के



की जनता के लिए और भी नेक कार्य शुरू किए जाएंगे। जिससे लाडवा हल्के की जनता को लाभ मिले। उन्होंने कहा कि वह हमेशा लाडवा हल्के की जनता के बारे में सोचते हैं और उनके किसी प्रकार की कोई भी परेशानी आदि न हो। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा कई खेल नर्सरी गोद ली जा चुकी है, जिससे कि खिलाड़ी लाडवा हल्के में तैयार हो सके और अपने हलके के साथ-साथ देश का नाम रोशन कर सके। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में खिलाड़ियों व अन्य जनता के लिए अनेक योजनाएं वह लाडवा

**समर्थन**

**8 आगामी दिनों में खिलाड़ियों व अन्य जनता के लिए अनेक योजनाएं वह लाडवा हल्के की जनता के लिए लेकर आ रहे हैं।**

हल्के की जनता के लिए लेकर आ रहे हैं। जिससे लाडवा हल्के की जनता को लाभ मिलेगा। मौके पर सुबा सिंह, घनश्याम कंबोज, महेश गर्ग, अनुज गर्ग, प्यार सिंह, मुकेश कुमार आदि मौजूद थे।

## विदेश जाने के इच्छुक व्यक्ति सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एजेंट से ही करें सम्पर्कः सुरेन्द्र



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र सिंह भोरिया ने कहा कि शिक्षा या घूमने के लिए विदेश जाने के इच्छुक लोग जागरूकता के अभाव में अक्सर फर्जी ट्रेवल एजेन्टों का शिकार बनकर लाखों रुपये गंवा बैठते हैं। लोगों को ऐसे फर्जी ट्रेवल एजेंटों से सावधान रहने की जरूरत है। विदेश जाने के लिए वीजा लगवाने से पूर्व एजेंट के बारे में पूरी जानकारी हासिल करें और सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एजेंट की ही सेवाएं लें । पुलिस द्वारा विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने वालों के खिलाफ कड़ी कारवाई की जा रही । वीजा लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी के बढ़ रहे मामलों के मध्यनजर पुलिस द्वारा हेल्पलाइन नंबर 80530-03400 जारी किया गया है।

# भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टीः दुष्यंत भट्ट

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**भारतीय ज**नता पार्टी की नेत्री एवं नगर निगम वार्ड 3 की पार्षद अंजली शर्मा के कार्यालय उद्घाटन कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस अवसर पर अनेक पार्टी कार्यकर्ता और अन्य समाज सेवी मौजूद रहे। भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट मुख्य अतिथि रहे। मुख्य अतिथि ने हवन में पूर्ण आहुति देकर शुभकामनाएं दी । इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष हरीश कटारिया ने सभी का स्वागत किया और पार्षद अंजली ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर 10 नागरिकों ने सरदार श्रवण कुमार के नेतृत्व में भाजपा ज्वाइन करी। भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है और कार्यकर्ताओं को सबसे अधिक सम्मान



भी इसी पार्टी में दिया जाता है और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की 5 महान विभूतियों को भारत रत्न देकर समाज के सभी वर्गों का मन जीत लिया है। मंडल अध्यक्ष हरीश कटारिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और चौधरी चरण सिंह के बताए गए मार्ग पर चलते हुए आम आदमी के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं लागू की है । इस अवसर पर राकेश कुमार , श्रवन कुमार , रोहतास प्रजापत , संदीप व रक्मु मिस्त्री, रामू प्रजापत, संजीव कुमार, रिजवान मिस्त्री, जगबीर दहिया और सुमित शर्मा ने भारतीय जनता पार्टी का

**कार्यालय**

**8 देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की 5 महान विभूतियों को भारत रत्न देकर समाज के सभी वर्गों का मन जीत लिया**

दामन थामा।
इस अवसर पर ग्रामीण विधायक के भाई हरपाल ढांडा , वार्ड 26 के पार्षद विजय जैन और पार्षद रविंद्र भाटिया, वरिष्ठ भाजपा नेता हुकुम चंद मेहता , तहसील मंडल महामंत्री धर्मपाल चोपड़ा, तहसील मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष जतिन राणा, तहसील मंडल महामंत्री युवा मोर्चा लवली सेठी मौजूद रहे ।

# युवाओं को मानव हित में ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करना चाहिएः संदीप गर्ग

**टीम एक्शन इंडिया /कुरुक्षेत्र /बाबैन (दलबीर मलिक)** डॉक्टर भीमराव अंबेडकर सेवा समिति बाबैन द्वारा संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी के 647 में प्रकाश पर्व को समर्पित आठवां रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। श्री रविदास मंदिर बाबैन और में आयोजित इस



रक्तदान शिविर का शुभारंभ समाजसेवी संदीप गर्ग ने किया। समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि रक्त दुनिया के किसी कारखाने में नहीं बल्कि व्यक्ति के शरीर में ही बनता है जिसे हम सबको विशेष तौर पर युवाओं को मानवता के हित में अधिक से अधिक रक्तदान करना चाहिए। इस अवसर पर श्री रविदास मंदिर के प्रधान बरखाराम मनोज धवन, संजीव कुमार उर्फ संजू ,सतीश कुमार ,अमर सिंह नंबरदार ,बलविंदर कुमार करण कुमार ,रामकुमार, जय सिंह रंगा ,प्रदीप कुमार सोनू के अतिरिक्त अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सीए फाउंडेशन के सफल छात्रों के लिए किया सम्मान समारोह

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
दिसंबर 2023 की सीए फाउंडेशन परीक्षा के परिणामों की घोषणा के बाद, आईसीपी शिक्षा ने गर्व से 'सम्मान समारोह' का आयोजन किया। यह समारोह उन सभी छात्रों के लिए किया गया जिन्होंने अपनी परीक्षा में सफल होकर उच्च अंक प्राप्त किए। आईसीपी शिक्षा के छात्रों ने एक अत्यधिक सफल प्रदर्शन किया और आईसीपी शिक्षा ने उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया। संस्थापक एवं निर्देशक सीए हिमांशु ग्रोवर ने छात्रों की उत्कृष्टता के लिए प्रशंसा की और उन्हें आगे भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, "हमें गर्व है कि



हमारे छात्र अच्छे अंक प्राप्त कर रहे हैं और हमारी कोचिंग संस्था के माध्यम से उन्हें उच्च स्तरीय शिक्षा मिल रही है। हम आई.सी.पी. शिक्षा में अध्ययन करने वाले सभी छात्रों को सफलता और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हैं।" आईसीपी शिक्षा, जो पिछले 13 वर्षों से सीए और सीएस की तैयारी में नेतृत्व कर रहा है, अपने प्रतिष्ठित शिक्षक दल द्वारा प्रदान किए गए उत्कृष्ट शिक्षा के लिए प्रसिद्ध है। इस समारोह में सीए हिमांशु ग्रोवर के साथ, एडवोकेट दीपांशु ग्रोवर, सीए इंद्रजीत सिंह और टीम के अन्य सदस्यों ने भी अपनी उपस्थिति दी और छात्रों को शुभकामनाएं दी।

# महेंद्र सिंह सैनी चेयरमैन व जगदीप सिंह सर्वसम्मति से चुने गए प्रधान

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** आज वाटर वर्क्स सीएचसी पर जानकारी देते हुए अमरीक सिंह चट्ठा ने बताया कि आल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन रजिस्टर नंबर 681 संबंधित हरियाणा कर्मचारी महासंघ शाखा लाडवा त्रिवार्षिक चुनाव मुख्य चुनाव पर्यवेक्षक प्रांतीय प्रधान विश्वनाथ शर्मा एवं सह चुनाव पर्यवेक्षक रामकुमार प्रजापत की देखरेख में स्थानीय वाटर वर्क्स सीएचसी पर संपन्न हुआ । चुनावी सभा का संचालन जिला सचिव जगदीप सिंह ने किया । चुनावी सभा में शाखा के सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारी साथियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया । मौके पर जिला चेयरमैन रामनिवास शर्मा, जिला



प्रधान अमरीक सिंह चट्ठा उपस्थित रहे । उपस्थित पदाधिकारीयों ने चुनाव को लेकर अपने विचार व्यक्त किये व उपस्थित कर्मचारियों से शाखा का चुनाव सर्वसम्मति से करवाने की अपील की । सर्वप्रथम शाखा कोषाध्यक्ष द्वारा 3 साल का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। उसके उपरांत शाखा प्रधान महेंद्र सिंह सैनी द्वारा शाखा कार्यकारिणी को भंग किया गया व शाखा कार्यकारिणी का नया चुनाव कराने के लिए मुख्य चुनाव पर्यवेक्षक से अपील की मुख्य चुनाव पर्यवेक्षक प्रांतीय प्रधान विश्वनाथ शर्मा द्वारा चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ करते हुए निम्न

**जिम्मेदारी**

**8 सह चुनाव पर्यवेक्षक रामकुमार प्रजापत की देखरेख में स्थानीय वाटर वर्क्स सीएचसी पर संपन्न हुआ**

पदाधिकारी चुने गए । चेयरमैन महेंद्र सिंह सैनी, प्रधान जगदीप सिंह, सचिव कृष्ण दत्त, वरिष्ठ उप प्रधान गुरमेल सिंह, वित्त सचिव सिकंदर लालर, मुख्य संगठन कर्ता नीरज शर्मा को चुना गया । चुनाव प्रक्रिया उपरांत प्रांतीय प्रधान विश्वनाथ शर्मा द्वारा शाखा के चुने गए पदाधिकारीयों को शपथ ग्रहण करवाई गई । प्रांतीय प्रधान ने बोलते हुए कहा की हरियाणा सरकार द्वारा कर्मचारी विरोधी नीतियां लगातार जारी की जा रही है, जिसका संगठन कड़ा विरोध करता है । उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही सरकार द्वारा प्रांतीय संगठन को बातचीत के लिए बुलाकर कर्मचारियों की मांगों का समाधान नहीं किया गया तो आने वाले समय में प्रांतीय चुनाव उपरांत संगठन बड़े आंदोलन की घोषणा करने पर विवश होगा , जिसकी पूर्ण रूप से जिम्मेदारी हरियाणा सरकार की होगी । मौके पर देशराज शर्मा, कर्म सिंह, अमरीक सिंह, भूपेंद्र सिंह, शमशेर सिंह, तिलकराज, दर्शन सिंह, चंद्रपाल, कृष्ण लाल, अशोक कुमार, गुरमेल सिंह, अनिल कुमार, अंग्रेज सिंह, सुदेश कुमार, इंद्रपाल आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 181 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल की सलाखों के पीछे भेजा गया

### वर्ष 2023 में हत्या व जानलेवा हमला की वारदातों में हथियारों के प्रयोग में कमी देखने को मिली

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**पुलिस अधीक्षक** अजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा अवैध हथियारों व अपराधियों की धरपकड़ के लिए गत वर्ष समय समय पर चलाए गए अभियान के सार्थक परिणाम निकल कर सामने आए है। वर्ष 2022 की तुलना में वर्ष 2023 में आर्म्स एक्ट में आरोपियों की धरपकड़ में 20 प्रतिशत ज्यादा सफलता हासिल की। आंकड़ों पर अगर नजर डाली जाए तो वर्ष 2022 में आर्म्स एक्ट में 106 अभियोग दर्ज कर 127 आरोपियों को गिरफ्तार कर इनसे 110 अवैध देसी पिस्तौल, 43 जिंदा रौंद व 3 चाकू बरामद किये गए थे। वहीं वर्ष 2023 में 127 अभियोग दर्ज कर 181 आरोपियों को गिरफ्तार कर इनसे 135 अवैध देसी पिस्तौल, 2



गन, 1 राईफल, 93 जिंदा रौंद व 11 मैग्जीन बरामद की गई है। जिला पानीपत पुलिस ने अवैध हथियारों सहित आरोपियों को पकड़ने के साथ ही हथियारों की सप्लाई की चैन को भी तोड़ने में कामयाबी हासिल की है।

**हत्या व जानलेवा हमला की वारदातों में हथियारों के प्रयोग में आई कमी:** पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने बताया कि उक्त अभियान के परिणाम स्वरूप

**मांग**

**8 आमजन पुलिस के आंख व कान है। उनसे मिलने वाली सूचनाओं से ही पुलिस अपराध पर अंकुश लगा सकती है**

वर्ष 2022 की तुलना में वर्ष 2023 में हत्या व जानलेवा हमला की वारदातों में हथियारों के प्रयोग में कमी देखने को मिली। वर्ष 2022 में हत्या के 72 मामलों में से 8 मामलों में हथियारों का प्रयोग हुआ था। वहीं वर्ष 2023 में हत्या के 63 मामलों में 8 मामलों में अवैध हथियारों का प्रयोग हुआ है। इसी प्रकार जानलेवा हमला के वर्ष 2022 में 50 मामलों में से 18 मामलों में हथियारों का प्रयोग हुआ है। वही 2023 में जानलेवा हमला के 39 मामलों में से 10 मामलों में अवैध हथियारों का प्रयोग हुआ है।

**स्नेचिंग की वारदातों में हथियारों के प्रयोग में कमी आई:** वर्ष 2022 की तुलना में वर्ष 2023 में स्नेचिंग की वारदातों में हथियारों के प्रयोग में कमी देखने को मिली। वर्ष 2022 में 15 मामले आए थे वही वर्ष 2023 में 13 मामले आए है जिसमें अवैध हथियार का प्रयोग हुआ है। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने कहा कि जिले को अपराध मुक्त और शांति स्थापित रखने के लिए लोगों का सहयोग जरूरी है। आमजन पुलिस के आंख व कान है। उनसे मिलने वाली सूचनाओं से ही पुलिस अपराध पर अंकुश लगा सकती है। जिला वासी पुलिस को पूरा सहयोग देते रहे है, जिसके परिणाम स्वरूप ही पुलिस जिले में होने वाली बड़ी वारदातों और गैंगवार को टालने में कामयाब रहा है। जिला वासियों से अपील है कि वे आगे भी इसी प्रकार एक जिम्मेदार नागरिक होने का फर्ज निभाते हुए जिला को अपराधों मुक्त करने में पुलिस का सहयोग करें।

**वर्ष 2023 में अवैध हथियारों के खिलाफ की गई 4 बड़ी कार्रवाई**

**एंटी** व्हीकल थेफ्ट पुलिस टीम ने 18 दिसम्बर 2023 को चैटाला रोड पर अवैध हथियारों के सप्लायर सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से 6 देसी पिस्तौल, 5 मैग्जीन व 4 जिंदा रौंद बरामद किये थे। आरोपी मध्यप्रदेश के धार जिला से उक्त हथियार खरीदकर सप्लाई के लिए आया था।

## अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुण्ड मेला में कुरुक्षेत्र के कलाकारों ने दिखाए अभिनय कौशल

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

**फरीदाबाद** में आयोजित 37वें अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुण्ड मेला में कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग, हरियाणा के सौजन्य से विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करवाया जा रहा है। जिसमें हरियाणा के अतिरिक्त विभिन्न राज्यों के लोक कलाकारों द्वारा अपनी लोक संस्कृति को दिखाते हुए नृत्य तथा गायन की प्रस्तुतियां दी जा रही है। इसके अलावा युरोप, साउथ अफ्रीका, घाना, जाम्बिया, साओ तोमे और प्रिसिंपी आदि देशों के कलाकार भी अपने देश की संस्कृति की झलक सूरजकुण्ड मेले में दिखा रहे हैं। इसी कड़ी में कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा द्वारा शनिवार को हास्य नाटक गई भैंस पाणी में का मंचन करवाया गया। न्यू उत्थान




थियेटर ग्रुप कुरुक्षेत्र के कलाकारों द्वारा मंचित नाटक के दौरान मंच संचालन आरजे मानव ने किया। विकास शर्मा के लेखन और निर्देशन से सजे नाटक ने हास्य रस में लोगों को डुबकियां लगवाते हुए बड़े ही रोचक ढंग से साईबर क्राईम से बचने का संदेश दिया। नाटक में एक ऐसे परिवार में घटित घटना को दिखाया गया जो लालच में आकर गरीब बनने का ढोंग करते हुए साईबर क्राईम के शिकार हो जाते हैं। नत्थू और फुल्लो का बेहद अमीर परिवार हैए जिसमें उनके दो बेटे और एक बहन भी साथ रहती है। एक दिन एक साईबर ठग गांव की भोली.भाली जनता को गुमराह करके अमीर बनाने का सपना दिखा देता है। जिसके कारण फुल्लो और उसका परिवार अमीर होते हुए भी गरीब बनने का ढोंग करते है। परिवार का प्रत्येक सदस्य हास्य और हाजिर जवाबी के अंदाज में अपने.अपने ढंग से साईबर ठग को अपनी गरीबी का प्रमाण देता है।

## न्यूज फ्लैश

### घर घर कॉग्रेस हर घर कॉग्रेसह्व के तहत ग्रामीणों की समस्याए सुनने पहुचे कॉंग्रेस के वरिष्ठ नेता महेन्द्र कादियान

**पानीपत/कमाल हुसैन**



**गाँव निम्बरी** और राजाखेड़ी मे लोगों ने महेन्द्र कादियान का ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। वहा पर बहुत लोग एकत्रित हुए ग्रामीणों ने महेन्द्र कादियान को अपनी समस्याए बताई। महेन्द्र कादियान ने कहा की भाजपा सरकार लोगों को बेवकूफ बना रही है। सरकारी कितनी पोस्ट खाली पड़ी है लेकिन लोगों को रोजगार नहीं मिल रहा है भ्रस्टाचार का बोलबाला है भाजपा सरकार के कारण हमारे देश के पढे-लिखे नौजवान को रोजगार नहीं मिल रहा जिसके कारण हमारे देश के पढे-लिखे युवाओं को रोजगार के लिए बाहर विदेशों मे अपने परिवारों से दूर रहना पड़ है। सभी लोगों की समस्याए सुनते हुए महेन्द्र कादियान ने कहा की कॉंग्रेस सरकार आते ही वो पूरी कोशिश करेंगे की सभी पढे-लिखे युवाओ को रोजगार मिले। और जो भी नीतीय चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने चलाई थी शिक्षा और खेल नीति वो भी दुबारा चलाया जाएगा। लोगों को महेन्द्र कादियान पर बहुत विश्वास है और लोगों को पूरी उम्मीद है की कादियान जी कॉंग्रेस सरकार के आते ही उनकी सभी समस्याओ का हाल करेंगे। लोग बहुत खुश थे और सभी ने ह्लमहेन्द्र कादियान जिंदा बाद का नारा लगायाह्व इस मौके पर पूर्व सरपंच निम्बरी सोनू शेरवाल, युग श्रीवास्तव, अनुराग मिश्रा, धनपत राणा ईश्वर कादियान, बिलुराम, करमबीर सिंह, रणवीर राणा, सोमवीर शर्मा, राजकुमार शर्मा, युवराज भारद्वाज, अनिल गुप्ता, रणविजय सिंह, भूषण वर्मा , मौजूद रहे।

### फिर से न लगे कुंडली बार्डर पर पंजाब के किसानों का जमावड़ा

**सोनीपत: कुंडली बॉर्डर** पर फिर से पंजाब के किसानों का जमावड़ा नहीं लगना चाहिए। इस एक स्वर में किसान संगठनों तथा खाप प्रतिनिधियों, उद्योगपतियों, सरपंचों व गणमान्य व्यक्तियों ने पुलिस-प्रशासन से अपील की कि इस बार पूर्ववर्ती हालात न पैदा हों।

पंजाब के किसान संगठनों के 13 अप्रैल को दिल्ली कूच के ऐलान के विरोध में सोनीपत में आवाज उठी कि कुंडली बॉर्डर पर इस बार पंजाब के किसानों का धरना नहीं होना चाहिए। पुलिस-प्रशासन ने पंजाब के किसान संगठनों की घोषणा के दृष्टिद्गत सोनीपत के किसार संगठनों व खाप प्रतिनिधियों, उद्योगपतियों, सरपंचों व गणमान्य व्यक्तियों की बैठक बुलाई। लघु सचिवालय में आयोजित बैठक की अध्यक्षता पुलिस आयुक्त बी. सतीश बालन व उपायुक्त डा. मनोज कुमार कर रहे थे। बैठक में मौजूद आंतिल खाप के हवा सिंह आंतिल प्रधान ने स्पष्टद्द किया कि वे इस आंदोलन का हिस्सा नहीं बनेंगे। पिछले आंदोलन ने सोनीपत को विकास के मामले में दशकों पीछे धकेल दिया। बाजीतपुर सबोली के सरपंच सुनील कटारिया ने मांग की कि पंजाब के किसानों को सोनीपत की सीमा तक न आने दिया जाए। नाथूपुर के सरपंच राकेश ने कहा कि पिछला अनुभव बहुत कड़वा था, जिससे हमारे जिले को अत्यधिक नुकसान हुआ। हमारे युवा भी गलत दिशा में भटक गए। स्थानीय लोगों को बहुत समस्याएं उठानी पड़ी थी। भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधि ने कहा कि बातचीत से रास्ता निकालना चाहिए। पिछली बार जैसा आंदोलन नहीं चाहिए। उद्योगपति एसोसिएशन कुंडली के प्रधान धीरज चौधरी व राई के राकेश देवगन ने एक स्वर में कहा कि वे हर प्रकार से हर सहयोग के लिए प्रशासन के साथ हैं। पिछली बार औद्योगिक क्षेत्र को बहुत ज्यादा नुकसान उठाना पड़ा था। अटेरना के कर्ण सिंह चौहान ने कहा कि किसानों को भी किसान आंदोलन ने बहुत क्षति पहुंचाई। इस क्षेत्र में सब्जी उत्पादक किसान अधिक हैं जो अपनी सब्जियां दिल्ली भेजते हैं, किंतु आंदोलने सब्जियां-फसलें बर्बाद कर दी। नांगल कलां व बढ़ मलिक के सरपंचों ने कहा कि उपद्रवी तरीके से आंदोलन उचित नहीं होता। अपनी मांगों के लिए दूसरों को नुकसान नहीं पहुंचाना चाहिए। साथ ही सुनील खेड़ी, संजीत कुमार खेवड़ा, बबलू सरपंच, प्रदीप चेयरमैन, ओमप्रकाश रसोई, रामकुमार सरपंच दीपालपुर तथा जाटी कलां के सरपंच सतीश कुमार ने भी कहा कि पिछले आंदोलन से आसपास के गांवों को विशेष नुकसान हुआ। इस दौरान पुलिस आयुक्त बी. सतीश बालन ने कहा कि गैर-कानूनी तरीके से विरोध उचित नहीं है। कानून किसान को हाथ में नहीं लेने देंगे। किसी ने कानून तोड़ा तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पिछली बार के अनुभव का फायदा उठाते हुए इस बार स्थिति को गंभीर नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि पुलिस ने हर प्रकार की तैयारी पूर्ण कर ली है। साथ ही उन्होंने हर प्रकार की अफवाहों से भी दूर रहने की अपील की। उन्होंने सहयोग का भरोसा देने के लिए सबका आभार भी जताया। उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने कहा कि एमएसपी राज्य सरकार का मामला है और हरियाणा राज्य सर्वाधिक एमएसपी दे रहा है। साथ में भावांतर भरपाई योजना का लाभ भी किसानों को दिया जा रहा है। ऐसे में इस प्रकार के विरोध का औचित्य नहीं बनता। पिछले आंदोलन से सोनीपत जिले को भारी नुकसान हुआ था, जो कि इस बार नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों से पूर्ण सहयोग की अपील करते हुए कहा कि वे अपने गांवों में जाकर अन्य लोगों को भी समझायें। बैठक में डीसीपी मनवीर सिंह, डीसीपी गौरव राजपुरोहित, एसडीएम विवेक आर्य, एसडीएम निर्मल नागर, एसडीएम अमित कुमार, एसडीएम ज्योति मित्तल, नगराधीश पूजा कुमारी, एसीपी नर सिंह, एसीपी गोरखपाल राणा आदि अधिकारीगण मौजूद थे।

## सुखबीर सिंह ने किया संजीव गोयल चुनावी कार्यालय का शुभारंभ

**उत्साह**

**8 आम आदमी पार्टी जिला पानीपत के वार्ड 24 में एक चुनावी कार्यालय का शुभारंभ किया गया**

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**आम** आदमी पार्टी जिला पानीपत के वार्ड 24 में एक चुनावी कार्यालय का शुभारंभ किया गया जिसका उद्घाटन राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुखबीर सिंह मलिक द्वारा किया गया। सैकड़ो की संख्या में जनता भी शामिल हुई। शुभकामनाएं देते हुए काफी संख्या में पदाधिकारी भी शामिल हुए।



यह कार्यालय संजीव गोयल द्वारा शुरू किया गया उत्साह देखकर संजीव गोयल द्वारा जनता का धन्यवाद किया गया। आम आदमी पार्टी को जनता द्वारा पूरा समर्थन देने का आश्वासन दिया गया। प्रदीप अनिल संदीप मनोज,देवा उमेश पवन जिंदल दीपक जिंदल उमेश तिवारी रेखा विमला देवी तुलसी गोयल बलबीर सिंह प्रवीण अशोक मुकुल सुधीर राम सागर सनी अनवर अहमद वह बहुत से साथियों ने आम आदमी पार्टी को ज्वाइन किया और आने वाले चुनाव में पूरा समर्थन देने का आश्वासन दिया।

राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुखबीर मलिक ने कहा आने वाला समय आम आदमी पार्टी का है क्योंकि आम आदमी पार्टी गरीबों की जरूर को पूरा करने वाली पार्टी है हमारी पार्टी का में उद्देश्य मूलभूत सुविधाएं देना है आप जनता के हाथ में है अगर आप आम आदमी पार्टी की सरकार बनाते हैं तो तो आपको मूलभूत सुविधाएं तुरंत प्रभाव से मिलने शुरू हो जाएंगी। इस मौके पर संजीव गोयल रमेश गोयल के साथ राकेश चुघ, होशियार सिंह नीलम प्रणामी शालू प्रणामी संतोष शर्मा, चमन लाल, राजकुमार मुंडे,योगेश कोशिक अनिल पांडे कृष्ण यादव,बाबू राम गोयल,विजय गर्ग,मुकेश शर्मा, मनीष दुबे दविंदर बंसल राजीव कंसल प्रितपाल खेड़ा प्रतीक कंसल व बहुत से साथी शामिल हुए।

## शंभु बॉर्डर हुआ सील, किसान नेताओं की धरपकड़ शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**किसानों के** 13 फरवरी को पंजाब से दिल्ली वाया अम्बाला में दिल्ली कूच को लेकर हरियाणा के डीजीपी शत्रुजीत कपूर ने शंभु बोर्ड, सद्दोपुर बोर्ड का निरीक्षण करते हुए यहां पर पुलिस प्रशासन द्वारा किए गये इंतजामों का जायजा लिया। इस मौके पर उनके साथ आईजी अम्बाला रेंज सिबास कविराज, पुलिस अधीक्षक जशनदीप सिंह रंधावा, उपायुक्त अम्बाला डा. शालीन विशेष तौर पर मौजूद रहे।

13 फरवरी को किसानों के दिल्ली कूच को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा शुरू से ही कड़े प्रबंध किए गये हैं। जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन हर गतिविधि पर नजर रखने के लिए रूपरेखा तैयार करते हुए उस पर कार्य भी कर रही है। बीते दो दिन पहले जहां से किसानों के आने की आशंका है, उन स्थानों को चिन्हित करते ह्रुए कईं स्थानों पर नाके लगाने बारे भी निर्देश दिए गये हैं। शंभु बोर्ड के साथ-साथ अन्य सभी नाकों पर पुलिस की व्यापक व्यवस्था की गई है। इसी कड़ी में आज डीजीपी हरियाणा शत्रुजीत कपूर ने उक्त दोनों बोर्डों का निरीक्षण करते हुए यहां पर पुलिस द्वारा जो प्रबंध किए गये हैं, उसकी आईजी अम्बाला व पुलिस अधीक्षक अम्बाला से विस्तृत जानकारी हासिल की।

## 'चौ. चरण सिंह को दिया गया भारत रत्न सम्मान देश के हर किसान का सम्मान'

**समालखा/कुलदीप सिंह**

**केंद्र सरकार** द्वारा किसान मजदूरों के मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह को देश का सर्वोच्च सम्मान "भारत रत्न" देने की घोषणा से हरियाणा के किसान, मजदूर वर्ग में खुशी की लहर दौड़ गई है। भारत रत्न दिए जाने के उपलक्ष्य में शनिवार को समालखा में ताऊ देवी लाल बीएड कॉलेज परिसर में एक सभा आयोजित कर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम धन्यवाद प्रस्ताव पास किया गया। इस सभा की अध्यक्षता जाट धर्मार्थ सभा पानीपत के प्रधान एवं भाजपा जिला सचिव सुभाष कुहाड़ ने की और भाजपा के जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे। भाजपा जिला प्रभारी उमेश शर्मा और भाजपा जिला सचिव सुभाष कुहाड़ ने भी सभा को संबोधित किया` जाट धर्मार्थ सभा के प्रधान सुभाष कुहाड़ ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और भाजपा के गाँव चलो अभियान के जिला संयोजक एवं किसान नेता देव मलिक ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया` सभा के दौरान जय श्री राम, भारत माता की जय, जय जवान-जय किसान सभा को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि देश के पांचवे प्रधानमंत्री और विश्व विख्यात कृषि अर्थशास्त्री चौधरी चरण सिंह का जन्म 23 दिसंबर, 1902 को उत्तर प्रदेश के हापुड़ के नूरपुर में हुआ था>

## ब्राह्मण समाज की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

**धीमान ब्राह्मण** सभा विश्वकर्मा मन्दिर धर्मशाला में समस्त ब्राह्मण समाज की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें ब्राह्मण समाज की सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक व राजनीतिक समस्याओं के साथ भागीदारी पर चिंतन मंथन हुआ। बैठक की अध्यक्षता अशोक शर्मा ने की। सभा में बोलते हुए राज कुमार वत्स ने कहा कि सर्व ब्राह्मण समाज की जनसंख्या हरियाणा में 20 प्रतिशत के लगभग है। परंतु विधान सभा में उपस्थिति केवल 5 प्रतिशत ही है जो की समाज के लिए गहरी चिंता का विषय है। कोसली से आए दयानंद भारद्वाज ने भी अपने विचार रखे



और समाजहित पर चर्चा की। बैठक में ब्राह्मण समाज के प्रमुख व्यक्ति शामिल हुए और सभी ने अपने विचार रखे। ब्राह्मण समाज में आ रही समस्याओं के बारे में अवगत करवाया। ब्राह्मण समरसता अभियान को पूरे प्रदेश में प्रचारित करने का बीड़ा उठाया। इस अवसर पर भारत भूषण पंचकुला, सूर्यकांत अधिवक्ता, दयानंद भारद्वाज कोसली, धर्मवीर शर्मा, अशोक शर्मा, देवेंद्र शर्मा बराड़ा, श्रीराम शर्मा करनाल, सुंदरलाल धीमान, राजकुमार धीमान, अजमेर धीमान, नरेश शर्मा स्नेडी, रोहतास भारद्वाज, विनोद कुमार, तेजपाल, दीपक शर्मा इत्यादि सहित गणमान्य जन मौजूद रहे।

## हिसार पुलिस की भारी वाहनों के लिए एडवाइजरी

**हिसार:** पुलिस अधीक्षक श्री मोहित हांडा, आईपीएस ने कहा है कि 13 फरवरी से प्रस्तावित किसान संगठनों द्वारा दिल्ली कूच के आह्वान के संबध में हरियाणा से गुजरते हुए पंजाब , चंडीगढ़ की ओर जाने वाले सभी मार्ग व्यवसायिक वाहनों के लिए बंद कर दिए गए है। पुलिस अधीक्षक महोदय ने सभी व्यवसायिक वाहन चालकों से अपील की है कि पंजाब और चंडीगढ़ की ओर जाने वाले सभी व्यासायिक वाहनों का हिसार व हरियाणा में प्रवेश वर्जित है। वे किसी अन्य मार्ग का प्रयोग करे। उन्होंने ट्रक यूनियन, ट्रक चालको और जहा जहा जिस भी ढाबे और होटल पर ट्रैको और व्यवसायिक वाहनों का ठहराव होता है।

## चंदन बाल विकास पब्लिक स्कूल दुर्गा कॉलोनी समालखा में वार्षिक समारोह मनाया

**समालखा/कुलदीप सिंह**

**चंदन बाल** विकास पब्लिक स्कूल दुर्गा कॉलोनी समालखा में वार्षिक समारोह मनाया गया। आज के कार्यक्रम का शीर्षक रखा गया वसुधैव कुटुंबकम अर्थात सारी धरती एक परिवार है।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बापौली की तहसीलदार नेहा सहारन तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में नायब तहसीलदार समालखा राहुल राठी , बापौली के नायब तहसीलदार कैलाश चंद्र तथा नरेश कुमार (कानूनगो बापौली) ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर




कार्यक्रम का श्री गणेश किया गया। तत्पश्चात गणेश वंदना और हनुमान चालीसा के माध्यम से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। जैसा कि हमारे आज के कार्यक्रम का शीर्षक था वसुधैव कुटुंबकम अर्थात सारी धरती एक परिवार है आज इसी शीर्षक को दिखाने के लिए चंदन स्कूल के विद्यार्थियों ने पूरे भारत की संस्कृति की झलक प्रस्तुत की। भारत के प्रत्येक राज्य से संबंधित लोक नृत्यों तथा वेशभूषा को प्रदर्शित करते कार्यक्रमों ने उपस्थित सभाजनों को भारत की संस्कृति से रूबरू कराते हुए मनोरंजित किया। अतिथियों के स्वागत के लिए यूकेजी कक्षा के विद्यार्थियों ने वेलकम डांस की प्रस्तुति दी साथ ही नर्सरी के बच्चों ने डिस्को डांस गाने पर नृत्य कर सभी को सम्मोहित किया।

एलकेजी और यूकेजी के बच्चों ने अलग-अलग गानों पर नृत्य ने की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का मन मोह लिया।

## किसान आंदोलन के कारण पंजाब जाने वाले रास्ते बंद

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**

**किसान संगठनों द्वारा** 13 फरवरी को दिल्ली कूच के मद्देनजर पुलिस को अलर्ट मोड पर रखा गया है। रविवार से पंजाब जाने वाले रास्तों पर नाकाबंदी कर वाहनों के रूट को डायवर्ट किया गया है। पुलिस ने गुहला चीका होकर जिला से पटियाला जाने वाले सभी रास्तों को पूरी तरह से बंद कर दिया है। प्रशासन ने केवल एकमात्र रास्ता को खोलकर पटियाला जाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की है। पुलिस पूरी तरह से नजर बनाए हुए है। कैथल की एसपी उपासना ने बताया कि पंजाब जाने के लिए वाहनों का आवागमन के लिए रूट डायवर्ट किया है। पंजाब के साथ लगते सभी

**डायवर्ट**

**8 जो इस दौरान आम नागरिकों के आवागमन के लिए यातायात प्रबंधन व रूट डायवर्ट किया है**

नाके सील रहेंगे।

जो इस दौरान आम नागरिकों के आवागमन के लिए यातायात प्रबंधन व रूट डायवर्ट किया है। एसपी ने बताया कि इसके तहत पंजाब के पटियाला जाने के लिए चीका से कल्लरमाजरा, बौपुर, बलबेहड़ा वाले रास्ते का प्रयोग करें।

## नेशनल मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में चमके पूर्व एईओ जगवीर

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**सोनीपत** जिले के पूर्व सहायक शिक्षा अधिकारी खेल जगवीर सिंह मलिक ने हैदराबाद के बालयोगी स्टेडियम में 8 से 11 फरवरी तक आयोजित पांचवीं नेशनल मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीतकर हरियाणा प्रदेश व सोनीपत जिले का नाम रोशन किया । उन्होंने चैंपियनशिप के दौरान 50-55 आयु वर्ग के 1500 मीटर रेस में शिरकत करते हुए तीसरा स्थान हासिल किया। उनकी इस सफलता से स्थानीय खेल प्रेमियों, शिक्षा विभाग के कर्मचारियों और उनके पैतृक गांव भैंसवाल कलां के लोगों में खुशी का माहौल है। रोहतक मंडल आयुक्त



संजीव वर्मा, उपायुक्त डा. मनोज कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया, भारतीय महिला कुश्ती टीम के पूर्व चीफ कोच कुलदीप मलिक, अंतरराष्ट्रीय कोच राज सिंह छिक्कारा, शमशेर पहलवान भैंसवाल कला, हरियाणा मास्टर्स एथलेटिक्स एसोसिएशन के प्रधान सरदार गुरुचरण सिंह, महासचिव आरके शर्मा, कोषाध्यक्ष आरके अनेजा आदि ने जगवीर सिंह मलिक को उनकी सफलता पर बधाई दी है । अपने समय के दमदार पहलवान रहे जगवीर सिंह मलिक अब एथलेटिक्स में भी जोरदार प्रदर्शन कर रहे हैं । उन्होंने पिछले वर्ष कुरुक्षेत्र के द्रोणाचार्य स्टेडियम में आयोजित चौथी नेशनल मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीतकर खेल के प्रति अपने जज्बे का प्रदर्शित किया था । इसके अलावा वे हरियाणा मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप के 1500 मीटर रेस में स्वर्ण पदक व पांच हजार मीटर रेस में रजत पदक हासिल कर चुके हैं। इन दिनों अकबरपुर बारोटा स्कूल में तैनात जगवीर मलिक ने पहले कुश्ती और अब एथलेटिक्स में राष्ट्रीय स्तर पर पदक हासिल कर युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बने हुए हैं । उन्होंने युवा खिलाडियों का आह्वान किया कि वे जीवन में अनुशासन का पालन करते हुए लगातार कड़ी मेहनत करें। सोनीपत में करीब एक दशक तक बतौर सहायक शिक्षा अधिकारी खेल जगवीर सिंह मलिक ने स्कूली खेलों को पूरा बढ़ावा दिया था। नौकरी करने के साथ -साथ वे ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज के कुश्ती मुकाबले में लगातार हिस्सा लेकर सफलताएं अर्जित करते रहें । वे ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज के कुश्ती मुकाबले में अब तक चार बार रजत व कांस्य पदक जीत चुके हैं, जिसकी बदौलत इन्हें कई स्पेशल इन्क्रीमेंट मिलते रहे हैं।

## सफीदों में गूंजे श्रीराम के जयकारे, बाबा बिंदल ने सुख समृद्धि के लिए करवाया हवन

**टीम एक्शन इंडिया/सफीदों**

**सोनीपत लोकसभा** के सभी 9 विधानसभा क्षेत्रों में प्रभु श्री राम मंदिर आमंत्रण यात्रा निकालने के बाद अब भाजपा लघु उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष बाबा अमित बिंदल ने हवन करने का सिलसिला शुरू किया है। इस कड़ी में रविवार को जींद जिले के सफीदों शहर में स्थित भगवान बाल्मीकि मंदिर में बाबा बिंदल ने हवन करवाकर क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान उनके साथ सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने भगवान बाल्मीकि व



श्रीराम के जयकारे लगाए। बाबा बिंदल ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व पटल पर एक बार फिर भारतीय संस्कृति का परचम लहरा रहा है। मुगलों को महान बताने वालों के दिन अब लद चुके हैं। अब केवल भारतीय संस्कृति ही हमारी वास्तविक पहचान बन रही है। यही कारण है अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर भारतीय सांस्कृतिक समृद्धि का सबसे बड़ा परिचायक बन गया है।

# नरेला: भागवत कथा में बाल लीला सुन मंत्र मुग्ध हुए श्रद्धालु







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली बाहरी** दिल्ली के नरेला में समस्त महिला मंडल की ओर से सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

नरेला के रेलवे रोड़ स्थित नंदीमल धर्मशाला में आयोजित भागवत कथा में सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर धर्म लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

रविवार को पांचवें दिन की कथा में वृंदावन से पधारे कथावाचक श्री कृष्ण स्वामी महामंडलेश्वर ने बाल लीला, गोवर्धन पूजा, छप्पन भोग कथा प्रसंग का सुंदर व्याख्यान किया। कथा में कृष्ण बाल लीलाओं और सुंदर भजनों पर श्रद्धालु जमकर थिरके।

**कथा सुन भाव विभोर हुए भक्त:** कथा में गोवर्धन पूजा की दिव्य कथा सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। इस दौरान कृष्ण स्वामी जी ने गोवर्धन पूजा करते हुए 56 भोग लगाकर प्रसादी का वितरण कराया। कथा के दौरान कृष्ण स्वामी जी ने बताया कि भगवान कृष्ण ने बाल लीला रूप में अनेक लीलाएं की, उनकी हर लीला मानव जीवन को एक नया संदेश देती है। उन्होंने कहा कि जब भगवान श्री कृष्णा बाल रूप में थे तभी मटकी से माखन चुरा लिया करते थे और जब माता यशोदा कहती तब श्री कृष्णा भोलेपन से कहते मैया मैं नहीं माखन खायो, इस दौरान कृष्ण स्वामी जी ने गोपियों संग बाल लीला सहित तमाम बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए उपस्थित श्रोताओं को वात्सल्य प्रेम में सराबोर कर दिया।

उन्होंने पूतना वध और गोवर्धन पर्वत को उंगली पर उठाने की लीला का विस्तृत वर्णन किया तो श्रद्धालु कृष्ण भक्ति में सराबोर और हो गए और पूरा पंडाल भगवान श्री कृष्ण के जयकारों से गूंज उठा। कथा में गिरिराज महाराज की झांकी, गिरिराज पूजन आकर्षण का केंद्र रहे। कथा उपरांत आरती एवं 56 भोग दिव्य प्रसाद वितरित किया गया। कथा में स्थानीय निगम पार्षद श्वेता कमल खत्री, वेदपाल मान, सौरभ खत्री, राजेश शर्मा, मोहित गुप्ता, राधा कृष्ण, अतुल गुप्ता, गौरी शंकर, पियूष मंगला,मनोज मंगला,प्रवीण शर्मा, रमेश चंद्र, श्याम सुंदर गर्ग महावीर गुप्ता मोंटू, सुनील गुप्ता, सुनीता मंगला,संतोष, मनीषा, नेहा गोयल सहित सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।




# ट्रस्ट द्वारा वीरोत्सव-2024 का किया गया आयोजन




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली दिल्ली** के पश्चिम विहार में स्थित भारतीय विद्यापीठ इंस्टीट्यूट ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन एंड मैनेजमेंट में कृष्णा सोशल वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा वीरोत्सव 2024 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को ट्रस्ट के ट्रस्टी राजेश चौहान व अनिता चौहान के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में परिवर्तन से सीए रवि सेठी, गीतांजलि फाउंडेशन की फाउंडर अनु झा और अल्टीमेट फाउंडेशन के फाउंडर संतोष ठाकुर ने अपना भरपूर योगदान दिया।

इस अवसर पर स्कूल के बच्चों को स्कूल बेग, स्टेशनरी और जरूरतमंद व्यक्तियों को राशन वितरित किया गया। इस अवसर पर गणमान्य अतिथि के तौर पर ट्रस्ट के प्रेजिडेंट परमजीत सिंह पम्मा, बीवीपी के डायरेक्टर एम. एन. होडा, नेशनल ह्यूमन राइट्स कमीशन से इसाम सिंह, एसएचओ जे.पी. मीना, एसएचओ प्रभांशु, एसीपी दिनेश कुमार सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन व गणेश वंदना के साथ की गई। इस अवसर पर बच्चों द्वारा डांस भी प्रस्तुत किया गया और गायक कलाकारों ने अपने गानों से कार्यक्रम में चार-चांद लगा दिए।

इस अवसर पर समाजसेवी, डॉक्टर्स, मॉडल्स, मेकअप आर्टिस्ट, सिंगर्स, गायक कलाकार सहित कई वर्ग के लोग उपस्थित रहे।

इस अवसर पर परमजीत सिंह पम्मा ने कहा समिति का लक्ष्य हमेशा जरूरतमंद सहायता करना है और कृष्णा सोशल वेलफेयर ट्रस्ट पिछले कई वर्षों से समाज के हित के लिए कार्य कर रहा हैं।

इस अवसर पर सभी गणमान्य अतिथियों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम की सभी अतिथियों ने प्रशंसा की।

# पेड़-पौधे की रक्षा परिवार की तरह करनी चाहिए: कपाही



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया** हमारे जीवन में पेड़-पौधों का विशेष महत्व है। इसलिए मैं सभी से कहना चाहता हूं कि सभी को पौधारोपण करना चाहिए। उक्त बातें युवा समाजसेवी विशाल कपाही ने कही।

उन्होंने आगे बताया कि पेड़-पौधों से जहां हमें ऑक्सीजन प्राप्त होती है, वहीं इससे क्षेत्र में हरियाली भी बनी रहती है, इसलिए सभी को अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए और दूसरों को भी पौधारोपण करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने आगे कहा कि सभी को अपने जन्मदिन व सालगिरह पर एक पौधा अवश्य ही लगना चाहिए और उस पौधे की रक्षा ठीक उसी प्रकार से करनी चाहिए जिस प्रकार से हम अपने बच्चों की रक्षा करते है। उन्होंने कहा कि पौधारोपण करना केवल वन विभाग का ही कार्य नहीं है, यह हम सभी की जिम्मेवारी है, हम अधिक से अधिक पौधे लगाये।

# ग्रीन आरडब्ल्यूए के कार्यालय का मुकेश गोयल ने किया शुभारंभ





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली दिल्ली** के मजलिस पार्क इलाके में ग्रीन आरडब्ल्यूए ए ब्लॉक मजलिस पार्क के कार्यालय का उद्घाटन दिल्ली नगर निगम नेता सदन मुकेश गोयल ने किया।

इस मौके पर अनुराग गर्ग, रवि वधवा, हरेन्द्र शर्मा प्रधान, काकू चेयरमैन, सुभाष चौधरी वाईस चेयरमैन, मनीष गुप्ता कोषाध्यक्ष, राजेश खुराना सचिव, राजेश शर्मा, विक्की पोपली, नरेश जोशी, रूबी देवी, सौरभ, कन्हैया शर्मा, कमल खन्ना, संजीव कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

इस अवसर पर आरडब्ल्यूए के प्रधान हरेन्द्र शर्मा ने बताया कि इस दौरान नेता सदन व पार्षद मुकेश गोयल से क्षेत्र की कई समस्याओं पर चर्चा भी गई। उन्होंने हमें आश्वासन दिया कि जनता की जो भी समस्याएं है, उनका समाधान किया जायेगा।



**मुकेश गोयल, नेता सदन, दिल्ली नगर निगम:** मैं सभी से कहना चाहता हूं कि आपकी जो भी समस्याएं है, उनका उचित समाधान किया जायेगा। अगर क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति परेशान है तो मेरे पर कार्यालय पर संपर्क कर सकता है। उसकी समस्या का उचित समाधान किया जायेगा।

# आदर्श नगर के अरूणोदय गुप्ता को मिला सुश्रुत अवार्ड




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली** जन औषधि केंद्र के माध्यम से समाजसेवा की राह पर चल रहे दिल्ली के आदर्श नगर निवासी अरुणोदय गुप्ता को सुश्रुत अवार्ड से सम्मानित किया गया हैं।


स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए यह अवार्ड उन्हें केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मंडाविया द्वारा शुक्रवार को दिल्ली के भारत मंडपम में अन्तोदय सेवाधारियों को सम्मानित करने हेतु आयोजित कार्यक्रम में दिया गया। इस मौके पर अरुणोदय गुप्ता ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने देश के नागरिको के लिए प्रधानमंत्री जन औषधि योजना लाकर उनके स्वास्थ्य के साथ-साथ उनकी भावनाओ का भी ध्यान रखा हैं। डिजिटल प्लेटफार्म "मेडिकली स्पीकिंग" द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में एक पैनल परिचर्चा के दौरान अरुणोदय ने कहा की केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजना प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र के माध्यम से देश में स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक नई क्रांति आयी हैं। उन्होंने कहा जहां पहले लोगों को दवाइयों के लिए बहुत खर्चा करना पड़ता था, इस योजना से उनके इस खर्चे में 60 से 70% तक की कमी आई है जो कि किसी भी व्यक्ति के लिए एक बहुत बड़ी राहत हैं।

बतादें की अरुणोदय गुप्ता भारत विकास परिषद् दिल्ली उत्तर प्रान्त के अध्यक्ष भी हैं और भारत विकास परिषद् के माध्यम से समाज में एनि एनीमिया कैंप, स्वास्थ्य जांच शिविर, शिक्षा व स्वास्थ्य जागरूकता के साथ-साथ समाज सेवा के अनेक कार्यक्रम करते रहते हैं।

# मेले में शिक्षको और छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किये सांस्कृतिक कार्यक्रम




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली** सिविल लाईन क्षेत्र के उपनिदेशक शिक्षा शिवकुमार के कुशल प्रशासनिक नेतृत्व एवं अधीनस्थ अधिकारियों, प्रधानाचार्य, अध्यापकों तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों द्वारा टीम भावना के साथ कार्य करने की शैली से यह कार्यक्रम अभूतपूर्व ढंग से सफल रहा। मेले में अध्यापक /अध्यापिकाओं और छात्र-छात्राओं ने भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के सुंदर प्रस्तुतीकरण से सभी का मन मोह लिया। जिसकी भूरि-भूरि प्रशंसा की गई। मेले के अंतिम दिन समापन समारोह का अवसर पर महापौर दिल्ली नगर निगम शैली ओबेरॉय की गरिमामई उपस्थिति रही। महापौर के अतिरिक्त बादली क्षेत्र के विधायक अजेश यादव ने समारोह की शोभा बढ़ाई। निगम पार्षद अजीत यादव, स्थानीय निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा, निगम पार्षद जोगिंदर सिंह, निगम पार्षद मुनेश देवी एवं निगम पार्षद श्री गगन चौधरी भी अतिथियों के रूप में सम्मिलित हुए। अतिथि गण का परंपरागत ढंग से पुष्पों एवं सम्मान चिन्ह देकर अभिनंदन किया गया। उपनिदेशक शिक्षा द्वारा सिविल लाइन क्षेत्र की सत्र 2022-2023 की उपलब्धियां एवं विज्ञान मेले पर रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। अतिथिगण द्वारा विज्ञान मेले में प्रदर्शित मॉडलों का निरीक्षण किया गया। मॉडलों के विषय चंद्रयान-3, प्रदूषण, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, कचरा (अपशिष्ट ) प्रबंधन, सौर ऊर्जा, शरीर के तंत्र, ट्रैफिक नियम, कंप्यूटर टेक्नोलॉजी प्रमुखता से प्रस्तुत किए गए। मेले में छात्रों एवं शिक्षकों की विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई तथा विजेताओं को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मेले में प्रदर्शित मॉडलों को प्रथम, द्वितीय व तृतीय तथा सांत्वना पुरस्कार दिए गए और उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। सत्र 2022-23 में चयनित शिक्षकों एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को शिक्षक पुरस्कार महापौर ने दिये। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता वार्ड जहांगीरपुरी की निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा द्वारा की गई। महापौर ने अपने संबोधन में निगम के अध्यापक/अध्यापिकाओं, छात्र-छात्राओं को बधाई दी एवं निगम शिक्षा विभाग के बच्चों के शिक्षा स्तर और विभाग के क्रियाकलाप की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। महापौर ने शिक्षकों और छात्रों का उत्साह वर्धन भी किया। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग मुख्यालय से अतिरिक्त निदेशक मुक्तमय मंडल ,सिविल लाइन क्षेत्र के सहायक आयुक्त धर्मवीर कुमार सिंह एवं क्षेत्र के उप स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर श्यामवीर सिंह, उद्यान विभाग के अनुभाग अधिकारी राजपाल सिंह मुख्यालय के सहायक निदेशक देवनाथ महतो ने विज्ञान मेले में सभी विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी एवं अन्य उपस्थित अध्यापक अध्यापिकाओं कर्मचारी व छात्र-छात्राओं से भी अगले वर्ष पुरस्कार प्राप्त करने हेतु प्रयास करने की भी अपील की।




उपनिदेशक शिक्षा द्वारा विज्ञान मेले के आयोजन में लगी समस्त टीमों, विद्यालय निरीक्षक आरपी सिंह मेजबान विद्यालय के प्रभारी सुशील कुमार उनका समस्त स्टाफ तथा सिविल लाइन क्षेत्र की मेंटोर टीम, फिजिकल टीम, ड्राइंग टीम, संगीत टीम, अनुशासन टीम आदि के कार्य की सराहना की और मेले के सफल आयोजन पर सभी को बधाई एवं धन्यवाद दिया।

# किसानों को रोकने के लिए हलदाना बोर्डर पर थ्री लेयर बैरिकेडिंग की तैयारी शुरू

दिल्ली कूच

8 किसानों को रोकने के लिए थ्री लेयर बैरिकेडिंग की तैयारी के लिए लगातार सामग्री पहुंचाई जा रही है



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

किसानों को दिल्ली कूच करने से रोकने के लिए प्रशासन ने युद्ध स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी है। पानीपत-सोनीपत की सीमा पर लगते हलदाना बार्डर पर प्रशासन लगातार व्यवस्थाएं बनाने में जुटा हुआ है। किसानों को रोकने के लिए थ्री लेयर बैरिकेडिंग की तैयारी के लिए लगातार सामग्री पहुंचाई जा रही है। मौके पर बड़े-बड़े सिमेंटिड पत्थर के साथ-साथ बेरिकेड्स व कांटे वाले तार भी मंगवा दिए हैं, जिन्हें सड़क के किनारे रखवा दिया गया है। किसान यदि अंबाला बार्डर पार कर आगे बढ़ते दिखे तो हलदाना बार्डर को सील भी किया जा सकता है। फिलहाल बार्डर के दोनो ओर वाहनों का आना-जाना लगातार बना हुआ है।

-सोनीपत पुलिस कमीश्नर ने किया दौरा

सुरक्षा के दृष्टिगत रविवार को सोनीपत पुलिस कमिश्नर बी सतीश बालन ने डीसीपी गौरव राजपुरोहित, डीसीपी मनवीर सिंह के साथ हलदाना बॉर्डर का निरीक्षण किया। इस दौरान पानीपत एसपी अजीत शेखावत, एसीपी गन्नौर गोरखपाल राणा, गन्नौर एसडीएम डा. निर्मल नागर व पानीपत डीएसपी सुरेश कुमार भी उपस्थित रहे।

पुलिस कमिश्नर बी सतीश बालन ने हलदाना बार्डर पर पुलिस व प्रशासन की तरफ से की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया और किसानों को रोकने की रणनीति पर मंथन किया। यदि किसानों की आवाजाही होती दिखी तो किस तरह की व्यवस्थाएं करनी है उस पर विचार विमर्श भी किया गया। उन्होंने अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश देते हुए कहा कि किसान यदि हलदाना बॉर्डर पर पहुंचते हैं तो उन्हें शांतिपूर्ण ढंग से मनाने का प्रयास करें।

-ट्रैक्टर चालकों को 10 लीटर तेल देने का आदेश

एसडीएम डा. निर्मल नागर ने बताया कि उपायुक्त मनोज कुमार के निर्देश पर सुरक्षा के दृष्टिगत पेट्रोल पंप संचालकों को ट्रैक्टर चालकों को 10 लीटर से अधिक तेल न देने के आदेश दिए गए हैं। इसके साथ ही खुले में डीजल और पेट्रोल देने पर पूर्णतया पाबंदी लगा दी है। अगर कोई भी कानून व्यवस्था को भंग करने का प्रयास करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# गांवो में किसानों के साथ लगातार संपर्क में रहें कानूनगो व पटवारी- एसडीएम

बैठक

8 रविवार को एसडीएम डा. निर्मल नागर ने अपने कार्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक की।



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

किसानों को दिल्ली कूच को लेकर रविवार को एसडीएम डा. निर्मल नागर ने अपने कार्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में एसीपी गन्नौर गोरखपाल राणा, तहसीलदार मनोज कुमार, बीडीपीओ पूनम चंदा के अलावा कानूनगो व पटवारी भी उपस्थित हुए।

इस दौरान एसडीएम ने कानूनगो व पटवारियों को निर्देश दिए कि वह अपने-अपने अधीनस्थ गांवो में लगातार किसानों के संपर्क में रहे। किसानों को दिल्ली कूच न करने को लेकर समझाएं। उन्होंने कहा कि विशेष तौर पर लल्हेड़ी, पुगथला व गुमड़ गांव में लगातार नजर बनाए रखें। जिन किसानों के पास ट्रैक्टर है उनके बारे में जानकारी एकत्रित करें। ऐसे किसानों को पता लगाएं जो अपने ट्रैक्टर लेकर दिल्ली जाने की तैयारी कर रहे हैं। उन्हें अपने स्तर पर समझाने का प्रयास करें और साथ ही प्रशासन को भी इस बारे में अवगत करवाएं। किसी भी तरह की सूचना मिलने पर उसे तुरंत पुलिस व प्रशासन के साथ सांझा करें।

## संक्षिप्त खबरें

### गन्नौर गांव के दुकानदारों से मिली विधायक, बदमाशों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का दिया आश्वासन

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

। गन्नौर गांव के मुख्य बाजार में दुकानदारों के साथ हुई मारपीट व चोरी की वारदात के मामले में रविवार को विधायक निर्मल चौधरी पीड़ित दुकानदारों से मिलने पहुंची। विधायक के साथ एसडीएम डा. निर्मल नागर व एसीपी गोरखपाल राणा भी पहुंचे। दुकानदारों ने विधायक को आपबीती सुनाते हुए बताया कि गन्नौर गांव के बाजार में बदमाशी ज्यादा बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि कुछ युवकों ने बाजार में लोगों को परेशान कर रखा है। वह लोगों के साथ मारपीट कर उन्हें धमकियां देते हैं, लेकिन उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं जाती। विधायक ने दुकानदारों को आश्वासन दिया कि क्षेत्र में बदमाशों को पनपने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने मौके पर पुलिस प्रशासन को आरोपितों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने भी आदेश भी दिए।

-पुलिस ने दो आरोपितों को किया गिरफ्तार

गन्नौर थाना पुलिस ने दुकानदारों की तरफ से मिली मारपीट व जान से मारने की धमकी देने की अलग-अलग शिकायतों के आधार पर आरोपित मंकित त्यागी, गोलू त्यागी, रोहित व गौरव के खिलाफ मामले दर्ज कर लिए थे। अब पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार भी कर लिया है। आरोपितों को सोमवार को अदालत में पेश किया जाएगा। पुलिस बाकी आरोपितों को भी गिरफ्तार कर लेगी।

### चीनी मिल पेराई सत्र- चीनी का 9.81 प्रतिशत पहुंचा रिकवरी रेट, प्रदेश में तीसरे स्थान पर पहुंचा मिल

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

किसानों को हाईटेक सुविधाएं देने में अव्वल सोनीपत चीनी मिल अब रिकवरी के मामले में भी तेजी से अन्य मिलों को पीछे छोड़ता जा रहा है। जिसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सोनीपत चीनी मिल की रिकवरी रेट 9.81 प्रतिशत तक पहुंच गई है। जोकि शाहबाद व जींद चीनी मिल के बाद प्रदेश में तीसरे स्थान पर है। एक दिन में 10 प्रतिशत की रिकवरी रेट प्राप्त करके सोनीपत चीनी मिल ने दोनों ही मिलों को जल्द पीछे छोड़ने की उम्मीद भी जगाई है।

बता दें कि सोनीपत चीनी मिल में मौजूदा पेराई सत्र की शुरूआत के बाद से ही लगातार तेज गति से गन्ने की पेराई की जा रही है। सोनीपत चीनी मिल में नवंबर माह में शुरू हुए पेराई सत्र में अब तक महज 65 घंटे का ही ब्रेक डाउन हुआ है। ऐसे में गन्ने की रिवकरी रेट काफी बेहतर हुई है। सोनीपत चीनी मिल में अब तक करीब 15 लाख क्विंटल गन्ने की पेराई हुई है। पिछले 24 घंटे के अंदर करीब 17 हजार क्विंटल गन्ने की पेराई हुई है। सोनीपत चीनी मिल प्रशासन ने अप्रैल माह के अंतिम दिनों तक पेराई के लक्ष्य को पूरा करने का फैसला किया है। मिल प्रशासन का लक्ष्य 10 प्रतिशत से अधिक रिकवरी रेट प्राप्त करना है। ऐसे में किसानों को मिल प्रशासन ने निर्देश दिए है कि वे ग्रीन टॉप गन्ना लेकर न पहुंचे। साफ-सुथरा गन्ना लेकर आने से रिकवरी रेट बेहतर होता है।

किसान आदोंलन को लेकर मिल प्रबंधन ने किया निर्देश जारी-

वहीं दूसरी तरफ सोनीपत चीनी मिल ने किसानों के दिल्ली कूच प्रदर्शन को देखते हुए सर्कल 3 व सर्कल 4 के किसानों का आह्वान किया है कि इस दिन मिल में गन्ना लाने के लिए जीटी रोड का इस्तेमाल न करे, बल्कि वैकल्पिक रास्तों से होते हुए सोनीपत चीनी मिल में गन्ना पहुंचाने का काम करे। पंजाब के किसानों के दिल्ली कूच के आह्वान के कारण जीटी रोड पर से यातायात व्यवस्था पर असर पड़ सकता है।

---------------------------------------------------------------

चीनी मिल में गन्ने की रिकवरी रेट इस बार बेहतर है। अब तक करीब 15 लाख क्विंटल गन्ने की पेराई का काम पूरा किया जा चुका है। अब तक 9.81 प्रतिशत की रिकवरी रेट से सोनीपत चीनी मिल प्रदेश में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। वहीं एक दिन की रिकवरी रेट 10 प्रतिशत भी रही है, जोकि पूरे प्रदेश में सबसे बेहतर है। उच्च अधिकारियों के दिशा-निर्देश पर मिल में कार्य करने का काम किया जा रहा है।

## पुगथला में किराने की दुकान से 90 हजार की नकदी व सिगरेट चोरी

**गन्नौर** । पुगथला गांव में चोर किराने की दुकान से हजारों रुपयों की नकदी व सिगरेट की डिब्बियां चोरी कर ले गए। दुकानदार ने चोरी की शिकायत खुबड़ू झाल पुलिस चौकी में दी। शिकायत में पुगथला गांव के मोहित ने बताया कि उसने अपने मकान के अंदर मेन गली पर किरयाने की दुकान खोल रखी है। उसने धान की फसल बेचकर उसके रुपये दुकान के गल्ले मे रखे हुए थे। 10 फरवरी की रात चोर उसकी दुकान में घुस आए और गल्ले में रखे 90-92 हजार रुपये व 140 डिब्बी सिगरेट की डिब्बियां चोरी कर ले गए। सिगरेट की डिब्बयों की कीमत करीब 14 हजार रुपये थी। पुलिस ने मोहित की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# भाजपा में शामिल होना अत्यंत गौरव का विषय : योगेंद्र राणा

कार्यक्रम

8 गांव मंचूरी के सरपंच सहित सैंकडों की संख्या मे लोग हुए भाजपा में शामिल

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस**। गाँव मन्चुरी में सरपँच जितेंद्र द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष योगेंद्र राणा ने की। कार्यक्रम में गांव के सरपंच जितेन्द्र, पंचायत मैम्बर बीरभान, पंच दिलेर, पंच गुरमीत, पंच रणधीर, कश्यप समाज प्रधान रोहताश कश्यप, मोहन कश्यप, सुरेन्द्र कश्यप, राजू वाल्मीकि, सुनील पाल व अन्य सर्मथकों सहित भाजपा में शामिल हुए।



भाजपा जिला अध्यक्ष योगेन्द्र राणा ने सभी का भाजपा पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाई व उनका भाजपा पार्टी में शामिल हाने पर पटका पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान गांव वासियों ने जिला अध्यक्ष योगेंद्र राणा का पुष्पगुच्छ देकर व फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि भाजपा पार्टी की जन कल्याण की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के साथ-साथ पार्टी में अधिक से अधिक लोगों को जोड? का काम करेंगे।

उन्होंने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बडी पार्टी है और इस पार्टी में शामिल होना अपने आप में अत्यंत गौरव का विषय है। उन्होंने भाजपा के इतिहास के बारे जानकारी देते हुए हुए कहा कि भारत को एक सुदृढ़, समृद्ध एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए पार्टी कृतसंकल्प है तथा भारत को एक समर्थ राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के साथ भाजपा का गठन 6 अप्रैल, 1980 को नई दिल्ली के कोटला मैदान में आयोजित एक कार्यकर्ता अधिवेशन में किया गया था। आज भाजपा 18 करोड़ से अधिक सदस्यों के साथ यह विश्व का सबसे बड़ा राजनैतिक दल है। उन्होंने विश्वास जताया कि लोकसभा चुनाव में इस बार बीजेपी की 400 से अधिक सीटे आएंगी।

इस दौरान गांव पक्काखेडा के पूर्व सरपंच मेहर सिंह, गांव उपलाना सरपंच प्रतिनिधि राम स्वरूप, जिला सोशल मीडिया प्रमुख बब्बू मंजूरा एवं गांव के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे ।

# भारत बंद को लेकर सोनू मालपुरिया ने किया जनसम्पर्क

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा 11 फरवरी ( कुलदीप सिंह )**

गांव बिहौली में दादा खेड़ा पर ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए किसान यूनियन (टिकैत) के प्रदेश महासचिव सोनू मालपुरिया ने कहा कि 16 फरवरी को किसानों की मांगों को लेकर भारत बंद किया जाएगा। जोकि पूरी तरह से शांतिप्रिय ढंग से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसको लेकर वो अपनी टीम के साथ गांव-गांव जाकर ग्रामीणों, किसानों से चौपाल पर चर्चा की जा रही है साथ ही उनसे भारत बंद में शामिल होने का आह्वान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जो किसान हमारे लिए संघर्ष कर रहे हैं हमें उनके लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि दिल्ली कूच को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा जैसा भी आदेश देगा उसी के अनुरूप कदम उठाए जाएंगे। केन्द्र सरकार को किसानों की मांग मान लेनी चाहिए।



## घर में घुसकर मारपीट करने व धमकी देने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत**

शहर थाना क्षेत्र की इंडियन कॉलोनी में घर के अंदर घुसकर मारपीट करने व अभद्रता करने के आरोप का मामला सामने आया है। महिला ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित दंपति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है इंडियन कॉलोनी निवासी सुमन ने बताया कि उसके पड़ोस में रहने वाला दंपति उसके साथ अक्सर अभद्रता करते रहते है। उसे बात-बात पर गाली-गलौच करते रहते है। गत तीन फरवरी को करीब नौ बजे राजेंद्र व उसकी पत्नी उसे धमकी देने लगे।

# लोकसभा चुनाव में जीत को एतिहासिक बनाने के लिए भाजपा के आला नेताओं ने किया मंथन



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

लोकसभा चुनाव में जीत को एतिहासिक बनाने के लिए हरियाणा भाजपा के नेताओं में हर दिन गहन मंथन हो रहा है। प्रदेश की 10 की दस सीटों पर जीत तय मानकर चलने वाले नेताओं द्वारा एक-एक सीट पर बारिकी से विचार किया जा रहा है। प्रदेश प्रभारी एवं चुनाव प्रभारी बिप्लब कुमार देब के निवास पर प्रदेश के आला नेताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक में घंटों इस बात पर चर्चा हुई कि किस तरह हर सीट को वोटों के एतिहासिक अंतर से जीता जाए। प्रदेश प्रभारी एवं चुनाव प्रभारी बिप्लब देब के निवास पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी, चुनाव सह प्रभारी सुरेन्द्र नागर और संगठन मंत्री फणींद्र नाथ शर्मा पहुंचे और संगठनात्मक विषयों व चुनाव को बड़े मार्जिन से जीतने पर चर्चा की। सभी नेताओं के चेहरे पर आगामी जीत को लेकर पूर्ण विश्वास दिखाई दिया। हालांकि इसके बावजूद इस बात पर इन नेताओं ने घंटों मंथन किया कि दसों सीटें एतिहासिक वोट लेकर जीतने के लिए क्या-क्या कदम उठाए जाने चाहिए और किस प्रकार की रणनीति अपनानी चाहिए। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हरियाणा दौरे पर विस्तार से चर्चा के अलावा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तैयार की गई।

प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी की अध्यक्षता में हुई यह बैठक इस मायने में भी महत्वपूर्ण रही कि इसमें चुनाव प्रभारी और सह प्रभारी दोनों ही मौजूद रहे। हरियाणा में लोकसभा चुनाव सह प्रभारी सुरेन्द्र नागर की सभी नेताओं के साथ यह पहली बैठक रही। जानकारी के मुताबिक बैठक में प्रदेश भर में चलाए जा रहे गांव चलो अभियान को लेकर भी बात हुई।

बताया जा रहा है कि दूसरी पार्टियों के कुछ बड़े नेता भी लगातार भाजपा में आने के लिए भाजपा नेताओं से संपर्क कर रहे हैं। ऐसे में भाजपा में नई ज्वाइनिंग पर भी इस बैठक में चर्चा हुई।

पार्टी के नेताओं को यह विश्वास है कि मोदी सरकार और मनोहर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से हरियाणा का माहौल बदला है।

# सोनीपत के गांव भट्ट गांव में देखने को मिली एक अनोखी पहल

गौ भक्त

8 27 वर्षीय गौ माता के स्वर्ग सिधारने पर की सत्रहवीं** सच्चे गौ भक्त का उदाहरण है - जयहिन्द



**रविवार** 11 फरवरी को नवीन जयहिन्द सोनीपत के गांव भट्टगांव में पहुंचे जहां सोनू पहलवान ने अपनी 27 वर्षीय गाय के देहांत पर सत्रहवीं की। आमतौर पर देखा जाता है कि 70 वर्षीय बुजुर्ग के स्वर्ग सिधारने पर सत्रहवीं की जाती है लेकिन इस अनोखी शुरूआत को देखते हुए नवीन जयहिन्द ने सोनू पहलवान का धन्यवाद किया।

जयहिन्द ने इसे एक सच्ची गौ भक्ति का उदाहरण बताया कि 10 साल तक गौ माता जिसका नाम परिवार के लोगो ने बांदर रखा हुआ था वह दूध देने योग्य नही थी लेकिन फिर भी सोनू पहलवान व परिवार के लोगो ने निस्वार्थ भाव से गऊ की बहुत सेवा की। वरना आजकल देखने को मिलता है कि बिना स्वार्थ के कोई गाय नही रखता।

आपको बता दें कि भट्टगांव हरियाणा का एक ऐसा गांव है जहां बहुत समय पहले रूस के राष्ट्रपति बुलगानिन भी आ चुके है और दारा सिंह व किंग कोंग की भी कुश्ती हो चुकी है।

# जो काम महीनों में नहीं होते थे वे अब दिनों में हो रहे हैं: मनोहर लाल

आह्वान

8 इस दौरान मुख्यमंत्री ने एक बार फिर मोदी सरकार बनाने का हरियाणा की जनता से आह्वान किया।

**टीम एक्शन इंडिया/पचकूला**

ह्यह्यगांव चलो अभियानह्लह्ल के तहत मुख्यमंत्री मनोहर लाल रविवार को पंचकूला के सेक्टर-15 स्थित माता मनसा देवी मंडल बूथ नंबर 114 में पहुंचे। मुख्यमंत्री ने यहां कार्यकताओं के साथ संगठनात्मक चर्चा की और बूथों को मजबूत करने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी कार्यकर्ता हरेक बूथ पर 51 प्रतिशत से ज्यादा मत हासिल करने के अभियान में अभी से जुट जाएं। उन्होंने कार्यकताओं से केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कार्यकताओं से योजनाओं का फीडबैक भी लिया और आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा भी की। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बैठक से पहले दीवार लेखन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने एक बार फिर मोदी सरकार बनाने का हरियाणा की जनता से आह्वान किया। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, राष्ट्रीय परिषद सदस्य बंतो कटारिया, जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा, स्थानीय पार्षद जय कौशिक, मंडल अध्यक्ष युवराज भी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल बूथ पालक आशीष गुलेरिया के घर पहुंचे और वहां उपस्थित कार्यकताओं से पार्टी के की-वोटरों की चर्चा की। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव नजदीक आ चुके हैं ऐसे में कार्यकर्ता ज्यादा से ज्यादा लोगों को पार्टी से जोड़ें। उन्होंने कहा कि नए मतदाताओं पर ज्यादा फोकस करें और उन्हें मोदी सरकार और हरियाणा की सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने जो-जो ऐतिहासिक कार्य किए हैं उनकी जानकारी जनता के बीच जाकर दें।

गांव चलो अभियान के तहत मुख्यमंत्री ने लाभार्थियों से भी सीधा संपर्क किया। मुख्यमंत्री ने घर-घर जाकर लाभार्थियों से सरकार की योजनाओं के बारे में पूछा। उत्साह से भरे लोगों ने मुख्यमंत्री की जमकर तारीफ की और कहा कि परिवार पहचान पत्र के कारण उनके काम अपने आप हो रहे हैं। लोगों ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल को आयुष्मान कार्ड, चिरायु कार्ड व अन्य दस्तावेज भी दिखाए और बताया कि उनके काम बिना किसी परेशानी के हो रहे हैं।

इसके बाद मुख्यमंत्री ने जैन भवन में प्रबुद्ध लोगों से मुलाकात की और सरकार की योजनाओं को लेकर चर्चा की।

संगठनात्मक बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि जनता के जो काम महीनों महीनें नहीं होते थे वे काम अब दिनों में हो रहे हैं। सरकारी कामों में पारदर्शिता और तत्परता हमारी सरकार की बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार प्रयोगधर्मी है, व्यवस्था परिवर्तन में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। परिवार पहचान पत्र पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का विपक्ष ने काफी विरोध किया लेकिन अब इसके परिणाम सुखद आ रहे हैं।

बूथ पर हुई संगठनात्मक बैठक में बूथ अध्यक्ष हरिचंद गेरा, बूथ पालक आशीष गुलेरिया, बूथ सचिव रामेश्वर दत्त, सुनील कुमार, बीएलए-2 रूपचंद गौतम, ओबीसी प्रमुख देवी चंद, अल्पसंख्यक प्रमुख सहजाद खान, मन की बात प्रमुख धर्मपाल मंगला, वाट्सअप प्रमुख हिमांशु धीमान, लाभार्थी प्रमुख वरूण गुप्ता, की वोटर प्रमुख मुकेश अग्रवाल, महिला मंडल श्रीमती कमल गुप्ता, सोनिया महाजन आदि उपस्थित रहे।

# सूर्य नमस्कार के अभ्यास से शरीर होता है मजबूत : दिनेश गुलाटी

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस**। तिकोना पार्क योगा शेड सेक्टर 6 में मेरा मिशन स्वस्थ भारत टीम योग कक्षा के दूसरे दिन ने योगा शेड में भारी संख्या में उपस्थित साधकों को सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया। शिक्षक देवेश भाटिया ने सूक्ष्म व्यायाम के साथ आसनों का अभ्यास करवाया, जो शरीर का संतुलन बनाए रखने में सहायक होते हैं। शिविर के दूसरे दिन इतनी सर्दी में भी साधकों ने गर्मी का एहसास किया।



मिशन प्रमुख दिनेश गुलाटी ने कहा कि नित्य प्रति योग करने से न सिर्फ केवल हमारा शरीर स्वस्थ होता है, अपितु हम मानसिक रूप से भी स्वस्थ होते हैं। रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और शरीर से विषैले पदार्थ बाहर निकलते हैं। सूर्य नमस्कार का अभ्यास प्रतिदिन करने से हमारा शरीर मजबूत होता है। इस अवसर पर मिशन की शिक्षिका वीना धीर, बरखा जिंदल, ईशा धवन, रीता कुमारी, पूनम खन्ना, नवीन जिंदल, देवेश भाटिया, ममता धवन, भूपिंदर कुमार और साधक उपस्थित रहे।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



**फास्ट न्यूज**

## लॉरेंस, रोहित व विक्रम गुर्जर गैंग के दो सक्रिय बदमाश को गिरफ्तार

**जयपुर:** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने सीकर जिले के खंडेला थाना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए श्रीमाधोपुर थाने के हिस्ट्रीशीटर की हत्या की फिराक में आए लॉरेंस बिश्नोई, रोहित गोदारा व विक्रम गुर्जर उर्फ विक्रम बामरडा गैंग के दो सक्रिय गुर्गों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में अवैध हथियार बरामद किए हैं। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अपराध व एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) दिनेश एमएन ने बताया कि टीम को जानकारी मिली कि सीकर जिले में गैंगवार होने की आशंका है। लॉरेंस बिश्नोई, रोहित गोदारा व विक्रम गुर्जर उर्फ विक्रम बामरडा गैंग के कुछ बदमाश श्रीमाधोपुर थाने के हिस्ट्रीशीटर ओमप्रकाश सामोता उर्फ ओपी (27) निवासी सामोता की ढाणी तन शिवपुरा थाना श्रीमाधोपुर जिला नीमकाथाना की हत्या के इरादे से अवैध हथियार लेकर घूम रहे हैं।

एडीजी एमएन ने बताया कि इस पर सूचना को डवलप करने के लिए पुलिस टीम को रवाना किया गया। बदमाशों के खंडेला थाना क्षेत्र में होने की पुख्ता जानकारी के बाद थाना पुलिस के सहयोग से एक बोलेरो में आ रहे बदमाशों को घेर कर बदमाश बोदूराम गुर्जर (26) निवासी पनिहार वास थाना खंडेला एवं बंटी गुर्जर (23) निवासी सेवली खंडेला को दबोच लिया। बदमाश सरदार गुर्जर (23) निवासी फतेहपुर भोमियान तथा राजकुमार गुर्जर (22) निवासी सेवली थाना खंडेला रात के अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गये। पकड़े गए बदमाशों के पास से टीम ने दो अवैध पिस्टल, तीन मैगजीन, दो कारतूस 7.65 एमएम, 12 बोर के पांच कारतूस बरामद कर थाना खंडेला में आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया। फरार आरोपितों पकड़ने एक टीम गठित कर तलाश की जा रही है। इस कार्रवाई में एडिशनल एसपी विद्या प्रकाश का कुशल नेतृत्व एवं एएसआई बनवारी लाल शर्मा, हेड कांस्टेबल सोहन सिंह, पर्वत सिंह, कांस्टेबल जितेंद्र सिंह व सोहन देव की विशेष भूमिका रही तथा हेड कांस्टेबल करणी सिंह, कांस्टेबल सतेन्द्र सिंह व मुकेश कुमार का तकनीकी सहयोग रहा। बदमाशों की गिरफ्तारी में खंडेला थाना पुलिस का सहयोग रहा।

## सीआईडी की सूचना पर पकड़ा 26 किलो डोडा व 580 ग्राम अफीम

**जयपुर: पुलिस मुख्या**लय की स्पेशल टीम क्राइम इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट (सीआईडी क्राइम ब्रांच) टीम की सूचना पर जोधपुर पश्चिम जिले की शास्त्री नगर थाना पुलिस की टीम ने थाना क्षेत्र के मिल्क मैन कॉलोनी निवासी मादक पदार्थ तस्कर सोनाराम विश्नोई (49) को गिरफ्तार कर उसके घर से 26 किलो डोडा और 580 ग्राम अफीम बरामद की है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि सीआईडी टीम को सूचना मिली कि जोधपुर कमिश्नरेट के थाना शास्त्री नगर निवासी सोनाराम अवैध मादक पदार्थ का काम करता है, जिसके घर पर दबिश दी जाए तो भारी मात्रा में मादक पदार्थ मिल सकते हैं। इस सूचना को टीम द्वारा डवलप कर पुष्टि की गई। सूचना पुख्ता होने के बाद शास्त्री नगर थाना पुलिस को जानकारी देकर तुरंत दबिश देने को कहा गया। इस पर थाना पुलिस टीम ने रविवार को आरोपी सोनाराम के मिल्कमैन कॉलोनी स्थित घर पर दबिश दी।

# रामलला का दर्शन कर भावुक हुए विधायक

## लग्जरी बसों में सवार सभी विधायकों ने इस पुण्य कार्य के लिए सीएम योगी का जताया आभार

**राम धुन**

सत्ता पक्ष के साथ साथ विपक्षी दलों के विधायक भी पूरी तरह राम धुन में मगन दिखाई दिए

**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**

मुख्यमंत्री योगी और विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना के आग्रह पर रविवार को समाजवादी पार्टी को छोडकर सभी दलों के विधायक और योगी सरकार के विधायक, मंत्री प्रभु श्रीराम लला के दर्शन करने अयोध्या पहुंचे। इस अवसर पर परिवहन निगम की लग्जरी बसों में सवार सभी विधायकों ने इस पुण्य कार्य के लिए सीएम योगी का आभार जताया। सत्ता पक्ष के साथ साथ विपक्षी दलों के विधायक भी पूरी तरह राम धुन में मगन दिखाई दिए। उल्लेखनीय है कि अयोध्या



दर्शन करने पहुंचे विधायकों में बीजेपी के सहयोगी दलों के साथ साथ आरएलडी, बसपा और कांग्रेस के भी विधायक शामिल हुए। जिन बसों से विधायकों को अयोध्या ले जाया गया, उन बसों के अंदर रामधुन भी बजाई गई। तमाम तरह के फूल लगाए गए हैं। खाने-पीने की व्यवस्था भी की गई है। इसके अलावा मंत्रियों और विधायकों को मेमोरी के लिए एक बैग दिया जा रहा है, जिसमें एक डायरी, एक कैलेंडर और पेन इत्यादि रखा हुआ है।

**ऐतिहासिक और कभी न भूलने वाला क्षण:** इस अवसर पर बीजेपी और घटक दलों के विधायकों ने कहा कि यह 500 वर्षों बाद बड़ा पुनीत कार्य हुआ है।

हम सबने सपना देखा था की एक दिन प्रभु श्रीराम का मंदिर बनेगा और आज न सिर्फ मंदिर बन गया है, बल्कि दर्शन का अवसर भी मिल रहा है।

### 'पीएम मोदी और सीएम योगी को इतिहास हमेशा याद रखेगा'

**विधायक ने** कहा कि पीएम मोदी और सीएम योगी को इतिहास हमेशा याद रखेगा। एक विधायक ने बताया कि दर्शनों का इतना उत्साह था कि रात भर नींद भी नहीं आई। इस दौरान ज्यादातर विधायकों ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और उनके विधायकों के प्रभु राम के दर्शनों के लिए नहीं आने पर आलोचना भी की।

**व्यवस्था से गदगद हुए विधायक:** इस मौके पर मीडिया से बातचीत में कांग्रेस विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि अवध से हमारा पुराना रिश्ता है। बचपन से यहां आती रही हूं। आज दर्शन का बहुत ही पुण्य अवसर है। वहीं बसपा के विधायक उमाशंकर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष का आभार जताते हैं कि उन्होंने यह अवसर उपलब्ध कराया है। जो व्यवस्था की गई है वो अद्भुत है। उन्होंने कहा कि सपा के लोग इस मुद्दे पर राजनीति कर रहे हैं। हमारी पार्टी सेक्युलर है। हम सभी धर्मों का सम्मान करते हैं। वहीं निषाद पार्टी के अध्यक्ष और सरकार में मंत्री संजय निषाद ने कहा कि आज बहुत बड़ा दिन है। जैसे विधानसभा में सभी दल एक साथ बैठते हैं उसी तरह आज पूरी विधानसभा प्रभु राम के दर्शन किए। उन्होंने कहा कि प्रभु राम के साथ निषादराज का बहुत भावुक संबंध था और ये मेरा सौभाग्य है की इतने वर्षों बाद प्रभु के दर्शन करने का अवसर मिल रहा

**विधानसभा अध्यक्ष बोले- मैं भावुक हूं... प्रभु श्रीराम के चरणों में समर्पित हूं:** दर्शन करने के बाद इस मौके पर यूपी के विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना भावुक हो गए।

## टेरर फंडिंग: एनआई का कई जिलों में छापा

**टीम एक्शन इंडिया/जम्मू**

**आतंकी** फंडिंग के सिलसिले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने जम्मू कश्मीर के कई जिलों में छापा मारा। जमात ए इस्लामी से जुड़े लोगों के 15 ठिकानों के अलावा एजेंसी ने जम्मू में इस्लामिक मॉडल स्कूल को भी निशाने पर लिया। जानकारी के अनुसार प्रतिबंधित संगठन जमात ए इस्लामी (जेईआई) से जुड़े लोगों के 15 ठिकानों पर शनिवार को एनआईए ने एक साथ जम्मू-कश्मीर के पांच जिलों में छापे मारे। इस दौरान जमात तथा उसकी ट्रस्ट की गतिविधियों से जुड़े आपत्तिजनक दस्तावेज तथा डिजिटल उपकरण बरामद किए गए। साथ ही इस दौरान 20 लाख रुपये से अधिक की नकदी भी मिली। जम्मू से एक निजी स्कूल के चेयरमैन समेत दो लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। केंद्र ने फरवरी 2019 में जमात पर पांच साल के लिए प्रतिबंध लगा दिया था। एनआईए की टीमों ने श्रीनगर में पांच, बडगाम में तीन, कुलगाम में दो, अनंतनाग में एक और जम्मू में चार स्थानों पर

**2 गिरफ्तार**

लोगों के 15 ठिकानों के अलावा एजेंसी ने जम्मू में इस्लामिक मॉडल स्कूल को भी निशाने पर लिया

विभिन्न संदिग्धों के परिसरों पर कार्रवाई कर पूछताछ की। एजेंसी के प्रवक्ता के अनुसार दक्षिण कश्मीर के कुलगाम में जमात के पूर्व अध्यक्ष शेख गुलाम हसन तथा सयार अहमद रेशी के आवास पर भी छापे मारे गए। प्रवक्ता के अनुसार 5 फरवरी 2021 को दर्ज मामले में अब तक की जांच से पता चला है कि जेईआई और उसके सदस्यों ने फरवरी 2019 में यूएपीए के तहत संगठन पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद भी जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी और अलगाववादी गतिविधियों को बढ़ावा देना जारी रखा। प्रतिबंधित संगठन देश के साथ ही विदेश से दान के माध्यम से धन एकत्र कर रहा था।

## बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने की प्रक्रिया शुरू



**टीम एक्शन इंडिया/जोशीमठ**

चारधाम यात्रा 2024 के लिए बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। रविवार को गाडूघड़ा (तेल-कलश) नृसिंह मंदिर जोशीमठ से पूजा अर्चना के बाद योग बदरी पांडुकेश्वर के लिए रवाना हो गया है। पांडुकेश्वर में कुबेर महायज्ञ और श्रीमदभागवत कथा में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने तेल कलश का स्वागत किया। बता दें कि बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि नरेंद्र नगर स्थित राजदरबार में बसंत पंचमी( 14 फरवरी) को तय होनी है। बदरीनाथ- केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने कहा कि बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। 14 फरवरी को सुबह दस बजे से धार्मिक समारोह शुरू हो जाएगा। इसी दिन तेल कलश यात्रा की भी तिथि तय की जाएगी। सबसे पहले डिमरी धार्मिक केंद्रीय पंचायत द्वारा गाडू घड़ा राजमहल को सौंपा जाएगा। इसके बाद राजमहल से तेल कलश में तिलों का तेल पिरोकर कपाट खुलने से पूर्व

**प्रक्रिया**

गाडूघड़ा नृसिंह मंदिर जोशीमठ से पूजा अर्चना के बाद योग बदरी पांडुकेश्वर के लिए रवाना हो गया

बदरीनाथ धाम रवाना होगा। केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि शुक्रवार आठ मार्च शिवरात्रि के अवसर पर पंच केदार गद्दस्थल ओकारेश्वर मंदिर उखीमठ( रूद्रप्रयाग) में विधि-विधान पंचांग गणना पश्चात तय होगी। इसी दिन केदारनाथ भगवान के पंचमुखी भोगमूर्ति के केदारनाथ धाम प्रस्थान का भी कार्यक्रम तय हो जाएगा। इस वर्ष अक्षय तृतीया शुक्रवार 10 मई को है। परंपरागत रूप से गंगोत्री एवं यमुनोत्री धाम के कपाट अक्षय तृतीया को खुलते हैं। अप्रैल माह में गंगोत्री मंदिर समिति एवं श्री यमुनोत्री मंदिर समिति गंगोत्री एवं यमुनोत्री धाम के विधिवत कपाट खुलने की तिथि एवं समय का ऐलान करेंगे।

## फ्लोर टेस्ट पास करेगी एनडीए: सम्राट चौधरी

**टीम एक्शन इंडिया/गया**

**बोधगया के पांच सितारा** होटल महाबोधि होटल एंड रिसोर्ट में आयोजित प्रशिक्षण शिविर के पहले दिन भारतीय जनता पार्टी के सभी विधायक और विधान पार्षद शामिल हुए। कार्यक्रम से पहले उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पत्रकारों से बात की। उन्होंने कहा कि पूर्व से बिहार भाजपा का प्रशिक्षण शिविर 5 फरवरी को आयोजित थी। लेकिन किसी कारण यह कार्यक्रम 10 और 11 को निर्धारित किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में सभी विधायकों और विधान पार्षदों को लोकसभा की तैयारी कैसे करनी है, उसकी जानकारी दी जाएगी। वहीं कार्यक्रम में भाजपा के पांच विधायकों के नहीं आने पर सम्राट चौधरी ने कहा कि भाजपा के सभी विधायक प्रशिक्षण

## हर तरफ धामी...धामी की गूंज, उमड़ा जनसैलाब

**टीम एक्शन इंडिया/चंपावत**

**संग्ज्यू-2024 कार्यक्रम** में शामिल होने चंपावत पहुंचे सीएम पुष्कर सिंह धामी ने लोहाघाट में रोड शो किया। सीएम के रोड शो में भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान लोगों ने जमकर फूल बरसाए। साथ ही धामी-धामी के नारे भी लगाए। पहली बार लोहाघाट पहुंचे मुख्यमंत्री को देखने के लिए दूर-दूर से लोग पहुंचे' करीब एक किलोमीटर के रोड शो के दौरान छत से लेकर सड़कों के दोनों ओर लोगों की भीड़ रही। शहर के लोगों ने पूरे उत्साह के साथ सीएम का स्वागत किया। सीएम ने रोड शो में शामिल सभी लोगों का आभार जताया। वहीं, जनसभा को भी संबोधित किया। कहा कि हमारी मातृशक्ति हमारी ताकत है। हमारी



सरकार महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। सीएम धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिना राम मंदिर बनना मुश्किल था। आज पीएम मोदी के कारण अयोध्या में मंदिर बना। कश्मीर में 370 समाप्त हुआ। पीएम ने देश में महिलाओं के लिए सबसे अधिक काम किए। उनसे सवाल करना चाहिए जिन्होंने 60 साल में महिलाओं के लिए कोई काम नहीं किए। सीएम धामी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हल्द्वानी में हुई घटना में शामिल उपद्रवियों और अराजक तत्वों पर कार्रवाई लगातार जारी है।

**स्वागत**

साथ ही धामी-धामी के नारे भी लगाए। लोहाघाट पहुंचे मुख्यमंत्री को देखने के लिए दूर-दूर से लोग पहुंचे

सभी दंगाइयों को एक-एक करके गिरफ्तार किया जा रहा है। जो भी प्रदेश में अवैध अतिक्रमण है उस पर कार्रवाई निश्चित तौर पर होगी, इस अभियान को रोका नहीं जाएगा। इसके साथ ही सीएम ने 162 करोड़ से अधिक लागत की 45 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर शक्ति स्वरूपा बाल कन्याओं का पूजन भी किया।

## 'पीएम मोदी से मिलना पार्टी विरोध तो स्वीकार्य'

**टीम एक्शन इंडिया/संभल**

**आचार्य प्रमोद कृष्ण**म ने पार्टी से निष्कासित होने के बाद कांग्रेस पदाधिकारियों पर बड़ा हमला बोला। कहा कि वह पार्टी नेतृत्व का कांग्रेस से मुक्ति देने का फरमान जारी करने पर आभार जताते हैं। केसी वेणुगोपाल और मल्लिकार्जुन खरगे यह बताएं कि ऐसी कौन सी गतिविधियां हैं जो पार्टी के विरोध में थीं। क्या राम का नाम लेना,राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण स्वीकारना या श्री कल्कि धाम का शिलान्यास कार्यक्रम में पीएम नरेंद्र



मोदी और सीएम योगी को बुलाना पार्टी विरोध है। आचार्य ने रविवार को संभल के कल्कि धाम में प्रेस वार्ता में कांग्रेस पदाधिकारियों पर हमला बोला। कहा की शनिवार देर

**विरोध**

वह पार्टी नेतृत्व का कांग्रेस से मुक्ति देने का फरमान जारी करने पर आभार जताते हैं : आचार्य प्रमोद कृष्णम

रात पत्रकारों और मीडिया से कांग्रेस पार्टी से चिट्ठी जारी होने की जानकारी मिली। उन्होंने कहा कि प्रियंका गांधी के साथ और भी बड़े नेताओं का अपमान हुआ है। कांग्रेस पार्टी की बबार्दी राममंदिर या कल्कि धाम से नहीं हुई है। बड़े नेताओं के गलत फैसले इसका कारण हैं। जब पार्टी ने हिंदू धर्म का विरोध किया और उसे मैंने गलत बताया तो पार्टी ने अपना चेहरा दिखा दिया। कहा कि राम और धर्म से बड़ा कोई नहीं है। अब जो होगा वह इतिहास में लिखा जाएगा। इसके अलावा सचिन पायलट के सवाल पर कहा कि उनके साथ लगातार गलत हुआ। वह जहर का घूंट पीकर भी अपमान सहन करते रहे।

## करौली में लौह अयस्क के बड़े डिपॉजिट मिले

**जयपुर: राजस्थान के क**रौली में आयरन ओर (लौह अयस्क) के बड़े डिपॉजिट मिलें हैं। खान विभाग ने राजस्थान के करौली में हिण्डोन के पास करीब 1888 हेक्टेयर क्षेत्र में आयरन ओर ब्लॉकों के कंपोजिट लाइसेंस के लिए नीलामी की तैयारी शुरू कर दी है। खान सचिव आनन्दी ने रविवार को बताया कि करौली के हिण्डोन के पास खोड़ा, डेडरोली, टोडुपुरा और लीलोटी में आरंभिक संकेतों के अनुसार आयरन ओर के 840 टन से अधिक डिपॉजिट हैं।

## राजनीति से प्रेरित न होकर व्यक्ति के व्यक्तित्व का सम्मान करती है भाजपा : शेखावत

**जोधपुर: केंद्रीय** जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि भाजपा राजनीति से प्रेरित न होकर व्यक्ति के व्यक्तित्व और गुणवत्ता का सम्मान करने वाली पार्टी है। रविवार को अपने संसदीय क्षेत्र पहुंचे शेखावत ने भारत रत्न से जुड़े पत्रकारों के सवालों पर कहा कि भारत को कृषि की दृष्टि से आत्मनिर्भर बनाने, देश की नई कृषि नीति के निमार्ता और रचयिता डॉ. एम.एस. स्वामीनाथन को भारत रत्न पुरस्कार देकर प्रधानमंत्री ने भाजपा का अन्नदाता के प्रति जो स्नेह और सम्मान है।

## 'अंतरिक्ष से लेकर एआई तक बाधाओं को तोड़ रही नारी शक्ति'

**टीम एक्शन इंडिया/जम्मू**

विज्ञान, प्रौद्योगिकी, नवाचार और गणित (एसटीईएम) में महिलाओं के नेतृत्व प्रक्षेप पथ को बदलने के लिए जम्मू विश्वविद्यालय द्वारा 'जम्मू-कश्मीर महिला विज्ञान कांग्रेस 2024' का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में नेतृत्व करने वाली महिलाओं पर गर्व है। अंतरिक्ष से लेकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तक, उद्यमिता से स्वास्थ्य सेवा तक, शिक्षा से नवाचार तक, कृषि से अनुसंधान तक, नारी शक्ति बाधाओं को तोड़ रही है और नई पीढ़ी को



प्रेरित कर रही है। उपराज्यपाल ने कहा, 'मेरा दृढ़ विश्वास है कि विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अनुसंधान में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी भारत को एक वैश्विक नवाचार महाशक्ति के रूप में बना सकती है। जम्मू-कश्मीर में महिलाओं के नेतृत्व में विकास हमारा मुख्य उद्देश्य है। इस लक्ष्य को हासिल करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।' तीन दिनी जेएंडके महिला विज्ञान कांग्रेस 2024 के आयोजन में विभिन्न संस्थानों से करीब 200 प्रतिभागी शिरकत कर रहे हैं। इसमें 13 सत्र होंगे, जिसमें 15 पूर्ण वार्ता, 21 मौखिक वार्ता, 10 फ्लैश वार्ता, 124 पोस्टर प्रस्तुतियां और लैंगिक असमानता पर पैनल चर्चा होगी। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा सुबह 11 बजे ब्रिगेडियर राजेंद्र सिंह सभागार में कांग्रेस का उद्घाटन करेंगे। कुलपति प्रोफेसर उमेश राय ने बताया कि महिला विज्ञान कांग्रेस का उद्देश्य विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम) में महिलाओं के उत्कृष्ट योगदान का जश्न मनाना और प्रदर्शित करना है।

## ईरानी सेब ने गिराए हिमाचली सेब के दाम



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

**अवैध** रूप से भारत पहुंच रहे ईरान के सेब ने हिमाचली सेब के दाम गिरा दिए हैं। विदेशी सेब सस्ता होने के कारण हिमाचल को अच्छे दाम नहीं मिल पा रहे हैं। हालात यह है कि जुलाई-अगस्त में सीजन के दौरान जो सेब 2000 रुपये बॉक्स बिका था, वह सेब कोल्ड स्टोर से निकालने के बाद अब 1500 रुपये पेटी बिक रहा है। दाम गिरने से बागवानों को प्रति पेटी करीब 800 रुपये का नुकसान हो रहा है। बता दें कि सेब को स्टोर रखने का करीब 300 रुपये प्रति बॉक्स खर्च देना पड़ता है। हर साल हिमाचल का करीब एक करोड़ पेटी सेब स्टोर होता है। ईरानी सेब अफगानिस्तान के रास्ते अवैध रूप से भारत पहुंच रहा है। साफ्ता (साउथ एशियन फ्री ट्रेड एरिया) के चलते बिना शुल्क चुकाए ईरानी सेब भारत पहुंच रहा है। खर्चा कम होने के कारण यह सस्ता है। जानकारी के मुताबिक ईरानी सेब का एक बॉक्स 1,000 से 1,200 रुपये में बिक रहा है। सस्ता होने के कारण हिमाचली सेब को उचित दाम नहीं मिल रहे। दिल्ली की आजादपुर मंडी में रोज ईरानी सेब के 15 से 20 एसी कंटेनर पहुंच रहे हैं। दक्षिण भारत की मंडियों में भी ईरानी सेब की आमद बहुत अधिक है। खरीदारों को ईरानी सेब सस्ता मिल रहा है। हालांकि, मंडियों में निजी कंपनियों के प्रीमियम सेब को अच्छे दाम मिल रहे हैं। अदाणी, बीजा, देवभूमि सहित अन्य कंपनियों ने सीजन में बागवानों से प्रीमियम सेब की किलो के हिसाब से खरीद की थी। अब सेब के अच्छे दाम मिल रहे हैं। आजादपुर फल मंडी दिल्ली की शिवभोला एंड कंपनी के एमडी प्रशांत बतरा ने बताया कि दिल्ली के अलावा देश की अन्य सभी मंडियों में बड़ी मात्रा में ईरानी सेब पहुंच रहा है।

**नुकसान**

1500 रुपये पेटी बिक रहा है। दाम गिरने से बागवानों को प्रति पेटी करीब 800 रुपये का नुकसान हो रहा है

**झटका** विधायक तेजस्वी के आवास पर मुख्यमंत्री के बहुमत परीक्षण को असफल करने की योजना पर बातचीत के लिए ठहरे

## तेजस्वी यादव के घर राजद के 76 विधायक ही नजरबंद

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**

**मुख्यमंत्री नी**तीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाईटेड के विधायकों को अपने संपर्क में होने का दावा करने वाली लालू प्रसाद यादव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल को जोर का झटका लगा है। सजा पाकर आजाद हुए बाहुबली आनंद मोहन के बेटे और सजायाफ्ता बाहुबली अनंत सिंह की पत्नी समेत एक दर्जन विधायकों के रडार से बाहर जाने की खबर से बेचैन राजद ने तेजस्वी यादव के आवास में अपने सारे विधायकों को बुलाया और जब 'सारे' आ गए तो बताया गया कि अब सीधे बहुमत परीक्षण के दिन ही निकलना है यहां से। यहां



सारे का मतलब 79 होना चाहिए, लेकिन अंतिम तौर पर गिनती 76 पर अटक गई है। सूत्रों के अनुसार, तीन विधायक नहीं आए। उनमें तो एक पिछली सरकार में मंत्री भी थे।

**चेतन आनंद तो पहुंच गए, मगर सोचा नहीं था:** राजद नेताओं का दावा है कि उसके सभी विधायक पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के आवास पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बहुमत परीक्षण को असफल करने की योजना पर बातचीत के लिए ठहरे हैं। राजद का जोर है कि सभी विधायक यहां हैं। 'अमर उजाला' ने इससे पहले की अपनी खबर में उनकी बताई जानकारी भी दी है।

विधायकों को नजरबंद किए जाने की खबर से पहले 'अमर उजाला' ने सुबह सबसे पहले बता दिया था कि अब खरीद-फरोख्त की भी बात चल रही है। मतलब, हॉर्स ट्रेडिंग की खबर है। इसके बाद यह भी खबर सामने लायी गई कि अनंत सिंह की पत्नी नीलम देवी और आनंद मोहन के बेटे चेतन आनंद किन वजहों से राजद से दूर हो रहे हैं। ऐसी खबरों से घबराए राजद ने अचानक तीन बजे अपने सभी विधायकों को तेजस्वी यादव के आवास पर बुला लिया। यह बुलाहट एक व्हिप की तरह थी, जिसके कारण चेतन आनंद पहुंच गए।

चेतन आनंद ने अपने राजद छोड़ने की बातों को अफवाह करार दिया। वैसे, शायद ही उन्हें भी बाकी की तरह अंदाजा नहीं होगा कि वह नजरबंद कर लिए जाएंगे।

**बेचैनी बढ़ी**

जब 'सारे' आ गए तो बताया गया कि अब सीधे बहुमत परीक्षण के दिन ही निकलना है यहां से

## देश विरोधी गतिविधियों में शामिल 154 कर्मचारियों को दिखाया बाहर का रास्ता

**टीम एक्शन इंडिया/जम्मू**

**देश** विरोधी गतिविधियों में शामिल पाए जाने के बाद 154 सरकारी कर्मचारियों को सेवा से हटा दिया गया है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने श्रीनगर में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि देश के खिलाफ साजिश रचने वालों के खिलाफ भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेंगी। जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद और अलगाववाद के लिए अनुच्छेद 370 को जिम्मेदार ठहराते हुए एलजी ने पिछली सरकारों पर कटाक्ष किया। उपराज्यपाल ने पिछली प्रदेश की सरकारों पर पर जम्मू-कश्मीर को अशांति की ओर धकेलने का आरोप लगाया।